हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, रविवार, 29 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 178, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई की टीम ने मुगमा कोलियरी के प्रबंधक और क्लर्क को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

धनबादः सीबीआई की टीम ने कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्र और क्लर्क गौर रवानी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। सीबीआई की टीम दोनों को से मुगमा स्थित ईसीएल के गेस्ट हाउस में पूछताछ कर रही है।

### बांग्लादेशी घुसपैठ मामला : झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी सरकार



रांची : संथाल इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जायेगी. राज्य सरकार की ओर से अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल कर हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त किये जाने की मांग की जायेगी. एसएलपी दायर करने से पहले सभी कानूनी पहलुओं पर विचार कर लिया गया है. राज्य सरकार हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देगी, जिसमें अदालत ने घुसपैठ की जांच के लिए केंद्र और राज्य सरकार से फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित करने और इसके लिए दो अधिकारियों का नाम 30 सितंबर से पूर्व अदालत को बताने का निर्देश दिया था. बता दें कि जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. इस याचिका पर अब तक की हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही है. वहीं केंद्र ने अपने हलफनामे में यह भी बताया है कि संथाल इलाके में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या में कई गुणा इजाफा हुआ है और आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी से मात्र 28 फीसदी रह गयी है. हालांकि बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा घुसपैठ किये जाने को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गयी है. दानयाल दानिश की जनहित याचिका 1 अक्टूबर को सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के सूचीबद्ध है.

### धनबाद के कुमारधुबी में ट्रेन से गिरकर भागलपुर के युवक की मौत

धनबाद(ईएमएस)।कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को ट्रेन से गिरकर भागलपुर के युवक की मौत हो गई।संभवतः पोल से टकराने से उसकी मौत हुई है। युवक के सिर के पीछे गंभीर चोट के निशान मिले हैं।उसका शव रेलवे ट्रैक किनारे पोल संख्या 233/17 के पास औंधे मुंह पड़ा हुआ था। शिवलीबाड़ी मंडाधौड़ा के लोगों ने सुबह में रेलवे ट्रैक के किनारे शव पड़ा देखा। मृतक की पैंट की जेब में मोबाइल की घंटी बज रही थी।लोगों ने जेब से मोबाइल निकालकर परिजनों व कुमारधुबी पुलिस को घटना की सूचना दी।कुमारधुबी पुलिस व बराकर सीआरपीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया।मृत युवक का नाम अनुराग कुमार है।वह भागलपुर का रहने वाला था।परिजनों ने बताया कि वह अपने बड़े भाई के साथ शुक्रवार रात वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रांची जा रहा था। बड़े भाई को सीएम हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र लेना था। बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि अनुराग कुमार देर रात शौच के लिये ट्रेन के शौचालय में गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा. शायद गेट पर वह खड़ा होगा और झपकी आने से वह ट्रेन से गिर गया होगा।

### मोदी की रैली के बाद बीजेपी जारी करेगी घोषणापत्र, हिमंता बिस्वा सरमा ने दी जानकारी

रांची(ईएमएस)।झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी ने तीन अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगी। झारखंड में बीजेपी के सह प्रभारी और असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र के मुख्य बिंदुओं को जारी करना शुरू करेगी।इस दौरान उन्होंने जेएमएम और गठबंधन सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।असम सीएम हिमंता सरमा ने कहा कि हम अपने घोषणापत्र के मुख्य बिंदुओं को तीन अक्टूबर से जारी करना शुरू करेंगे।उन्होंने बताया कि पीएम दो अक्टूबर को हजारीबाग में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा की समापन रैली को संबोधित करेंगे और इसके साथ यह यात्रा समाप्त हो जाएगी। हिमंता सरमा पार्टी के चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को हजारीबाग आए थे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुरू की गई बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का लक्ष्य दो अक्टूबर तक झारखंड के 24 जिलों के 81 विधानसभा क्षेत्रों में 5400 किलोमीटर की दूरी तय करना है।हिमंता सरमा ने घुसपैठियों के मुद्दे पर झामुमो को घेरा और कहा कि यह गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण देती है।

### 91 अंचल के अंचल अधिकारियों का तबादला, राम प्रवेश बने नामकुम के अंचलाधिकारी

रांची : राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर अंचल अधिकारियों का तबादला किया है. भू-राजस्व विभाग ने 91 अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित अधिसूचना शुक्रवार देर रात जारी की है. राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया है. वहीं मो. अनीस को इटकी, राजेश कुमार को नगड़ी, चंचला कुमार को मांडर, हंस हेंब्रोम को बुंडू, प्रवीण कुमार सिंह को सिल्ली, शिशुपाल आर्य को खूंटी सदर, मनोज कुमार चौरसिया को पतरातू रामगढ़, मनोज कुमार को बड़कागांव (हजारीबाग) और बिजय कुमार महतो को कटकमदाग (हजारीबाग) का सीओ बनाया गया है.

### लोक अदालतों में 14.16 लाख से अधिक मामले निपटाये गये, 13.82 अरब रुपए से ज्यादा का सेटलमेंट

रांची : झालसा के दिशा-निर्देश पर हाईकोर्ट समेत जिला अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गयी. इसका उद्घाटन हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने किया. राष्ट्रीय लोक अदालत में झारखंड में कुल 14,16,114 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया. वहीं 13,82,76,78,746 रुपए का सेटलमेंट किया गया. हाईकोर्ट से लेकर अनुमंडल न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगायी गयी थी. लोक अदालत में अलग अलग कोर्ट में लंबित 1,11,405 मामले और प्री-लिटिगेशन के 13,04,709 मामलों का निष्पादन किया गया. हाईकोर्ट में आयोजित लोक अदालत में कोर्ट में लंबित 26 एवं प्री-लिटिगेशन के 10 मामले कुल 36 मामलों का निष्पादन किया गया.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में कांस्टेबल बहाली की दौड़ के दौरान 15 युवाओं की मौत पर कहा

# कांस्टेबल बहाली की दौड़ में मौत मामले की जांच में मदद करे केंद्र




रांची (ईएमएस)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में उत्पाद विभाग में कांस्टेबल बहाली की दौड़ के दौरान 15 से अधिक युवाओं की मौत एक गंभीर मामला है और इस घटना की जांच के लिए केंद्र को मदद करनी चाहिए। कोविड के बाद शारीरिक दक्षता वाले इम्तिहानों में इतनी बड़ी संख्या में मौतें चिंता का विषय हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि झारखंड के युवा इतनी आसानी से कमजोर कैसे हो सकते हैं कि पांच-दस किलोमीटर की दौड़ भी पूरी नहीं कर पाए। इस घटना की तह तक जाने और इसके पीछे के कारणों को समझने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है और जांच में मदद की मांग की है। यह बयान उन्होंने रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जहां उन्होंने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 527 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। सोरेन ने यह भी कहा कि आने वाले समय में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां होंगी, जिसमें शारीरिक दक्षता की परीक्षा होगी, और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने 2019 में सरकार बनने के बाद सामने आई चुनौतियों और कोविड के कारण धीमी हुई नियुक्तियों की प्रक्रिया पर भी बात की। सरकार ने नियमावलियां बनाकर नियुक्ति प्रक्रियाओं को तेज किया है। जेपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा की प्रक्रिया भी रिकॉर्ड समय में पूरी की गई है। सोरेन ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद पर भी अपनी बात रखी, यह कहते हुए कि मीडिया में सरकार पर कालिख पोतने की कोशिश हो रही है, जबकि सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है और लगातार नियुक्तियां कर रही है।

#### सीएम हेमंत सोरेन ने मेकॉन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को मेकॉन के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।इससे पहले वे डोरंडा के जैप वन सभागार में श्रम विभाग की ओर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अचानक सीएम का काफिला मेकन चौक पहुंचा।वहां पर सीएम ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का जायजा लिया।साथ ही वहां मौजूद अफसरों और कर्मियों से फ्लाईओवर के कामकाज की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीएम के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी थे।

## झारखंड युवा सदन 4.0 में मानव तस्करी विधेयक बिल पेश



रांची : रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस के सभागार में आयोजित झारखंड युवा सदन 4.0 के दूसरे दिन शनिवार को राज्य के 81 विधानसभा से आये 130 युवाओं ने सदन में अपना परिचय दिया. सत्र की शुरुआत में स्पीकर (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के अधिवक्ता ऋषिनद्र विक्रम सिंह) ने आधे आधे घंटे तक पक्ष व विपक्ष के विभिन्न युवाओं को अपने-अपने क्षेत्र की जन समस्याओं को सदन मे रखने का मौका दिया.

प्रश्नकाल में विधायकों ने मंत्रियों से राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर सवाल किया. ज़ीरो आवर में राज्य के अतिआवश्यक सार्वजनिक महत्व के मुद्दे पर परिचर्चा हुई. इसके बाद गृह मंत्री ने झारखंड मे मानव तस्करी के रोकथाम के लिए सदन में मानव तस्करी विधेयक बिल पेश किया. युवा सदन के अध्यक्ष आकाश पाण्डेय ने बताया कि हमारे राज्य में मानव तस्करी एक ज्वलंत मुद्दा है, जिसपर लोग चर्चा नहीं करते. राज्यवासियों को इस विषय में सचेत और सजग बनाने के उपदेश्य से मानव तस्करी विधेयक बिल को युवा सदन 4.0 मे पेश किया गया है. युवा सदन के निदेशक कृष्णानु आनंद ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले कई वर्षों से राज्य में मानव तस्करी का जंजाल फैला हुआ है. राज्य की अशिक्षित गरीब लोगों को बहला फुसला कर बड़े शहरों मे कहीं बंधुआ मजदूर तो कहीं नौकर बनाकर बेच दिया जाता है. मानव तस्करी के इस नेटवर्क में भोले-भाले गरीब लोगों को कई बुरे कामों मे भी झोंक दिया जाता है. नेता प्रतिपक्ष ने मानव तस्करी विधेयक बिल का विरोध किया.

## झारखंड पुलिस की रिपोर्ट : 5277 पंडालों में होगी दुर्गा पूजा

### 2346 लाइसेंसी व 2931 गैर लाइसेंसी



रांची : दुर्गा पूजा की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी. झारखंड के सभी जिलों में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा. सभी जगहों पर पूजा पंडाल का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है. झारखंड पुलिस की रिपोर्ट की मानें तो राज्य में इस बार 5277 पंडालों में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा. इनमें 2346 पूजा पंडाल लाइसेंसी और 2931 गैर लाइसेंसी हैं. रिपोर्ट के अनुसार, जमशेदपुर में सबसे अधिक 408 लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल हैं. वहीं गढ़वा में 640 गैर लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल बन रहे हैं. दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में विधि व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न ना हो, इसको लेकर भी झारखंड पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रही है. मुख्य सचिव ने शुक्रवार को विधि व्यवस्था रांची में एक अहम बैठक की थी. इसमें पुलिस के आला अधिकारी भी शामिल हुए. मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने पुलिस पदाधिकारियों को इस बैठक में जरूरी निर्देश दिये.

## 10 लाख रुपए का इनामी जोनल कमांडर नक्सली ने किया आत्मसमर्पण




गिरिडीह(ईएमएस)। गिरिडीह जिले की पुलिस के समक्ष शनिवार को एक हार्ड कोर नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया है। गिरिडीह पुलिस लाइन में आयोजित आत्मसमर्पण के बाद डीआईजी हजारीबाग सुनील भास्कर ने पत्रकारों को बताया कि सरकार की सरेंडर पॉलिसी से प्रभावित होकर राम दयाल महतो ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। डीआईजी ने बताया कि गिरिडीह और धनबाद जिले में रामदयाल महतो के ऊपर 54 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि रामदयाल महतो पर सरकार ने 10 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। उन्होंने बताया कि ये नक्सलियों के थिंक टैंक थे।सरेंडर किए हुए नक्सली राम दयाल महतो ने कहा कि वह अपनी खुशी से मुख्य धारा में शामिल हो रहे है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की है कि वे भी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दे।प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल भी उपस्थित थे।

## सीसीएल में कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन



रांची(ईएमएस)। सतर्कता जागरुकता अभियान 2024 के अंतर्गत सतर्कता विभाग के सहयोग से सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग में कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।इसमें सीसीएल के सतर्कता विभाग,मानव संसाधन विकास विभाग के अधिकारियों सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के छत्तीस अधिकारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, पूर्व निदेशक (कार्मिक) महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एलएन मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक मानव संसाधन विभाग रमाकांत पांडे ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स के महत्व एवं अनुपालन पर प्रकाश डाला। सीवीओ पंकज कुमार ने प्रतिभागियों को कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स का अध्ययन, अक्षरशः अनुपालन करने और दूसरों को भी इसके अनुपालन के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

## केंद्र सरकार ने अपने 65 लाख पेंशनरों को दी बड़ी राहत

# पेंशन मिलने में नहीं होगी देरी, महीना खत्म होने से पहले जमा होगी राशि




नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने अपने 65 लाख पेंशनरों को बड़ी राहत प्रदान की है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) को पेंशनभोगियों की तरफ से ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि उनकी पेंशन राशि देरी से मिल रही है। यह भी देखने को मिला है कि कुछ पेंशनभोगियों को उसी महीने के आखिर में पेंशन नहीं मिल रही है। खाते में पेंशन राशि आने की प्रक्रिया में अगले माह के भी कुछ दिन गुजर जाते हैं। इन सबके चलते वित्त मंत्रालय ने पेंशन के भुगतान में हो रही देरी को गंभीरता से लिया है। अब सभी पेंशनभोगियों को महीने के आखिर में पेंशन मिल जाएगी। केंद्रीय पेंशन प्रसंस्करण केंद्र (सीपीपीसी) द्वारा महीने के अंतिम कार्य दिवस के पूर्वाह्न तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से एक रिपोर्ट भेजनी होगी। ई-पीपीओ साइट पर यह बताना होगा कि महीने के आखिर में इतने पेंशनभोगियों के खाते में तय राशि भेज दी गई है।

बता दें कि वित्त मंत्रालय को मासिक पेंशन और पारिवारिक पेंशन मिलने में हो रही देरी को लेकर अनेक शिकायतें मिल रही थी। चूंकि रिटायरमेंट के बाद अधिकांश लोगों का पेंशन पर ही जीवन बसर होता है, ऐसे में पेंशन का देरी से पहुंचना, उनके लिए परेशानी का सबब बन रहा है। पेंशन में देरी को लेकर उन्हें अपने बुढ़ापे की अवस्था में संबंधित विभाग या बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं।

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) ने इस तरह की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। सभी बैंकों के सीपीपीसी खुले हैं। विभाग से पेंशन लेकर उसे संबंधित पेंशनधारक के खाते में सीपीपीसी ही रिलीज करता है। पेंशन/पारिवारिक पेंशन, पेंशनभोगी के खाते में उस महीने के अंतिम कार्य दिवस तक पहुंच जानी चाहिए। मार्च महीने को छोड़कर, जिसमें पेंशन को अगले महीने यानी अप्रैल के पहले कार्य दिवस पर जमा किया जाना चाहिए। बाकी के महीनों में आखिरी दिन या उससे पहले पेंशन राशि जमा हो जाए। मतलब, महीना खत्म होने से पहले ही पेंशनधारक के खाते में पैसा आ जाना चाहिए। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) द्वारा 20 सितंबर को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि समय-समय पर पेंशनभोगियों के साथ-साथ पारिवारिक पेंशनभोगियों से उनके खातों में मासिक, पेंशन/पारिवारिक पेंशन जमा होने में देरी के बारे में शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। मासिक पेंशन/पारिवारिक पेंशन के क्रेडिट में देरी से वृद्धावस्था पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को परिहार्य वित्तीय कठिनाई और चिंता का सामना करना पड़ता है।

अब सीपीपीसी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि मासिक पेंशन/पारिवारिक पेंशन निर्धारित समयसीमा के अनुसार हर महीने पेंशनभोगी/पारिवारिक पेंशनभोगी के खाते में जमा कर दी जाए। निर्धारित समय सीमा से परे पेंशन/पारिवारिक पेंशन जमा करने में किसी भी देरी को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा। इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए। पेंशन/पारिवारिक पेंशन के समय पर संवितरण की निगरानी के लिए, सभी सीपीपीसी को मासिक पेंशन/पारिवारिक पेंशन के क्रेडिट के संबंध में महीने के अंतिम कार्य दिवस के पूर्वाह्न तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### सीएम ने बांटी परिसंपत्तियां, सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले

# हमारी योजनाओं को रोकने का षड्यंत्र कर रही भाजपा

रांची : सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद कराने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया. राजधानी रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमने राज्य में आधी आबादी को सम्मान और आर्थिक रूप से मदद के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की, तो उसे रुकवाने के लिए इनके लोग कोर्ट चले गए. केवल एक यही मामला नहीं है, हमने स्थानीयता नीति बनाई, बच्चों को नौकरी देने के लिए परीक्षाएं कराईं, तो उसके खिलाफ भी ये लोग कोर्ट चले गए. हमारी योजनाएं इन्हें खटक रही हैं. इन्हें सांप सूंघ गया है.



### छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप स्वीकृति पत्र सौंपे

सीएम ने रांची के खेलगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप स्वीकृति पत्र और कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. इसके पूर्व उन्होंने एक अन्य कार्यक्रम में श्रम विभाग में नवनियुक्त 444 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा. सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने मात्र दो साल में युवाओं की पढ़ाई से लेकर रोजगार और नौकरियों के सृजन की कई योजनाएं शुरू की हैं. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोग आसान दरों पर लोन लेकर स्वरोजगार शुरू कर रहे हैं. इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए जरूरतमंद छात्रों की मदद के लिए सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की, जिसमें बगैर किसी गारंटी के अत्यंत कम ब्याज दर पर 15 लाख तक का कर्ज आसानी से मिल रहा है.

### अपना राज्य संभल नहीं रहा, यहां कर रहे साजिश

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला सलूक करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, हम राज्य के लाखों गरीबों के आवास के लिए केंद्र की सरकार के पास नाक रगड़ते रहे, लेकिन उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत हमें राशि नहीं दी. इसके बाद हम अपनी सरकार की ओर से अबुआ आवास योजना लेकर आए, जिसमें 20 लाख गरीबों को आवास देने का लक्ष्य रखा है. यह आवास पीएम आवास की तुलना में ज्यादा बड़ा और बेहतर है. सोरेन ने कहा कि झारखंड में चुनाव होने वाले हैं, तो पता नहीं कहां-कहां से नेता आ गए हैं. उन्होंने गिद्धों की तरह झारखंड के आसमान को ढंक लिया है. उन राज्यों के सीएम भी यहां घूम रहे हैं, जिनका अपना राज्य बाढ़ में डूब रहा है. उनसे अपना राज्य तो संभल नहीं रहा और यहां अपनी ही पीठ थपथपाने चले आए हैं. ये लोग हमारी सरकार के खिलाफ लगातार साजिश रच रहे हैं.

### 29 ट्रेडों के प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति पत्र बांटे

इससे पूर्व सीएम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को 29 ट्रेडों के प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति पत्र बांटे. कहा कि वर्तमान समय में तकनीक की दुनिया है. इसमें हर व्यक्ति को दक्ष और हुनरमंद होना जरूरी है. क्योंकि अब वक्त की गति बढ़ गई है. कम समय में लंबी दूरी तय करनी होती है. ये कार्यक्रम जैप वन के शौर्य सभागार में श्रम नियोजन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था.उन्होंने प्रशिक्षण अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित पॉलिटेक्निक केंद्रों से आपको एक नई दिशा दी गई.

सरकार की नीतियों के अनुसार आपको राज्य और देश के विभिन्न कंपनियों में काम करने का मौका मिलेगा. सीएम ने कहा कि आज खोजने से भी समय नहीं मिलता है. समय का घोर अभाव है. उन्हों नियुक्ति पत्र पाने वाले प्रशिक्षण अधिकारियों से कहा कि अब आप लोग ऐसे समय में प्रवेश कर रहे हैं, जहां अपनी सूझ-बूझ और हुनर से रफ्तार से आगे बढ़ेंगे.

सीएम ने कहा कि इस बार चुनौतियां विशेष रूप से रहीं. लेकिन हमलोगों ने कभी हार नहीं माना. कभी थकान महसूस नहीं किया. उन्होंने कहा कि इस साल कैंपस के तहत 3000 विद्यार्थियों को सरकार द्वारा टाटा मोटर्स, होंडा, हिताची, मारुति सूजिकी सहित अन्य कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया गया. इसके पीछे आपलोगों का प्यार और आशीर्वाद रहा.

### सीएम ने सांकेतिक रूप से इन्हें सौंपे नियुक्ति पत्र

सीएम ने सांकेतिक रूप से निर्मल कुजूर, अल्फोंसा मुर्मू, अजीत सिंह मुंडा,शिवानी प्रधान, अमित भुईयां, नितेश बैठा,शशि प्रताप कुजूर, सुनीता कुमारी, जीतेंद्रनाथ मुर्मू, ज्ञान प्रकाश हेंब्रम, सुनील कुमार यादव,उफरान अख्तर, सोना कुमारी, जीतेंद्र रजक, विष्णु उरांव, ऊषा किरण मुर्मू, जयंत बनर्जी, दिनेश सोरेन, प्रेम किस्कू, विक्रांत सागर मिंज, हीरालाल साहा, जियाराम हेंब्रम, पप्पू कुमार यादव, योगेश कुमार, विभा कुमारी, संजय सांगा, अनिशा खातून, हेमंत कुमार और कुमारी पूजा महतो को नियुक्ति पत्र सौंपा.

### हम यह नहीं कह सकते कि सौ फीसदी काम पूरे हुए

सीएम ने कहा कि हम नहीं कह सकते हैं कि हमने शत प्रतिशत सारे काम को पूरा किया. हमने सरकार बनाई तो दो साल तक कोरोना का उठा पटक थी. आपलोगों ने अभी अभी शिक्षा ग्रहण की है. आपको पता है कि साल में कितने दिन तक कार्यालय चलते हैं. इतने कम समय में चाहे जेपीएससी के माध्यम से हो, जेएसएससी के माध्यम से हो, चाहे अलग-अलग विभागों के नियुक्ति पत्र वितरण हो, या एग्जाम कंडक्ट करने की प्रक्रियो चल रही हो, ये सारी प्रक्रिया तेजी से चल रही है.

## संक्षिप्त खबरें

### निदेशक प्रभारी ने सी आर एम -III विभाग में लिया सुरक्षा पहलुओं का जायज़ा



बोकारो : बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने आज दिनाँक 28 सितम्बर को संयंत्र के सी आर एम -III विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायज़ा लिया. इस दौरान उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एल दास, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) बी के सरतापे, मुख्य महा प्रबंधक (सी आर एम -III) अरुण कुमार सहित सी आर एम -III विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे. निदेशक प्रभारी तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान सी आर एम -III विभाग के कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की, साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया. निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

### जीएपी मामलों में पूर्व कर्मचारियों के लिए 04 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन मेडिक्लेम नवीनीकरण का विस्तारण

बोकारो : जीएपी मामलों में ऐसे पूर्व कर्मचारियों के लिए जिन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद मेडिक्लेम नहीं लिया है या पिछले वर्षों के दौरान उनकी मेडिक्लेम सदस्यता के नवीनीकरण में कोई अंतर है उनके लिए ऑनलाइन मेडिक्लेम नवीनीकरण का विस्तारीकरण 04 अक्टूबर 2024 तक किया गया है. पूर्व कर्मचारियों को मेडिक्लेम के लिए पोर्टल "sahyog.bokarosteel.in" पर जाकर अपना फॉर्म भरना होगा. फॉर्म जमा होने के दो दिन बाद (48 घंटे) में डिमांड नोट जेनरेट हो जाएगा तथा स्वीकार्य प्रीमियम राशि का भुगतान ऑनलाइन करना होगा.

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 170 सफाई मित्रों का किया गया हेल्थ चेक-अप



बोकारो : स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज दिनाँक 28 सितंबर को बोकारो जनरल हॉस्पिटल तथा बीएसएल के ओएचएस सेंटर (प्लांट मेडिकल) में प्लांट परिसर में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए एक हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया. बोकारो जनरल हॉस्पिटल में बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय के नेतृत्व में वरीय चिकित्सकों के द्वारा 127 सफाई मित्रों का हेल्थ चेक-अप किया गया. ओएचएस सेंटर (प्लांट मेडिकल) में कैंप का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालिग्राम सिंह ने किया. इस अवसर पर ओएचएस सेंटर के प्रभारी डॉ आर कुमार, डॉ. मनीष कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट सुधीर भानू, कनीय प्रबंधक सुश्री सपना उपाध्याय, ओटी असिस्टेंट श्री सुरेंद्र शर्मा, लैब तकनीशियन श्री दिनेश कुमार, श्री सुमित कुमार, और श्री महिपाल चौधरी के द्वारा सफाई मित्रों का हेल्थ चेक-अप किया गया. ओएचएस सेंटर (प्लांट मेडिकल) के कैंप में 43 सफाई मित्रों का हेल्थ चेक-अप किया गया.

## जनता का हक लूटने वालों को कामयाब नहीं होने देंगे : मंत्री मिथिलेश

गढ़वा(ईएमएस)।पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। बेटी, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। तब भाजपा के लोग कोर्ट में जाकर उसको रोकने का प्रयास कर रहे हैं। जनता का हक लूटने वालों की साजिश हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे।हर हाल में बेटी, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का पैसा मिलेगा।मंत्री ठाकुर मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे।श्री ठाकुर ने कहा कि अभी आपके बीच बहुत सारे लोग घूम रहे हैं।वे आपके फायदा के लिए नहीं बल्कि किसी तीसरे का फायदा के लिए काम कर रहे हैं।वे किसी का एजेंट बने हुए हैं। चाहे वह 17 साल वाले हों, चाहे एआईएमआईएम के हों।ये सभी किसी तीसरे व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। इनको वहां से लाभ मिल रहा है।आप जब तक एकजुट होकर नहीं रहेंगे, ऐसे लोगों को समाज से नहीं भगायेंगे तो आप ही का नुकसान होगा।उन्होंने कहा कि सरकार आज जितनी भी योजनाएं चला रही है ये सब बंद कर देंगे। अपने हक एवं अधिकार के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ उसी व्यक्ति को चुनें जो आपके लिए काम कर रहा है।शनिवार को मंत्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड अंतर्गत चामा पंचायत के ग्राम गोबरदाहा में समदा टोला प्रा वि के समीप, तेलायदह यादव टोला प्रा वि के समीप, कुसमही आंगनबाड़ी केंद्र के समीप, ग्राम चामा में उर्दू मध्य विद्यालय के समीप, सलवनमा टोला प्रा वि के समीप, चामा चरका पत्थर टोला में जब्बार अंसारी के घर के समीप,चामा हरिजन मुहल्ला में सामुदायिक भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नसीम अंसारी, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गांडेय में डायरिया से महिला की मौत,गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

गिरिडीह (ईएमएस)। गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के ठाडीमहुआ गांव में शनिवार की सुबह डायरिया से एक महिला पतिया देवी की मौत हो गई। 53 वर्षीया पतिया देवी झगरू भोक्ता की पत्नी थी।ज्ञात हो कि गांव के झगरू भोक्ता का परिवार बीते पांच दिनों से डायरिया से पीड़ित है। झगरू भोक्ता और उसके बेटे दीपक भोक्ता का इलाज धनबाद के अस्पताल में चल रहा है। अन्य पीड़ितों में बहू शांति देवी और उसका डेढ़ साल का बेटा अर्जुन भोक्ता शामिल है।गांव में डायरिया फैलने की खबर गांडेय स्वास्थ्य टीम को बीते गुरुवार को मिली थी। इसके बाद स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची थी और जांच-पड़ताल कर पीड़ित परिवार के घर के अगल-बगल फैली गंदगी व जल जमाव के आसपास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया था। झगरू भोक्ता की पत्नी की मौत की सूचना पर गांडेय सीएचसी की टीम शनिवार को गांव पहुंची और पीड़ित व्यक्तियों का इलाज किया।

## बंग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेगी भाजपा : बाबूलाल



गोड्डा(ईएमएस)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पोड़ैयाहाट मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर कोई सबसे ज्यादा कोई प्रभावित हुए हैं तो वो हमारे आदिवासी समाज के लोग हैं।आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी सबसे ज्यादा आदिवासियों की जमीन और आदिवासियों की इज्जत लूटी गई है।सरकार ने 1000 करोड़ का खनन घोटाला किया है।साथ ही सेना की जमीन को भी लूट खाया,हेमंत सरकार ने झारखंड को लूट और झूठ के सिवाय कुछ नहीं दिया है।बंग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है। अगर यही हाल रहा तो आगामी दिनों में आदिवासियों के लिए खतरा है।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो बंग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा।भाजपा ही आदिवासियों के माटी, रोटी और बेटी की रक्षा कर सकती है।इसके लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी होगी।1951 में आदिवासियों की संख्या 36 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 26 प्रतिशत रह गई है।वहीं संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी, जो कम होकर 28 प्रतिशत पहुंच गई है।झारखंड में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड के बालू को मुंबई, कोलकाता और अन्य शहरों में बेचा जा रहा है। पहाड़ों से पत्थर की खुदाई की जा रही है और उसे बेचा जा रहा है।सेना की जमीनों को भी नहीं छोड़ा गया। झामुमो सीएनटी एक्ट की रक्षा करने का दावा करती है और दूसरी ओर हेमंत सोरेन ने ही सीएनटी एक्ट का सबसे अधिक उल्लंघन किया है।सीएनटी एक्ट में फर्जीवाड़ा कर झारखंड की जमीन बेचने का काम किया है।लोगों की जमीन में गड़बड़ी की है और अब जब लोग जमीन का दस्तावेज ठीक कराने जा रहे हैं तो अफसर उनसे पैसे मांग रहे हैं।श्री मरांडी ने वादा किया कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव में अफसर जाकर लोगों की जमीन के दस्तावेज ठीक करने का काम करेंगे, अगर नहीं करेंगे तो उन्हें जेल भेजा जायेगा।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भाजपा सरकार महिलाओं को सम्मान निधि दे रही है, झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो भाजपा ही महिलाओं का सम्मान करेगी।आगे कहा कि अगर हेमंत सोरेन की नीयत ठीक होती तो पहले ही इस योजना को लेकर आते। इस सरकार ने नौकरी तो दी नहीं लेकिन उत्पाद सिपाही बहाली के नाम पर युवाओं को इतना दौड़ाया की उनकी मौत हो गई। भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसने किसी को ठगने का काम नहीं किया।भाजपा जो वादा करती है, उसे पूरा करती है।

कार्यालय,
धनबाद नगर निगम, धनबाद

दूरभाष :–18008904160 ई-मेल : dhanbadmunicipalcorporationadm@gmail.com

-:शुद्धि पत्र:-

इस कार्यालय के पत्रांक 1743, दिनांक 18.09.2024 एवं पीआर नं0 335941 द्वारा प्रकाशित एतद् द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि "स्वस्थ और स्वच्छ फूड स्ट्रीट, बस स्टैंड, बरटांड़ के पास 30 वर्षों के लिए स्ट्रीट फूड स्टॉल/कियोस्क आवंटन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (**DMC/24/2024-25**), दिनांक 18.09.2024 के अंतर्गत प्रकाशित विवरणिका में आवेदन शुल्क और आवश्यक दस्तावेजों में आंशिक बदलाव किये गए है जो निम्नवत् है :–

**आवेदन शुल्क और आवश्यक दस्तावेजों :–**

**SUSV** योजना के अंतर्गत चिन्हित वेंडर्स को आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क– 100/– (एक सौ) रू0 तथा Hygienic प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों को 1000/– (एक हजार) रू0 तथा अन्य (नए इच्छुक आवेदक) को 500/– (पाँच सौ) रू0 का Demand Draft, in favor of Municipal Commissioner, DMC, payable at Dhanbad में, धनबाद नगर निगम में जमा करना होगा।

Hygienic प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों को अन्य दस्तावेज के साथ–साथ MSME, TRADE LICENCE, GST प्रमाण पत्र, ITR से संबंधित दस्तावेज तथा धनबाद के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत अनुशंसा पत्र भी जमा करना होगा। नए इच्छुक आवेदक को अन्य दस्तावेज के साथ–साथ प्रस्तावित स्ट्रीट फुड स्टॉल से संबंधित संपुर्ण विवरणी (यथा– खाद्य मेनु, स्टॉल का नामांकरण, मुल्य निर्धारण, कार्यान्वयन योजना इत्यादि ) की प्रस्तुति तथा खाद्य से संबंधित विशेष टीम या कार्यानुभव भी जमा करना होगा।

**शेष यथावत् रहेंगें।**

प्रशासक–सह–
नगर आयुक्त,

**PR.NO.337508 Urban Development and Housing(24-25):D**

जिला परिषद, धनबाद

पत्रांक–1062/जि0प0, धनबाद, दिनांक–28.09.2024

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–5/2024-25/ZPDH/DHANBAD

| क्र | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | B.O.Q. मूल्य | अग्रधन राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15वें वित्त आयोग (आबद्ध) मद | | | | |
| 1 | तोपचाँची | तोपचॉची थाना परिसर में डीप बोरिंग (2) तोपचॉची भवानी चौक के समीप सोलर अधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (3) चैता पंचायत अन्तर्गत मंडल टोला शमशान में घाट निर्माण | 14,51,500 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 2 | निरसा | बेनागड़िया पंचायत अन्तर्गत ग्राम हिकीमाडाल टोला मानसिंहडीह में डीप बोरिंग (2) सोनबाद पंचायत अन्तर्गत पाहड़ी दुर्गा मन्दिर के सामने डीप बोरिंग (3) घाघरा पंचायत अन्तर्गत ग्राम बिराजपुर भॉडारपुर के रोहोयला तालाब में घाट निर्माण | 9,38,200 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 3 | निरसा | बेनागड़िया पंचायत अन्तर्गत ग्राम बेनागड़िया के छितरा गोड़िया में घाट निर्माण (2) बेलकुपा पंचायत अन्तर्गत ग्राम बेलकुपा के गोपाल गोराई के तालाब पर घाट निर्माण (3) बेनागड़िया पंचायत के चॉदुडीह में झरी महली के घर के सामने डीप बोरिंग | 8,63,900 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 4 | निरसा | पलारपुर पंचायत अन्तर्गत राजस्व ग्राम मालाहिड़ में सुंड़ी तालाब में घाट निर्माण (2) भागाबॉध पंचायत अन्तर्गत राजस्व ग्राम विशालपहाड़ी के पी.डब्ल्यू.डी. रोड जामताड़ा से विशालपहाड़ी बरबेन्दिया तक पाईप लाईन विस्तार (3) पाण्ड्रा पुरब पंचायत के अन्तर्गत पाण्ड्रा मोड़ सचिन साव के घर के सामने डीप बोरिंग का निर्माण (4) उपचुरिया पंचायत के अन्तर्गत राजस्व ग्राम कृष्णाकनाली क्लब के सामने कदम तालाब में घाट निर्माण (5) पलारपुर पंचायत के अन्तर्गत राजस्व ग्राम कमारडीह के मंडल तालाब में घाट का निर्माण | 14,75,000 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 5 | निरसा | विरसिहपुर पंचायत अन्तर्गत खुदिया कोलियरी से डांगापाड़ा गॉव में पाईलाईन कार्य | 8,02,500 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 6 | गोविन्दपुर | मुर्गाबनी पंचायत के गहिरा टोला में पाईपलाईन का कार्य (2) साहेबलाल मुर्मू के घर बाड़ी के पास शौचालय का निर्माण | 9,34,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 7 | गोविन्दपुर | जंगलपुर पंचायत अन्तर्गत टोला इस्लामपुर में जाफर अंसारी के घर के बगल में जलमीनार, पाईपलाईन एवं डीप बोरिंग | 8,10,000 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 8 | गोविन्दपुर | पंश्चिमी गोविन्दपुर गॉव भीतर अख्तर शाह के घर के सामने रोड के बगल में डीप बोरिंग, सोलर, टंकी सहित जलमीनार का अधिष्ठापन (2) पुर्वी गोविन्दपुर दर्जी मुहल्लाह में डीप बोरिंग, सोलर, टंकी सहित जलमीनार का अधिष्ठापन | 10,66,600 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 9 | गोविन्दपुर | पश्चिमी गोविन्दपुर तेलीबॉध में 50–50 फीट का उत्तर एवं दक्षिण तरफ 2 घाट का निर्माण (2) अमरपुर पंचायत अन्तर्गत अमरपुर मजीद के घर के सामने से तालाब अमजटाड़ मेन रोड तक 200 फीट ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाल निर्माण | 8,11,600 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 10 | गोविन्दपुर | जियलगढ़ा पंचायत कौआबॉध एहसान सरफुद्दीन के घर के बगल में चापाकल में सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (2) नगरकिसारी पंचायत अन्तर्गत बाउरी टोला में बीरू बाउरी के घर के सामने सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (3) पंडुकी पंचायत अन्तर्गत तुरी टोला में चापाकल में सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन | 13,87,850 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 11 | गोविन्दपुर | खरणी पंचायत अन्तर्गत चुटियारो बड़ा तालाब में 50 फीट घाट निर्माण (2) खरनी पंचायत अन्तर्गत खरणी नीचे बस्ती तालाब में 50 फीट घाट निर्माण (3) कुलबेड़ा पंचायत अन्तर्गत पलैयडीह में नीचे तालाब में 50 फीट घाट निर्माण (4) उदयपुर पंचायत अन्तर्गत कल्याणपुर नीचे बस्ती में जलमीनार का अधिष्ठापन (5) बड़ा पिछड़ी पंचायत अन्तर्गत छोड़ा पिछड़ी रजवार टोला में जलमीनार | 14,32,300 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 12 | बाघमारा | रंगुनी पंचायत अन्तर्गत बाउरी बस्ती में सोलर जलमीनार का अधिष्ठापन (2) बौआकला उत्तर पंचायत अन्तर्गत 7 नं0 कॉलोनी में सोलर जलमीनार का अधिष्ठापन (3) रंगुनी पंचायत अन्तर्गत रंगनी बस्ती के तालाब में छठ 50 फीट घाट का निर्माण (4) बौआकला उत्तर पंचायत अन्तर्गत निछानी पुल के नदी में 50 फीट घाट निर्माण | 14,74,400 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 13 | बाघमारा | मान्द्रा पंचायत अन्तर्गत रामचन्द्र नापित के घर से लेकर मनोज चौहान के घर 230 फीट नाली निर्माण (ब्रिक्स वर्क) (2) मान्द्रा पंचायत अन्तर्गत बाउरी धौड़ा में गिरीश बाउरी के घर से लेकर नीचे कुँआ तक 250 फीट नाली निर्माण (ब्रिक्स वर्क) (3) मान्द्रा पंचायत अन्तर्गत अपर मन्द्रा में कारू रवानी के घर से बाउरी धौड़ा के मेन नाली तक 200 फीट नाली निर्माण (ब्रिक्स वर्क) | 8,64,500 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 14 | बाघमारा | लोहपिट्टी पंचायत अन्तर्गत हिरक रोड लोहपिट्टी के पास डीप बोरिंग कर सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (2) काण्ड्रा पंचायत कल्याणपुर करमाटॉड़ बस्ती में चापाकल में सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (3) काण्ड्रा पंचायत अन्तर्गत नुतन तालाब बॉध में घाट निर्माण (4) कुमारजोरी पंचायत में बुढ़ा बॉध में घाट निर्माण (5) कपुरिया पंचायत दलाई तालाब में घाट निर्माण | 15,10,000 | 5,000 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 15 | बाघमारा | पदुगोड़ा पंचायत अन्तर्गत राजेश वर्णवाल के घर भाया सत्यनारायण अग्रवाल के घर तक ढक्कन सहित 250 फीट नाली निर्माण (2) पाथरगड़िया पंचायत अन्तर्गत कमलिया मन्दिर के सामने 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण (3) पदुगोड़ा पंचायत के अन्तर्ग महुदा पम्प के बगल में जलमीनार का अधिष्ठापन | 12,99,000 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 16 | कलियासोल | भुरकुण्डाबाड़ी पंचायत छाता (सांगामहुल) कुम्भकार टोला में डीप बोरिग अधिष्ठापन (2) बॉदा पुरब पंचायत अन्तर्गत ग्राम नेपुरा बजरंगबली मन्दिर के सामने सोलर आधारित डीप बोरिंग अधिष्ठापन (3) उरमा पंचायत अन्तर्गत मंडल टोला नुतन बॉध में घाट निर्माण | 13,29,700 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 17 | एगारकुण्ड | गोपानीथपुर पंचायत अन्तर्गत राजेश बाउरी के घर के सामने सोलन आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन (2) वृन्दावनपुर पंचायत अन्तर्गत मुगमा शिव मन्दिर के बगल में दो यूनिट शौचालय का निर्माण (3) गोपीनाथपुर पंचायत अन्तर्गत खुदिया नदी में घाट निर्माण (4) चॉच पंचायत अन्तर्गत चॉच मोती थापा के घर के सामने सोल आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन | 16,11,600 | 5,000 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 18 | एग्यारकुण्ड | मेढ़ा पंचायत अन्तर्गत मैथन श्रामिक से लेकर बुढ़िया खाद तक 500 फीट पाईपलाईन अधिष्ठापन (2) मेढ़ा पंचायत अन्तर्गत आदर्श नगर में 150 फीट नाली निर्माण (3) शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत अन्तर्गत आशिक अली के घर से डालिम घोष के घर तक 300 फीट ढक्कन सहित नाली निर्माण | 10,14,700 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 19 | एगारकुण्ड | आमकुड़ा पंचायत में बबलु बाउरी के घर से सुजीत मोदी के घर तक नाली निर्माण (2) शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत अन्तर्गत रहमतनगर में रूबीना के घर से लेकर मिन्हाज के घर तक नाली निर्माण | 6,59,500 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक **04-10-2024**
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक **14-10-2024** को **5 P.M.** बजे तक
3. निविदा खोलने कि तिथि एवं समय :– दिनांक **16-10-2024** को **10:00 A.M.** बजे।
4. केवल ई–निविदा **(E-Tender)** ही स्वीकार की जायेगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी :– जिला अभियंता, जिला परिषद, धनबाद
6. ई–निविदा प्रकोश्ट का दूरभाष संख्या :– **8789242462**
7. जिला परिषद, धनबाद के अन्तर्गत समुचित श्रेणी से निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।
8. परिमाण विपत्र विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। यदि खाता बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. योजनाओं की विवरणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**PR.NO.337474 Rural Development(24-25):D**

ह0/– जिला अभियंता जिला परिषद, धनबाद।

## संक्षिप्त खबरें

### अक्टूबर में 15 दिन रहेंगी बैंकों की छुट्टियां




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अक्टूबर 2024 के लिए बैंकों की छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची के मुताबिक अक्टूबर में कुल 15 दिन बैंक बंद रहेंगे। अक्टूबर में बैंकों की कुल 15 दिन की छुट्टियों में 4 छुट्टी रविवार के हैं। इनमें कई छुट्टियां लगातार भी पड़ने वाली है। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई अवकाश की सूची के मुताबिक ये छुट्टियां अलग-अलग राज्यों में हैं। ये सभी छुट्टियां सभी राज्यो में लागू नहीं होंगी। वहीं आरबीआई की गाइडलाइंस के मुताबिक रविवार के अलावा महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहेंगे।

#### अक्टूबर 2024 में बैंक छुट्टियों की सूची

1 अक्टूबर- जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के कारण छुट्टी।
2 अक्टूबर- महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय छुट्टी।
3 अक्टूबर- शारदीय नवरात्र और महाराजा अग्रसेन जयंती।
6 अक्टूबर- साप्ताहिक छुट्टी (रविवार)।
10 अक्टूबर- महा सप्तमी।
11 अक्टूबर- महानवमी।
12 अक्टूबर- दशहरा और दूसरा शनिवार।
13 अक्टूबर- साप्ताहिक छुट्टी (रविवार)।
14 अक्टूबर- दुर्गा पूजा (दसैन) और गंगटोक में दशहरा।
16 अक्टूबर- लक्ष्मी पूजा (अगरतला, कोलकाता)।
17 अक्टूबर- महर्षि वाल्मीकि जयंती।
20 अक्टूबर- साप्ताहिक छुट्टी (रविवार)।
26 अक्टूबर- विलय दिवस (जम्मू और कश्मीर) और चौथा शनिवार।
27 अक्टूबर- साप्ताहिक छुट्टी (रविवार)।
31 अक्टूबर- नरक चतुर्दशी, सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती और दीपावली।

### 05 अक्टूबर से संपूर्ण राज्य के लगभग 80 हजार सेविका/सहायिका अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों को बंद करने का निर्णय ले लिया

रांचीः झारखंड प्रदेश समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पाण्डेय ने झारखंड के हेमंत सरकार के 27 सितंबर को हुई कैबिनेट की बैठक को आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने और धोखा देने वाला बैठक करार दिया है,23 सितंबर को आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका के रैली में गिरिडीह के विधायक श्री सुदीव्य कुमार सोनू ने लगभग 20 हजार आंगनवाड़ी महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा था की 27 अक्टूबर के कैबिनेट के बैठक में आपलोगो के लिए खुशखबरी मिल जाएगी,परंतु हुआ ढाक के तीन पात,कोई निर्णय नहीं,इस पर संगठन में भारी आक्रोश व्याप्त है और आने वाले विधान सभा चुनाव में सबक सिखाने की तैयारी हो रही है साथ ही 05 अक्टूबर से संपूर्ण राज्य के लगभग 80 हजार सेविका/सहायिका अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों को बंद करने का निर्णय ले लिया है,जब तक वेतनमान नहीं तब तक आंगनवाड़ी केंद्र नहीं। आखिर कब तक झारखंड की सेविका/सहायिकाएं लूट तंत्र के सरकार के चक्की में पिसती रहेगी,बंद का बुरा प्रभाव झारखंड के गर्भवती,धात्री ,कुपोषित बच्चों और नौनिहाल बच्चों पर पड़नेवाला है। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को झारखंड की सेविका/ सहायिकाएं 05 अक्तूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जायेगी,जब तक उनके 08 सूत्री मांगों को सरकार पूरी नही कर देती। सभी जिलाध्यक्ष अपने जिले में बैठक कर 05 अक्तूबर से बंदी का एलान करे और केंद्रों को नियमित जांच भी करे की कोई भी केंद्र खुला नहीं रहना चाहिए। झारखंड सरकार की दोगली नीति अब बर्दास्त नही।

### 03 अक्टूबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़तालः अजय राय

रांचीः राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आउटसोर्स व्यवस्था से काफी दुखी हैं और वह मानते हैं कि इस व्यवस्था को खत्म किया जाना चाहिए जिसको लेकर सरकार गंभीर है । उक्त जानकारी अपने आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्री इरफान अंसारी ने कही। श्री अंसारी झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त जानकारी दी। इरफान अंसारी ने कहा कि पूरे राज्य के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स व्यवस्था से मुख्यमंत्री दुखी हैं और इसके समाधान की दिशा में वह कोई उचित कदम उठाएंगे इस बात का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है आउटसोर्स खत्म हो और उसको लेकर हमारा जो भी प्रयास होगा हम करेंगे। इरफान अंसारी ने बताया कि कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय की वार्ता कराई थी इस दौरान अजय राय ने मुख्यमंत्री श्री सोरेन को लिखित ज्ञापन संघ की ओर से सौपा और उनसे अपने छे सूत्री मांगों पर कारवाई की मांग की । इस अवसर पर अजय राय ने मुख्यमंत्री का ध्यान झारखंड ऊर्जा निगम की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि निगम के अंदर विगत 20 17 से आउटसोर्स व्यवस्था लागू है जिसके कारण इसमें काम करने वाले विद्युत कर्मियों की हालत बद से बदतर हो गई है और इस पर लगाम लगाया जाना राज्य सरकार का दायित्व बनता है। उन्होंने संगठन के 6 सूत्री मांगों से अवगत कराया। अजय राय प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि 3 अक्टूबर से पूर्व अगर मांगे मांग ली जाती है तो ठीक है नहीं तो आगामी 3 अक्टूबर से झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे जिसकी तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक की वार्ता सकारात्मक रही है मगर हमारी मांगो पर जब तक लिखित आदेश हो नहीं जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा. इस अवसर पर संघ के अमित कुमार शुक्ला सुरेंद्र सिंह मुकेश साहू अनिकेत सिंह मधुकर शुक्ला सहित काफी संख्या में विद्युत कर्मी मौजूद थे।

### पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर सांसद लगा रहें हैं जोर, कई बैठकों में हुए शामिल



हज़ारीबाग।आगामी 02 अक्तूबर 2024 को हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन की तैयारी को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल खूब जोर लगा रहें हैं। शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल सुबह से लेकर देर शाम तक क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हुए। उन्होंने सुबह सबसे पहले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित बानादाग पहाड़ी परिसर अवस्थित सांस्कृतिक भवन में भाजपा द्वारा कटकमदाग प्रखंड के बूथस्तरीय बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जिसके बाद बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जुगरा निवास परिसर में आयोजित बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बतौर में अतिथि शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तत्पश्चात हजारीबाग शहर के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित द फ्लोरेस्टा होटल एंड बैंक्वेट सभागार परिसर में भाजपा के प्रमुख नेताओं के बैठक में शामिल हुए और पीएम मोदी के हजारीबाग यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए कई रणनीति बनाई ।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 30 को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना-प्रदर्शन

**गोलमेज विचार विमर्श सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 30 सितंबर को मुख्य मंत्री आवास के समक्ष धरना-प्रदर्शन सह मांग पत्र मुख्य मंत्री को सौंपा जाएगा**




रांचीः झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में झारखंड आंदोलनकारियों का न्यायोचित मांग के विषय में गोल मेज विचार विमर्श सभा अल्बर्ट एक्का चौक,मैन रोड,रांची स्थित कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के हॉल में संपन्न हुआ। इस सभा का अध्यक्षता कोल्हान से आए हुए जेपी एवम झारखंड आंदोलनकारी व बुद्धिजीवी मुस्ताक अहमद ने की। सर्वप्रथम संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने विषय प्रवेश किया। उन्होंने उल्लेख किया कि झारखंड अलग राज्य के लिए कई दशकों से संघर्ष करते हुए हजारों झारखंड आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी हैं। अपने शरीर का अंग प्रत्यंग खोया, जेल गए, कुड़की जब्ती का शिकार हुए ,एकेडमिक केरियर को त्याग करते हुए सर्टिफिकेट जलाया हैं। सांस्कृतिक एवम बौद्धिक रूप से योगदान दिये हैं। पत्रकारिता करते हुए पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से आंदोलन के समाचार,आलेख,फोटो संकलन व छायाकन कर योगदान दिया। झारखंडी समाज को प्रतिनिधित्व करने वाले सभी छोटे -बड़े राजनीतिक संगठन के अलावा झारखंड समन्वय समिति के बैनर तले झारखंड आंदोलनकारी संगठन सह आंदोलन को न्यायोचित ठहराया। जनवादी संगठन एवम व्यक्ति भी कमोवेश आंदोलन में शरीक हुए एवम यथाशक्ति योगदान दिए। झारखंड बनने के उपरांत 24 वर्ष के अंतराल में झारखंड आंदोलनकारियों के हित में सरकारी सामाजिक सुरक्षा मिले। प्रदेश के सभी आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान बेटा बेटियों को सौ प्रतिशत रोजी रोजगार नियोजन के अधिकार की गारंटी, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए राज्य गठन की तिथि से सभी आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. देकर सरकार उनके अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि हम इस बात से वाकिफ है की जिन्होने शहादत दिया या अपाहिज हुए या अपना सब कुछ निछावर किए उनके परिवारों की मुआवजा सम्मान जनक रूप से नहीं हुआ है उनके परिजनों को मिलना चाहिए । इसके अलावा सभी प्रतिष्ठित आंदोलनकारी पुरोधाओं के मूर्ति , शिलालेख एवम स्मारक विधानसभा एवम जिले के मुख्यालयों में लगाई जाए। राज्य के अधिकारी पदाधिकारी नहीं चाहते हैं कि आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान मिले। वर्तमान में जिन्हे सम्मान पेंशन मिल रहा है उसमे बढ़ोतरी हो, एरियर सहित बकाए का भुगतान हो,सभी झारखंड आंदोलनकारियों को निजी एवम सरकारी परिवहन में मुफ्त यातायात की सुविधा, बाल -बच्चों को 10 प्रतिशत आरक्षण,20 लाख का समूह जीवन एवम स्वास्थ्य बीमा के लिए बने। आयोग द्वारा जीवित व मृत आंदोलनकारियों का एक पोर्टल बने। आज गोलमेज विचार विमर्श सभा में आंदोलनकारियों ने झारखंडी एकता, सांझी सांस्कृतिक विरासत एवं अखंडता को खंडित करने संसदीय मर्यादाओं का पालन नहीं करने वाले मंत्रियों एवं सांसदों, विधायकों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग सरकार से किये। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए एक आदिवासी मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार के इशारे में ईडी/सीबीआई के द्वारा झूठे मुकद्दमा में जेल भेजा गया जिसका सभी ने तीव्र निंदा किए।कैलाशपति मिश्र का मूर्ति हटाने की मांग की गई। केंद्र सरकार अविलंब सारना कोड या आदी धर्म कोड लागू करने की मांग की गई। गया,आदिवासी- सदानों का लूटी गई जमीन को दखल दिहानी देने, अविलंब लेंड बैंक रद्द करने, आसाम के सीएम के हेट स्पीच पर पाबंदी लगाने ,झारखंड में कैसे घुसपैठ हुआ है केंद्र सरकार को जवाब दे। आसाम में रहने वाले झारखंडी आदिवासियों को जनजाति सूची में शामिल करने की मांग की गई। झारखंडी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को अन्य आठवीं सूची के भाषा के लिए संथाली भाषा समेत अकादमी गठन करना चाहिए। मौके मौके पर दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि झारखंड आंदोलन का मुख्य उद्देश्य रहा कि एक ऐसा झारखंड राज्य होगा जो शोषण विहीन सेकुलर राज्य का मूल सिद्धांत पर हमारी जन व्यवस्था करना। इस मौके पर जितेंद्र सिंह कुशवाहा, सरोजिनी कच्छप, रोजलीन तिर्की, गौतम कुमार बोस, सीताराम उरांव, रवि नंदी, सुबोध कुमार लकड़ा, सुदामा खलखो, रंजन बाडा, इजहार राही, विजय उरांव, अजय कुमार सिंह, संजय महतो, दिनेश महतो, नागेंद्र चौधरी, कुलदीप ठाकुर, हीरा नाथ साहू, प्रो मनोज कुमार, आर के झा, नरेश कुमार साहू, गणेश रवि आदि कई लोग उपस्थित थें ।

### त्यौहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चलाएगा 10 हजार विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली (ईएमएस)। त्यौहारी सीजन में रेलवे यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए दीपावली और छठ पूजा में ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए 10 हजार से ज्यादा विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा, 108 ट्रेनों में जनरल कोच भी बढ़ाए जाएंगे, जिससे करीब एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे ने इसके लिए विशेष तैयारियां कर ली हैं, जिसमें दीपावली और छठ पूजा के दौरान 12,500 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 2024-2025 में 5,975 ट्रेनों को अधिसूचित किया गया है, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में आसानी होगी। पिछले साल 2023-2024 में पूजा विशेष ट्रेनों की संख्या 4,429 थी। ट्रेन में भीड़ को ध्यान में रखते हुए आनंद विहार से बरौनी के बीच विशेष एसी ट्रेन 6 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 9 बजे आनंद विहार से चलकर अगले दिन सुबह 6:30 बजे बरौनी पहुंचेगी। इस ट्रेन में 16 थर्ड एसी और 2 पावर कार समेत कुल 18 कोच होंगे, यह कई स्टेशनों पर भी रुकेगी।

### हार्ट अटैक का मुख्य कारण युवाओं की खराब जीवनशैली

नई दिल्ली। भारत में हर दूसरा युवा हार्ट अटैक की समस्या को लेकर चिंतित है। सवाल यह उठता है कि वे अपनी जीवनशैली में कौन से बदलाव कर सकते हैं ताकि हार्ट अटैक से बचा जा सके। विशेषज्ञ बताते हैं कि हार्ट अटैक की मुख्य वजह ब्लड फ्लो का कम होना या अवरुद्ध होना है, जो कोरोनरी धमनियों में वसा और कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होता है। इस जमाव को चिकित्सकीय भाषा में 'प्लाक' कहा जाता है, जो धमनियों को संकीर्ण कर देता है और इससे ब्लड फ्लो में कमी आती है। युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों का मुख्य कारण खराब जीवनशैली है। तैलीय पदार्थों का सेवन, जंक फूड की खपत, और नियमित व्यायाम का अभाव भी इसके जोखिम को बढ़ाते हैं।

### अस्थमा की बीमारी हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती हैः डॉ बिशेश्वरन बी

रांचीः अस्थमा की समस्या इन दिनों बढ़ रही है। अस्थमा फेफड़ों की बीमारी है जो हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। इसके उचित उपचार के लिए हैदराबाद स्थित यशोदा हॉस्पिटल के डॉ बिशेश्वरन बी ने बुधवार को रांची करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी। डॉ विशेश्वरन बी ने कहा कि झारखंड की मरीज़ रीता सिन्हा, 70 वर्षीय महिला को सांस लेने में गंभीर कठिनाई और खांसी से पीड़ित थीं। जिससे उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधिया प्रभावित हुईं। वह ऑक्सीजन पर निर्भर हो गई थी। वह अधिकतम चिकित्सा प्रबंधन के प्रति अनुत्तरदायी थी। मरीज़ का पहले कई डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया था और फिर उसे आगे के मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए हैदराबाद के सोमाजीगुडा में यशोदा अस्पताल में रेफर किया गया था। मरीज़ को डॉ विश्वेश्वरन बालासुब्रमण्यम, एमडी, डीएम (पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर- गोल्ड मेडलिस्ट), वरिष्ठ सलाहकार- इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन विशेषज्ञ के अधीन भर्ती कराया गया था। मरीज़ का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि उसे गंभीर अस्थमा और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया है। उचित दवाओं के साथ आईसीयू में मरीज़ का प्रबंधन करने के बाद, मरीज़ के उपचार को अनुकूलित किया गया और उसे बायोलॉजिक्स जैसी उन्नत दवाएं दी जाने लगीं। डॉ बिशेश्वरन बी ने कहा कि फेफड़े के कैंसर के शुरुआती लक्षणों में खांसी का बढ़ना या सांस लेने में तकलीफ होना शामिल हो सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि फेफड़े का कौन सा हिस्सा प्रभावित है और मरीज को किस तरह का फेफड़े का कैंसर है। जैसे-जैसे कैंसर विकसित होता है, ये लक्षण अधिक गंभीर या तीव्र हो सकते हैं। कई अन्य प्रकार के कैंसर की तरह , फेफड़े के कैंसर के कारण भी प्रणालीगत लक्षण हो सकते हैं, जो प्रकृति में अधिक सामान्य होते हैं। इनमें भूख न लगना या सामान्य थकान शामिल हो सकती है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है अकेलापन

नई दिल्ली (ईएमएस)। वर्तमान दौर में तरक्की के साथ-साथ अकेलापन भी जिंदगी में जगह बना रहा है। एक समय था जब घर लौटने पर दोस्तों या परिवार के साथ कुछ समय बिताना जीवन का हिस्सा होता था, लेकिन आज के दौर में यह खुशी कम होती जा रही है। अकेलापन न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, अकेलापन तनाव, चिंता, नींद की कमी और भूख में कमी जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। इससे हार्ट की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। यही नहीं, अकेलापन इंसान को अवसाद और अन्य मानसिक बीमारियों की ओर धकेल सकता है। इसका असर लंबे समय तक बना रह सकता है, यदि समय रहते इसका समाधान न किया जाए। अकेलेपन के लक्षणों को समझना और इनसे निपटना बेहद जरूरी है।

### आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को विवाह मंडप बनने से होगी सुविधा

रांचीः पहाड़ी मंदिर की मरम्मती एवं पुनर्विकास कार्यो को कराने के लिए पर्यटन कला संस्कृति , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के माननीय मंत्री श्री मिथलेश कुमार ठाकुर ,सचिव मनोज कुमार , निदेशक अंजली यादव , उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा , उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ,जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार सिंह एवं कार्यालय कर्मचारी रोशन कुमार, दीपक कुमार,मुकेश कुमार को राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति

सह्रदय आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हैं वर्षो बाद पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए कार्य किया जा रहा हैं जिसे सभी भक्तो में हर्षोल्लास का माहौल हैं। राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा योजना कार्य के लिए पूर्ण सहयोग करेगा। समिति के द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए लिखित दिया गया था एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र भी विभाग को दिया गया था । समिति सभी भक्तो के बेहतर सुविधा के लिए हमेशा तत्पर हैं।

### स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी

रांचीः जे० आर० जी० बैंक के लगभग 100 अधिकारी/कर्मचारियों ने बैंक के अध्यक्ष श्री मदन मोहन बरियार के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। यह रैली बैंक के प्रधान कार्यालय, रांची से यूनिवर्सिटी चौक, रांची तथा वापस प्रधान कार्यालय, रांची तक निकाली गई । इस वर्ष 'स्वच्छता ही सेवा' 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है, जिसका विषय है 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता'। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 27 सितंबर से 3 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छ मुद्रा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें जेआरजी बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इसमें स्वच्छ नोटों का विनिमय, सिक्कों का प्रतिदिन वितरण और नोट एवं सिक्कों का विनिमय मेला आदि शामिल हैं। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनों के बीच स्वच्छता के महत्व को फैलाना है। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत जेआरजी बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इसमें सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान, प्लास्टिक मुक्ति अभियान, कचरा पुनः चक्रण अभियान, सोशल मीडिया अभियान, वृक्षारोपण आदि गतिविधियां शामिल हैं। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित स्वच्छ मुद्रा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छ नोटों का विनिमय, सिक्कों का प्रतिदिन वितरण और नोट एवं सिक्कों का विनिमय भी इस रैली के जरिए आम जनों तक फैलाना है। जेआरजी बैंक स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से बनाए रखते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रयासरत है।

### मंत्री बन्ना गुप्ता के आश्वासन को पूरा कर राज्य के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के चेहरे पर मुस्कान दिया : राजेश गुप्ता

रांचीःखाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता जी ने आश्वासन को पूरा कर राज्य के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के चेहरे पर मुस्कान ला दिया है अब उनके कमीशन में 50% का बढ़ोतरी और लाइसेंस धारी के मृत्यु के बाद दर-दर की ठोकरें खा रहे 700 परिवारों को अनुकंपा पर रोजगार प्राप्त हो जाएगा। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा और जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ ने खाद्य आपूर्ति मंत्री माननीय बन्ना गुप्ता से जन वितरण प्रणाली विक्रेता के मृत्यु के पश्चात अनुकंपा पर दुकान आवंटित करने की आयु सीमा समाप्त करने सहित कमीशन में बढ़ोतरी की मांग की थी।जिसे खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता जी के पहल पर कल कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी। कैबिनेट में झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2024 को मंजूर कर लिया है। जिसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मंत्री बन्ना गुप्ता जी और हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खाद्य आपूर्ति मंत्री बनने पर 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर इसके लिए पहल किया था। साथ में जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ के वरीय उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद एवं संजय कुंडू भी शामिल थे। मंत्री जी ने इसे पूरा करने के लिए आश्वासन दिया था।लगभग 700 सौ परिवार अभी बेरोजगारी झेल रहे थे और वह सड़कों पर आ गए थे। जिन्हें सरकार ने सुधी ली अब उम्र सीमा की बाध्यता समाप्त हो जाने से लगभग 700 परिवारों का इसका सीधा लाभ होगा उन्हें रोजगार मिल जाएगा। और प्रति बोरी कमीशन में 50% की बढ़ोतरी भी हो गई। इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, विद्याधर प्रसाद, एस एन सिंह, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, राम लखन यादव, रामावतार कश्यप, राम लखन साहू, दीनानाथ प्रसाद, संजय मेहता, केदार राणा, वसीम अकरम, अवध प्रसाद, प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, जयराम ठाकुर, शुभम विश्वकर्मा, मोहम्मद जुनेद, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, छात्र मोर्चा संयोजक कमलेश चौधरी, प्रवीण कुमार आदि ने आभार व्यक्त करते हुए मंत्री जी को शुभकामना दी है।

### उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण समिति के सदस्य बनें सांसद

हज़ारीबाग।भारतीय संसद की उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण समिति (2024-25) के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को सदस्य के रूप में नामित किया गया। इससे पहले उन्हें भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति (2024- 25) के लिए सदस्य के रूप में नामित किया जा चुका है। संसद की दूसरी किसी समिति में सदस्य के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को नामित किए जाने पर उन्होंने कहा की मुझे लोकसभा की दो महत्वपूर्ण समिति में बतौर सदस्य नामित किया गया इसके लिए अत्यंत गर्व और खुशी की अनुभूति हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया और धन्यवाद दिया ।

# छठवें दिन भी झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन जारी




रांचीः झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 6 सूत्री मांगो को लेकर राजभवन( जाकिर हुसैन पार्क के पास ) , रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन छठवें दिन भी जारी है, जिसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष श्री कृष्ण दयाल सिंह ने की और इसका संचालन गोड्डा जिलाध्यक्ष श्री नेमानी पासवान ने किया । आमरण अनशन में राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह , श्री बालेश्वर महतो, कल से ही आमरण अनशन पर हैं और श्री परमेश्वर पासवान, गिरिडीह ज़िला और प्रीतम कुमार पसवान ,गोड्डा ज़िला से और आज पाकुड़ जिला के महेशपुर थाना के सत्य नारायण सरकार और बोकारो जिला के अमलाबाद थाना के निमाईचंद रजवार आमरण अनशन पर हैं । अभी आमरण अनशन में 6 लोग हैऔर साथ में सैकड़ों चौकीदार उपस्थित हैं । आमरण अनशनकारियों की स्थिति नाजुक बनी हुई है । श्री सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त बीटों पर झारखंड के सभी जिलों में विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है । श्री सिंह ने झारखंड के माननीय मुख्य मंत्री से मांग की है की इस नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल रोक लगावे। क्योंकि चौकीदारों के रिक्त बीटों पर निकाला गया विज्ञापन के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया पर माननीय झारखंड हाई कोर्ट ने सरायकेला खरसावां और गिरिडीह जिला में रोक लगा दी है । इसलिए सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर जिन जिन जिलों में विज्ञापन निकाला गया है, उसको तत्काल रद्द किया जाय । श्री सिंह ने कहा कि झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली_ 2015 की कंडिका 2( 9 ) के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर बिना नया बीट सृजित किए विज्ञापन निकालना इस नियमली का उलंघन है ।

श्री सिंह ने झारखंड के माननीय मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से मांग की है कि सेवा विमुक्त चौकीदारों को सेवा में पुनः योगदान करने और एवजी चौकीदारों को पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार नियुक्ति करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद16( 4) की भावना के आलोक में तत्काल अध्यादेश जारी करे । आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन की मुख्य मांगो में सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान करने हेतु सभी उपायुक्तों कोआदेश देना, सेवा विमुक्त, एवजी और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन रद्द करना, 01 जनवरी,1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत चौकीदार दफादारो के के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने का आदेश सभी उपायुक्तो को देना , रामगढ़ जिला में चौकीदारों के रिक्त पदों पर की गई अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द करने, सेवा विमुक्त और एवजी चौकीदारों की नियुक्ति करने हेतु अध्यादेश जारी करना, 31 दिसंबर , 1989 को सेवा निवृत चौकीदार दफादरो के आश्रितों की नियुक्ति झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित संकल्प के आलोक में करना, अनुकंपा के आधार पर आश्रित में पोता और नाती को जोड़ना और पुलिस की तरह ही चौकीदार दफादारों को भी 13 माह का वेतन देना प्रमुख है ।

एक सत्याग्रह की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें कोई देखने वाला नहीं है।

अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सर्वश्री ,तौहीद आलम, अशोक राय , लक्ष्मण पासवान, rupan पासवान, महादेव पासवान,ओमप्रकाश राय, अनिल कुजूर, मिहिर मॉल, फटीक,वासुदेव पासवान , आकाश कुमार, मॉल, हेदवी मॉल, प्रवीण मॉल, पप्पू कुमार राय, अनुज कुमार राय, कृष्णा यादव, पप्पू पासवान, गुड्डू पासवान, सबिता देवी, कमलेश पासवान, रघुनाथ रामं, दिलीप उरांव गोपाल पासवान , राज कुमार उराओं ,नंद किशोर राम आदि प्रमुख थे ।

# नेपाल में भारी बारिश, बिहार में नदियां उफान पर, बाढ़ को लेकर हाई अलर्ट, अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

### 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, बाढ़ का खतरा मंडराया



पटना, (ईएमएस)। पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश होने से बिहार में नदियां उफान पर है और अगले 48 घंटों में बिहार में प्रमुख नदियों में अप्रत्याशित मात्रा में पानी प्रवाहित होने को लेकर जल संसाधन विभाग अलर्ट मोड पर है. विभाग के सभी अधिकारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं. वहीं मौसम विज्ञान विभाग ने बिहार के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है और अगले 24 घंटों में राज्य के 13 जिलों में अचानक बाढ़ के खतरे की चेतावनी दी है. मौसम विभाग के अनुसार पटना, मुज़फ़्फ़रपुर, मधुबनी, वैशाली, सीतामढ़ी, जहानाबाद, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, भोजपुर, गोपालगंज, सारण, शिवहर और सीवान जिलों में भारी बारिश की संभावना है. जिससे इन जिलों में अगले 24 घंटों में अचानक बाढ़ आने का ख़तरा पैदा हो गया है, जिसकी तीव्रता कम से मध्यम के बीच रहने का अनुमान है. इस बीच राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने इन 13 जिलों के प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने और स्थिति को संभालने के लिए सभी निवारक उपाय करने को कहा है. इस संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग ने इन 13 जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है. जल संसाधन विभाग ने जानकारी दी है कि 27 सितंबर से पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश हो रही है, जिसकी वजह से आगामी 48 घंटों के दौरान नेपाल से निकलने वाली गंडक, कोशी, महानंदा आदि नदियों में अप्रत्याशित पानी का बहाव होने की संभावना है. जल संसाधन विभाग के बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केंद्र, पटना द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 27-28 सितंबर की मध्य रात्रि 12 बजे वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज से 6.00 लाख क्यूसेक और 28 सितंबर को दोपहर 12 बजे वीरपुर स्थित कोशी बराज से 6.81 लाख क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित होने की संभावना है, जो अबतक प्रवाहित अधिकतम जलश्राव के नजदीक होगा. इस संभावित स्थिति के संदर्भ में विभागीय स्तर पर प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक की गई. इसमें अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण, जल निस्सरण और अभियंता प्रमुख, मुख्यालय समेत अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे. उच्चस्तरीय बैठक के दौरान स्थिति की गंभीरता के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिये गये.

### संवेदनशील स्थलों पर कैम्प करने का निर्देश

विभाग द्वारा सभी क्षेत्रीय अभियंताओं को तटबंधों और संरचनाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगामी 48 घंटों तक संवेदनशील, अतिसंवेदनशील स्थलों पर कैम्प करने का निर्देश दिया गया है. सभी स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ से बचाव वाली सामग्रियों का भंडारण कराया गया है. साथ ही आवश्यकतानुसार संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों के बेहतर पर्यवेक्षण के लिए अतिरिक्त अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है. विभाग के अंतर्गत सभी पदाधिकारियों का अवकाश अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया है.

### तटबंधों के सुरक्षा की निगरानी

संभावित आपदा की स्थिति के मद्देनजर संबंधित जिला प्रशासन को भी सभी आवश्यक ऐहतियाती कार्रवाई करने, तटबंध के नदी भाग में रहने वालों को जानकारी देते हुए कार्रवाई करने और बाढ़ आपदा के लिए जिला प्रशासन के स्तर से गश्ती सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है. सभी तटबंधों के सुरक्षा की निगरानी और चौकसी बरती जा रही है.

### 12 जिलों के 376 पंचायतों में बाढ़ जैसे हालात

बिहार में गंगा नदी के किनारे बसे करीब 12 जिलों के 376 पंचायतों में बाढ़ जैसे हालात हैं और निचले इलाकों में रहने वाले करीब 13.56 लाख लोग बढ़ते जलस्तर से प्रभावित हुए हैं. इन जिलों के निचले इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को निकालकर बाढ़ राहत शिविरों में लाया गया है. इन प्रभावित 12 जिलों में पटना, वैशाली, बक्सर, भोजपुर, सारण, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार शामिल हैं. इन 13 जिलों में 5 जिले ऐसे हैं, जहां एक-दो जगहों पर भारी नहीं बल्कि बेहद भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. इन 5 जिलों में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज शामिल हैं.

## फूड प्वाइजनिंग से इंजीनियरिंग के 45 छात्र बीमार

बेतिया, (ईएमएस)। बिहार के बेतिया में शुक्रवार की रात फूड प्वाइजनिंग से इंजीनियरिंग के 45 छात्र बीमार हो गए। सभी बीमार छात्रों को बेतिया के जीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। यह मामला सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज कुमारबाग का है। छात्रों के मुताबिक मेस में खाने के मेन्यू में चिकन चावल था जैसे ही छात्रों ने खाना खाया उसके बाद छात्रों की हालत बिगड़ने लगी। एक के बाद एक छात्र बीमार होने लगे। किसी को वोमिटिंग हो रही थी तो किसी के सिर में चक्कर की शिकायत मिली जिसके बाद सभी बीमार छात्रों को एंबुलेंस से देर रात जीएमसीएच लाया गया। जीएमसीएच में सभी बीमार छात्रों का इलाज चल रहा है। सभी छात्र खतरे से बाहर बताये गए हैं। कुछ छात्रों को इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया है। कुछ छात्रों को डॉक्टर की निगरानी में रखकर इलाज किया जा रहा है। हालात अब सामान्य है। उधर एक छात्र के थाली में मरी हुई छिपकली मिलने का भी आरोप छात्रों ने लगाया है। घटना के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में हड़कंप मचा है। घटना के बाद कुमार बाग गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रबंधन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लापता ई-रिक्शा चालक का शव खेत में मिला

बेगूसराय (ईएमएस)। बिहार के बेगूसराय में पिछले कई दिनों से लापता ई-रिक्शा चालक अमन उर्फ शाहिद का शव एक खेत में मिला है। पुलिस का कहना है कि युवक का शव मकई के खेत से मिला है। मृतक 24 साल का था। वह नगर थाना क्षेत्र के पोखरिया वार्ड 35 में रहता था और ई-रिक्शा चलाता था।जानकारी के अनुसार वह चौक से सवारी लेकर निकला था जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। फिर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नगर थाने में दर्ज कराई थी। अब खेत में उसका शव मिला है। इस घटना से आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने शव के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। शव पर गले में गमछा लपेटकर हत्या करने के निशान थे। साथ ही उसके हाथ-पैर तोड़े गए थे और उंगलियों पर चोट के निशान मिले हैं। जिससे आशंका है कि उसको बेरहमी से टॉर्चर किया था। घटना से आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की।परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या के बाद से उसका ई-रिक्शा गायब है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या लूटपाट के इरादे से की गई होगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वह शाम 5 बजे नवाब चौक से सवारी लेकर अपने ई रिक्शा से गया था। उसके बाद घर वापस नहीं लौटा। इस घटना पर हेडक्वार्टर डीएसपी ने कहा कि लापता ई-रिक्शा चालक का शव बरामद कर लिया है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और सभी संभावित बिंदुओं पर जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के सही कारणों का खुलासा हो पायेगा।

### हत्याकांड का खुलासा : मां की हत्या 2 सौतेली बेटियों ने की थी

सारण (ईएमएस)। बिहार में सारण जिले के एक थाना क्षेत्र में सड़क किनारे एक मां का सर कुचलकर हत्या करने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने कहा कि मां की हत्या उसकी ही 2 सौतेली बेटियों ने घर से पहले कुछ ही दूरी पर सिर पर ईंट-पत्थर से मारकर की थी।शव का पहचान न हो इसके लिए दोनों बेटियों ने सौतेली मां के सिर और चेहरे को ईंट-पत्थर मारकर पूरी तरह बिगाड़ दिया था। पुलिस ने खैरा थाना क्षेत्र के रामपुर मठिया के पास सड़क किनारे झाड़ियों में शव लावारिस बरामद किया था। फिर छपरा सदर अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया था। इस मामले में पुलिस महिला की पहचान नहीं कर पा रही थी। पिछले दिनों रात को सारण पुलिस अधीक्षक के सरकारी मोबाइल पर एक फोन आया। फोन उठाने पर एक महिला की आवाज आती है। महिला यह कहती है कि मैं पिंकी रही हूं। मेरी हत्या की जा रही है। मेरी हत्या की पूरी जिम्मेदारी मेरे पति और मेरे पुत्र हैं। पुलिस ने कॉल डिटेल्स और लोकेशन के आधार पर कई मोबाइलों को ट्रैक किया। इस दौरान पता चला कि पिंकी की हत्या उसकी 2 सौतेली बेटियों ने मिलकर की थी। जिसमें एक बालिग और एक नाबालिग है। दोनों ने मिलकर छपरा से अपने घर जाने के रास्ते में ईंट-पत्थर से मारकर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने दोनों बेटियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल खून लगी ईंट- पत्थर और वारदात के समय दोनों बेटियां द्वारा पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिये हैं।

### हत्याकांड में शामिल 3 नाबालिग पकड़ाये

पटना (ईएमएस)। पुलिस ने बीजेपी नेता श्याम सुंदर शर्मा हत्याकांड में शामिल 3 नाबालिग को पकड़ा है। अभियुक्तों की निशानदेही पर मुन्ना शर्मा का लूटा मोबाइल बरामद कर लिया है। इस मामले के मुख्य आरोपी सत्री की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉ गौरव कुमार ने कहा कि तीनों नाबालिग हत्या के वक्त बाइक से रेकी कर रहे थे। बीजेपी नेता के मोबाइल को अपराधियों ने मंदिर के पास कचड़े के नीचे छिपा दिया था। जिसे बरामद कर लिया गया है। पूर्वी सिटी एसपी के निर्देश पर गठित टीम अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के 48 के अंदर पुलिस ने शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिसके पास से देसी कट्टे, जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई थी। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कहा था कि वो एक के साथ मिलकर शराब का धंधा करता था। मुन्ना शर्मा शराब तस्करी का विरोध करता था। कुछ दिन पहले भी विवाद हुआ था। परेशान होकर एक आरोपी ने हथियार और कारतूस का इंतजाम किया था। फिर जक्कनपुर इलाके से एक बाइक की चोरी की। उसी बाइक से हत्या के लिए 3 लोग पहुंचे थे।

## कोसी बराज के पानी से कई जिलों में बाढ़ का खतरा

पटना (ईएमएस)। नेपाल के तराई और उत्तर बिहार में लगातार हो रही बारिश से बिहार के कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। कोसी बराज से 6.81 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। नदी में इतना पानी 56 साल बाद आया है। हालाकि यह 1968 में नदी के सबसे अधिक फ्लो से एक लाख क्यूसेक कम है।पानी के दबाव को देखते हुए बराज के सभी 56 फाटक खोले दिए हैं। कोसी बराज से अब तक 5.76 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो चुका है। वहीं वाल्मीकिनगर गंडक बराज से 3 लाख 39 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है शाम तक 5 लाख 93 पहुंचने की संभावना है। यहां 21 साल पहले इतना पानी आया था। यह 2003 के फ्लो लेवल से थोड़ा ही कम है। दोनों नदियों में पानी बढ़ गया है। गंडक बराज से सुबह 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है।कोसी और गंडक में पानी का फ्लो बढ़ने के बाद बिहार के 4 जिलों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हालात देख जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव ने सभी अधिकारियों की छुट्टी अगले आदेश तक रद्द कर दीं हैं। दूसरी ओर मौसम विभाग ने बिहार के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 5 जिलों में रेड व 7 जिलों में यलो अलर्ट है। वहीं 13 जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग ने इन जिलों के डीएम को कहा है कि अगले 24 घंटे अहम हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी तैयारी कर लें व संबंधित एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखें।

## महावीर मंदिर को सुधा डेयरी ने शुद्ध गाय का घी देने की पेशकश की

पटना(ईएमएस)। सुधा डेयरी ने महावीर मंदिर को शुद्ध गाय का घी सप्लाई करने की पेशकश की है। महावीर मंदिर ट्रस्ट ने 100 किलो घी का सैंपल मांगा है, जिससे नैवेद्यम बनाकर भक्तों की राय ली जाएगी।

## शौच के लिए बैठीं महिलाओं को ट्रायल पर दौड़ रहे रेल इंजन ने कुचला, तीन की मौत



पटना(ईएमएस)। बिहार में दरभंगा जिले के काकरघाटी-शीशो नई रेल लाइन पर दर्दनाक हादसा हो गया है। दरअसल,इलेक्ट्रिक लाइन पर ट्रायल के दौरान ट्रेन के इंजन से कटकर तीन महिलाओं की मौत हो गई। नई रेल लाइन पर गोपालपुर गांव के पास शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे हुआ। तीनों महिलाएं रेलवे ट्रैक पर शौच करने के लिए बैठी हुई थीं, तभी अचानक इंजन आया और वे उसकी चपेट में आई गईं। तीनों महिलाएं गोपालपुर गांव की रहने वालीं थीं और आपस में रिश्तेदार (गोतनी) थीं।गांव के मुखिया राजकुमार दास ने भी रेल इंजन से कटकर एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत होने की पुष्टि की है। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर इस रेल लाइन पर रेलवे के वरीय अधिकारियों ने विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया था। इसमें मिली गड़बड़ियों को मोटर वैगन से दुरुस्त किया गया। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद देर शाम में इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रायल शुरू हुआ। इलेक्ट्रिक इंजन बेला गुमटी की ओर से जैसे ही गोपालपुर पहुंचा कि तीनों महिलाएं चपेट में आ गईं। शनिवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। जीआरपी थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि मृतकाओं में गोपालपुर निवासी ब्रह्मदेव पासवान के पुत्र रामबाबू की पत्नी बबीता, श्याम बाबू की पत्नी ममता और राम लगन उर्फ रामू की पत्नी देवकी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कई ग्रामीण पहुंच गए। लोगों ने हादसे की सूचना सदर थाने की पुलिस को दी। दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे सदर थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह ने कहा कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्टेशन परिसर में यात्रियों के साथ प्रैंक करके वीडियो बनाने वाले 2 युवक गिरफ्तार



छपरा (ईएमएस)। बिहार में छपरा जंक्शन आरपीएफ की टीम ने स्टेशन, प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में यात्रियों के साथ प्रैंक करके वीडियो बनाने वाले 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों युवक सगे भाई हैं। इनके पास से प्रैंक वीडियो बनाने के दौरान लगाये जाने वाला इंजेक्शन, असली दिखने वाला प्लास्टिक का सांप, अगरबत्ती का डिब्बा, शैंपू का पाउच बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों की पहचान छपरा के बंटी और पंकज सोनी के रूप में हुई है। ये दोनों कभी प्रैंक वीडियो बनाने के दौरान प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में बैठे किसी व्यक्ति की बोतल का पानी लेकर पी लेते थे। पानी पीने के बाद बेहोश होने का नाटक करते थे। फिर दूसरा भाई आकर उस यात्री से सवाल करने लगता था कि तुमने उसको पानी पिलाया जिससे वो बेहोश हो गया है। इस दौरान यात्री के मनोभावों का वीडियो शूट करके अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर डालते थे।एक प्रैंक में ट्रेन के इंतजार में बैठी लड़कियों के पैर पर लड्डू चढ़ाकर अगरबत्ती दिखाकर जय बोलते थे। एक वीडियो में एक व्यक्ति से पूछते हैं कि उसकी उम्र कितनी है कोई नशा तो नहीं करते। फिर किसी को फोन से कहते कि एक आदमी मिल गया है उसकी किडनी काम आ सकती है। मैं उसे इंजेक्शन लगा रहा हूं। इसी तरह के कई अलग-अलग तरह के प्रैंक वीडियो बनाकर ये अपने सोशल मीडिया पर लाखों व्यूज पाते थे। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने कहा कि दोनों युवकों को छपरा जंक्शन परिसर में वीडियो बनाते हुए पकड़ा गया है। उनके पास से माचिस, लड्डू, अगरबत्ती, नकली सांप, शैंपू का पाउच बरामद किया है। दोनों सगे भाई बंटी सोनी और पंकज सोनी 3 महीने से छपरा जंक्शन और इसके परिसर में प्रैंक वीडियो बना रहे थे। ये दोनों युवक अपने वीडियो में सीधे-साधे यात्रियों और बुजुर्गों को तंग करते थे। इसी आरोप में इन दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई और सोनपुर रेल मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया है। इस तरह के वीडियो से यात्रियों को परेशान होती है। रेलवे परिसर में पूरी तरह से इस तरह का वीडियो बनाना वर्जित है। फिर भी इनकी आईडी पर ज्यादातर वीडियो स्टेशन परिसर के ही हैं।

## बायपास और साहिबगंज में मुख्य सड़क धंसी



भागलपुर (ईएमएस)। यहां हाइवे-80 बायपास और साहेबगंज में सड़क का कई मीटर हिस्सा धंस गया है। जिम्मेदारों ने बारिश और गंगा में आई बाढ़ का ठीकरा फोड़ा है। बायपास में जिस जगह सड़क और मिट्टी का स्लोप धंसा है वहां बोल्डर पिचिंग कराई है।साहेबगंज में 3 दिन के भीतर धंसी सड़क को काटकर सही कराने की बात विभाग कह रहा है लेकिन राहगीरों की सुरक्षा के लिहाज से न तो यहां कोई सुरक्षात्मक संकेतक लगाए गए हैं न ही किसी तरह के सुरक्षात्मक कार्य ही किए हैं। पहले भी बारिश के कारण सड़क धंसने के कई मामले सामने आ चुके हैं।जीरोमाइल से दोगच्छी तक 16 किमी लंबे बायपास का 20 मीटर हिस्सा धंस गया है। सड़क धंसने की ये समस्या एक गांव के सामने और दोगच्छी चौक से पहले चंपा पुल के पास हुई है। लगातार हो रही बारिश से बायपास के किनारे बनायी गी स्लोप की मिट्टी खिसक गयी है। जिससे बायपास की रेलिंग और किनारे की सड़क धंस गयी है। क्षतिग्रस्त हुई सड़क से बारिश का पानी बहकर नीचे जा रहा है। जिससे मिट्टी का खिसकना जारी है। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल (हाइवे) ने समस्या को रोकने के लिए धंसे हिस्से में 07 मीटर में बोल्डर पिचिंग कराई है। बाकी का हिस्सा अभी वैसा ही पड़ा है। सड़क किनारे बड़े-बड़े बोल्डर पत्थरों को रखा है। ये बोल्डर सड़क पर ही हैं। राहगीरों को पत्थर रखे होने और सड़क धंसने की जानकारी देने के लिए किसी तरह का संकेतक भी नहीं दिया है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय से साहिबगंज जाने वाली सड़क भी 3 जगह कई मीटर धंसी है। यहां हाल ही में बुडको ने सीवर पाइप लाइन बिछाई है। जिसके एवज में आरसीडी को सड़क का मेंटेनेंस कराने के लिए राशि भी दी थी। आरसीडी ने पाइप लाइन बिछाने के बाद 2 माह पहले सड़क की मरम्मत भी कराई थी। हाल ही में गंगा में आई बाढ़ का पानी साहेबगंज तक पहुंच गया था। आरसीडी के अभियंताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय वाली सड़क में ड्रेन नहीं हैं। इस कारण पानी निकल नहीं पाता है। जिस जगह सड़क धंसी है वहां पानी रिसने से समस्या है। अब धंसे हिस्से को मटेरियल डालकर रिपेयर कराने की बात कही जा रही है।

## ट्रेन से कटकर तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत

दरभंगा, (ईएमएस)। बिहार के दरभंगा में ककरघट्टी शिशो के बीच बन रहे बाईपास रेलवे स्टेशन के रेल लाइन के पास तीन महिलाएं ट्रेन की चपेट में आ गईं। ट्रेन की चपेट में आने से गोपालपुर में इन तीन महिलाओं की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। तीनो महिलाएं एक ही परिवार की हैं. दरभंगा में ये नया बाईपास बनाया गया है। रेलवे स्टेशन में तीनों महिलाएं इसी बाईपास के पास शौच करने के लिए गई हुई थीं। इस दौरान स्पीडी ट्रायल कर लौट रहे ट्रेन की चपेट में तीनों महिलाएं आ गईं, जिससे तीनों की मौत की हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजकीय रेल पुलिस, आरपीएफ सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बबीता देवी, ममता देवी और देवकी देवी के रूप में हुई है। तीनों महिलाएं आपस में दियादनी थीं। बता दें कि दरभंगा के ककरघट्टी शिशो के बीच नई रेल लाइन बिछी है और ये हादसा वहीं हुआ। इस दर्दनाक घटना को लेकर स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हैं। लोगों का कहना है कि अगर घर में शौचालय होता तो ये तीनों महिला शौच के लिए घर से नहीं निकलतीं और आज इनकी मौत नहीं होती। गरीब परिवार के लोगों के यहां अभी भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है, ऐसे में कौन इनकी मौत के लिए जिम्मेदार होगा ?

### रामलीला में रावण का किरदार निभा रहे एक्टर फीस 2 हजार

बक्सर (ईएमएस)। यहां 109 सालों से रामलीला की परंपरा चली आ रही है। दशहरा के दौरान होने वाली रामलीला की शुरुआत हो चुकी है। दीपावली से पहले भरत मिलाप के साथ खत्म होगी। इस बार रामलीला के कलाकार वृंदावन से आए हैं। दर्शकों को अपने अभिनय से मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। ये सभी कलाकार रोज फीस लेते हैं। राम बने कलाकार रोज 4 हजार रुपए और रावण का किरदार निभा रहे एक्टर 2 हजार फीस लेते हैं।राम का अभिनय करने वाले कलाकार पहले प्राइवेट टीचर थे। उन्होंने अभिनय के लिए यह काम छोड़ दिया।

## मसाढ़ में गंगा का कटाव जारी

भागलपुर (ईएमएस)। बिहार में भागलपुर के सबौर प्रखंड के पुरानी मसाढ़ में गंगा का कटाव जारी है। 3 और मकान कटाव की भेंट चढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अब भी कई मकानों पर कटाव का खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ का पानी ऊपर तक रहने से कटाव का पता नहीं चलता है। देखते ही देखते मकान गंगा नदी में डूब रहे हैं।इधर बाढ़ के कारण कटावरोधी काम भी एक सप्ताह से बंद है। गांव के लोग मकान खाली कर जैसे-तैसे सामान निकाल कर सुरक्षित स्थान पर जा रहे हैं। लेकिन उन्हें सामान रखने के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि 2 साल पहले कटाव स्थल से करीब एक किलोमीटर उत्तर में गंगा बहती थी। इन बीते 2 सालों में किसानों की उपजाऊ जमीन कटकर नदी में डूब गई है। अब लोगों के घर कट रहे हैं। यही स्थिति रही तो कई गांव के लोगों के घरों पर भी खतरा मंडरा सकता है।

### कचरा ट्रांसफर स्टेशन बंद, खुले में कूड़ा डंप हो रहा

भागलपुर (ईएमएस)। यहां मुसहरी घाट के पास कचरा ट्रांसफर स्टेशन की बिजली का रिचार्ज खत्म होने से कांपैक्टर मशीन बंद है। नतीजतन खुले में कूड़ा डंप हो रहा है। इसके रिचार्ज करवाने की जिम्मेदारी तक उठाने को निगम की टीम तैयार नहीं है। निगम के शाखा प्रभारी का कहना है कि स्मार्ट सिटी की टीम रिचार्ज इसका करवाती है।वहीं निगम के स्वच्छता प्रभारी भी यही बात कहते हैं। जबकि स्मार्ट सिटी के पीआरओ का कहना है कि हमलोगों का तो यह काम ही नहीं है।अगर स्मार्ट सिटी को बिजली रिचार्ज करवाना होता तो बंद ही नहीं होती। हमलोगों ने लाजपत पार्क के पास ट्रांसफर स्टेशन बनाए थे वह भी निर्माण के दौरान हमलोग रिचार्ज करते थे। अब यह निगम को हैंडओवर हो चुका है। यह स्थिति तब है जबकि स्वच्छता सर्वेक्षण पर तमाम तरह की तैयारियां निगम प्रशासन कर रहा है।


**Office of the District Superintendent of Education**

**(Very Short Notice Tender)**
**RFP FOR**

**Selection of Agency for Rate Contract To Supply of Classroom Benches & Desks for Various Schools at Dhanbad District, Jharkhand, Under District Mineral Fund, Office of the District Superintendent of Education Officer, Dhanbad, Govt. of Jharkhand**

**RFP No – 01**

**Opening date:26/09/2024** **Closing date:19/10/2024**

District Superintendent of Education, Dhanbad, Govt. of Jharkhand intends for Rate Contract for Classroom Benches for Various Schools at Dhanbad. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the biding process. The main purpose of procurement of these items is to supply School Benches and the use of which would enhance the interest as well as comfort level of the students. The selected Bidder would supply the items to the concerned department in proper packaging. These would thereby be transferred safely to the respective schools. The items supplied must be non-toxic, lead and arsenic free, chemical free and safe for the students for use.

The Bid document can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in) and the responses for this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have done after careful study and examination of this document and full understanding of its modalities, process of execution and items to be delivered. The bids are to be submitted uploaded hard copy by hand or by post (Registered / Speed) or by courier on or before the closing date in the address mentioned in the document. Technical bids submitted by the bidder will be opened in the presence of the Tender committee member. Detailed information regarding important dates, address for submission of bid, Material Supply List (MSL), Total Bill of Material (BOM), Quantity, Delivery Location and other requisite is available in the information Factsheet of this Bid Document.

Sd/-
**District Superintendent of Education, Dhanbad**

**PR 337542 Primary Education(24-25)#D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2024–25**

अनुभवी कोटेशन दाता से नीचे वर्णित कार्यों के लिए दिनांक– 08.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक कोटेशन की माँग की जाती है। कोटेशन निम्न कार्यालय में जमा किया जा सकता है, उसी दिन संबंधित कार्यालय में 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशन खोला जायेगा।

(क) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।

| क्रमांक सं0 | कार्य का नाम | सामग्रियों की विवरणी |
|---|---|---|
| 1. | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद कार्यालय/निरीक्षण भवन/आवास के लिए सामग्री यथा फर्नीचर, ए0सी0, कम्प्युटर, प्रिंटर, एवं अन्य की आपूर्त्ति हेतु दर निर्धारण करने का कार्य, (वर्ष 2024–25) | सामग्रियों की सूची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट में देखा जा सकता है। |

पथ निर्माण कार्य हेतु सामग्रियों का दर हेतु आपूर्त्ति की जाने वाली सामग्रियों की सूची दिनांक– 08.10.2024 तक कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, धनबाद**

PR 337499 Road (24-25)_D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय जिला कृषि प्रक्षेत्र, बलियापुर, धनबाद**

**अति अल्पकालीन निलामी सूचना सं0–02/वर्ष 2024–25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर प्रखण्ड स्थित जिला कृषि प्रक्षेत्र स्थित गुलूगड़िया (बड़ा तालाब) एवं अकलूगड़िया (छोटा तालाब) की बन्दोबस्ती दिनांक 04.10.2024 को 11:00 बजे अपराहन में खुला डाक पद्धति द्वारा जिला कृषि कार्यालय सरायढेला, स्टील गेट, धनबाद में की जायेगी।

शर्त :–

1. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
2. डाक की बोली एक वर्ष के लिए लगाई जायेगी।
3. पूर्व बकायेदार को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
4. निलामी के उपरान्त सफल डाक वक्ता को छोड़कर शेष व्यक्तियों को जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
5. सफल डाक वक्ता द्वारा निलामी के समाप्ति के उपरान्त लगाये गये बोली की एक वर्ष की राशि तत्काल अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
6. सफल डाक वक्ता द्वारा डाक समाप्ति के उपरान्त लगाये गए बोली की राशि जमा नहीं करने पर उनकी प्रतिभूति राशि दण्ड स्वरूप जब्त कर ली जायेगी।
7. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये डाक रदद् अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. प्रक्षेत्र में सिंचाई एवं निर्माण कार्य हेतु तालाबों से पानी लेने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
9. सफल डाक वक्ता द्वारा वित्तिय वर्ष के अप्रैल माह में डाक राशि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा। अन्यथा जमानत राशि जब्त करते हुए बकाया डाक राशि की वसूली हेतु सर्टीफिकेट केस दायर करने की कार्रवाई की जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | जलकर का नाम | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि | बन्दोबस्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बलियापुर | जिला कृषि प्रक्षेत्र स्थित गुलूगड़िया (बड़ा तालाब) | 25,000.00 (पच्चीस हजार रूपया मात्र) | 2024–25 2025–26 |
| 2. | बलियापुर | अकलूगड़िया (छोटा तालाब) | 15,000.00 (पन्द्रह हजार रूपया मात्र) | 2024–25 2025–26 |

**विश्वासभाजन**
**जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक,**
**बलियापुर, धनबाद।**

PR 337564 (Agriculture) 24-25 (D)

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी में अधिकारी को मिली धमकी, 5 करोड़ दो, वरना

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तरप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के एडिशनल एमडी राम सिंह वर्मा के साथ अजीबोगरीब घटना हुई है, जिसमें उन्हें खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकार बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेल किया गया। इस संबंध में वर्मा ने थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी है। घटना 24 सितंबर की रात 10:00 बजे की है, जब वर्मा को एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को ईडी का अधिकारी बताकर बातचीत की। थोड़ी देर बाद, उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल और संदेश प्राप्त हुए, जिसमें 5 करोड़ की मांग की गई। यदि वर्मा ने पैसे नहीं दिए, तब उनके आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी दी गई। सूत्रों के अनुसार, वीडियो कॉल को अटेंड करने के बाद, कॉल करने वाले ने वर्मा की वीडियो को रिकॉर्ड कर उनके चेहरे को मॉर्फ कर एक आपत्तिजनक वीडियो बनाया। इस वीडियो के आधार पर उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा था। 24 सितंबर को पहले 5 करोड़ की रंगदारी मांगी गई, इसके बाद 25 और 27 सितंबर को डेढ़ करोड़ रुपये की मांग की गई। इसके साथ ही, उन्हें बीच सड़क पर मारने की भी धमकी दी गई। इसके बाद वर्मा ने गंभीर घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

### आठ बच्चों सहित 17 बांग्लादेशियों को वापस भेजा, सीएम सरमा ने की असम पुलिस की तारीफ

दिसपुर (ईएमएस)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि असम पुलिस ने तड़के आठ बच्चों सहित 17 बांग्लादेशियों को सीमा पार वापस भेज दिया। सीएम सरमा ने भारत में रोहिंग्याओं को लेकर आगाह करते हुए कहा था कि घुसपैठ काफी बढ़ गई है और जनसांख्यिकीय आक्रमण का खतरा वास्तविक और गंभीर दोनों है। उन्होंने कहा कि असम भारत-बांग्लादेश सीमा के केवल एक हिस्से की रक्षा कर रहा है, लेकिन एक बड़ा क्षेत्र अभी भी असुरक्षित है। असम पुलिस की तारीफ कर सीएम सरमा ने कथित घुसपैठियों के नाम भी बताए-हारुल लामिन, उमाई खुनसुम, मोहम्मद इस्माइल, संसिदा बेगम, रूफिया बेगम, फातिमा खातून, मोजुर रहमान, हबी उल्लाह, सोबिका बेगम। इसके पहले सरमा ने कहा था कि मैंने असम, झारखंड और बंगाल में जनसांख्यिकीय आक्रमण देखा है। सरमा ने कहा, जब जनगणना होगी, तब पूर्वी भारत के राज्यों की जनसांख्यिकी पर चौंकाने वाली खबरें आएगी। उन्होंने कहा, असम में स्थिति अलग है, क्योंकि लोग जनसांख्यिकीय आक्रमण के बारे में बहुत जागरूक हैं। सरमा ने कहा कि अवैध विदेशियों के खिलाफ असम आंदोलन के दौरान, लोगों ने चेतावनी दी थी कि राज्य के सामने आने वाली समस्याएं अंततः पूरे देश को प्रभावित करेंगी, और हम देख रहे हैं कि अब ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि 2024 और 2019 की मतदाता सूची की तुलना की जाए तो जनसांख्यिकीय परिवर्तन स्पष्ट होगा।

### आप, अब आम आदमी की नही, भ्रष्ट लोगों की पार्टी

#### सांसद कमलजीत सहरावत का आरोप

नई दिल्ली (ईएमएस)। अगले माह हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस-भाजपा और आप के बीच बयानबाजी जारी है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ओपी धनखड़ के लिए वोट मांग रहीं दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत ने चुनाव को लेकर चर्चा की।

सांसद सेहरावत ने कहा कि दिल्ली में सभी सात लोकसभा जीतने के बाद अब पार्टी का पूरा ध्यान हरियाणा में जीत पर है। इसीलिए पूरी पार्टी पिछले 10 साल में भाजपा सरकार के दौरान हुए कामों को लेकर लोगों के बीच वोट मांगने जा रही है। जिससे हरियाणा में फिर डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास कर सके। बादली से कांग्रेस के वर्तमान विधायक पर भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि वह क्षेत्र से पिछले 5 साल से लगातार गायब हैं।

इसके अलावा बीजेपी नेता ने बताया कि वे जनता से किये अपने वादों को पूरा नहीं कर सके हैं। इसकारण बादली की जनता अपने विधायक से खुश नहीं है, जबकि धड़कन के पिछले कार्यकाल में बादली के लोगों का अभूतपूर्व विकास हुआ था। इसीलिए जनता इस बार निश्चित रूप से जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री और राज्य में पहली बार चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेकर भाजपा सांसद ने दावा किया कि यह भ्रष्ट लोगों की पार्टी हो चुकी है। आप वहां पार्टी हैं जिसने अब तक किए अपने वादों में से किसी को भी पूरा नहीं किया है।

### गच्छाधिपति आचार्य हेमप्रभसूरीश्वरजी महाराज का 91 वर्ष की आयु में स्वर्गवास

नवसारी (ईएमएस)| 91 वर्षीय गच्छाधिपति आचार्य हेमप्रभसूरीश्वरजी महाराज का देर शाम नवसारी में स्वर्गवास हो गया। आचार्य हेमप्रभसूरीश्वरजी महाराज के निधन से गुजरात सहित पूरे देश में धार्मिक क्षेत्र में बड़ी क्षति हुई है। जानकारी के मुताबिक नवसारी के शांतादेवी रोड स्थित श्री आदिनाथ श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ में वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य हेमप्रभसूरिश्वरजी महाराज का नवसारी में नवकार मंत्र का जाप करते हुए शाम 6.21 बजे पुष्य नक्षत्र में निधन हो गया। 91 वर्षीय श्रीमद् विजय हेमप्रभसूरीश्वरजी महाराज चातुर्मास के अवसर पर पिछले तीन महीने से नवसारी के आदिनाथ जैन संघ में रह रहे थे। उन्हें इंफेक्शन की समस्या थी| उन्हें नवसारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ दिनों से वह ऑक्सीजन पर थे। अस्पताल से उन्हें पिछले गुरुवार को छुट्टी दे दी गई थी| लेकिन कल शाम को नवकार मंत्र का जाप करते हुए उनका स्वर्गवास हो गया| उनके निधन की दुखद खबर से संपूर्ण जैन समाज शोक में डूब गया है।

### टाटा मोटर्स तमिलनाडु में लगा रहा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, स्टालिन ने रखी आधारशिला

चेन्नई,(ईएमएस)। तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने शनिवार को टाटा मोटर्स की नई विनिर्माण सुविधा की आधारशिला रखी। इस संयंत्र पर 9 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इस परियोजना का भूमिपूजन चेन्नई से करीब 115 किलोमीटर दूर पनपक्कम में आयोजित किया गया है। इस सुविधा से पांच हजार नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। सीएम स्टालिन के अलावा, द्रमुक के वरिष्ठ मंत्री दुरई मुरुगन, टीआरबी राजा, मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन भी भूमिपूजन में शामिल हुए। इस मौके पर स्टालिन ने टाटा मोटर्स की तमिलनाडु में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना पर खुशी जाहिर की।

स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु न केवल भारत में काम करने वाली बड़ी कंपनियों के लिए बल्कि बहुराष्ट्रीय निगमों के लिए भी पहला निवेश करने का स्थान है। हम इस कार्यक्रम में चंद्रशेखरन की उपस्थिति से खुश हैं। नमक्कल जिले से आने वाले और विश्वस्तर पर प्रसिद्ध कंपनी का नेतृत्व करने वाले चंद्रशेखरन राज्य के लिए गौरव की बात हैं। टाटा मोटर्स ने संयंत्र स्थापित करने के लिए इस साल मार्च में तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

### बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी ईमेल के द्वारा दी गई, पुलिस ने जांच में इस धमकी को फर्जी करार दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक ईमेल के द्वारा होटल में बम होने की धमकी दी। यह होटल प्रमुख राजनेताओं और क्रिकेटरों की मेहमान नवाजी के लिए मशहूर है। धमकी मिलने के बाद, पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने होटल पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान, पुलिस ने होटल के पूरे परिसर की जांच कर पाया कि यह धमकी फर्जी थी। डीसीपी सेंट्रल ने कहा कि हमें आज सुबह ताज वेस्ट एंड होटल के लिए एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। हमारी बीडीडीएस और एएससी टीम ने परिसर की जांच की और इस धमकी को फर्जी पाया। डीसीपी ने कहा कि इस मामले में हम शिकायत दर्ज कर आगे की जांच कर रहे है।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में लगी भीषण आग, दूर-दूर तक धुंआ ही धुंआ

## प्लांट में 1500 कर्मचारी कर रहे थे काम, जनहानि की सूचना नहीं

चेन्नई,(ईएमएस)। तमिलनाडु के होसुर स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। इसमें मोबाइल के स्पेयर पाट्र्स बनाए जाते थे। फैक्ट्री होसुर के पास थिमजेपल्ली पंचायत के अंतर्गत कुथानपल्ली गांव में है। इसमें 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था।

इस हादसे के बाद फैक्ट्री के कर्मचारी व आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दूर से ही धुएं का गुबार उठता हुआ दिखाई दे रहा था। इससे आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग से फैक्ट्री का भारी नुकसान होने की बात कही जा रही है। आग के बाद ऊंची उठती लपटों को दिखाता एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दूर-दूर तक सिर्फ धुएं के काले बादल दिख रहे हैं।

इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद रायकोट्टई और ढेंकानिकोट्टई इलाके से दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। रायकोट्टई पुलिस केमिकल यूनिट में आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। प्लांट के सभी कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आग लगने के समय प्लांट में 1500 कर्मचारी काम कर रहे थे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने बयान जारी कर होसुर स्थित प्लांट में आग लगने की पुष्टि की है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा है कि आग लगने पर आपातकालीन प्रोटोकॉल का पालन किया गया और सभी कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई।

पुलिस ने कहा कि राहत एवं बचाव के दौरान तीन कर्मचारियों में सांस संबंधी समस्याएं देखने को मिली। जिन्हें फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।



## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में वसुंधरा एवं शिवराज आगे, संघ लगाना चाह रही है मोदी-शाह पर लगाम

### संजय जोशी का नाम पर सहमति नहीं





नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर एक बार फिर चौंकाने वाला परिणाम देने की तैयारी में दिख रही है। ऐसे में यदि संघ की चलती है तो वसुंधरा राजे सिंधिया बीजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगी। वैसे पार्टी आलाकमान वसुंधरा राजे और शिवराज सिंह चौहान के नामों को आगे कर विचार करने में लगे हुए हैं। वहीं संघ अब चाह रहा है कि मोदी और शाह पर लगाम कसी जाए और पार्टी के सभी लोग जिस नाम पर मोहर लगाएं उसे ही पार्टी अध्यक्ष बनाया जाए। इसे लेकर पार्टी और संघ में तनातनी की स्थिति बनी हुई है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चहुंओर चर्चाओं का दौर शुरु हो गया है। यहां पार्टी के शीर्ष सूत्रों की मानें तो पार्टी आलाकमान राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर गंभीरता के साथ विचार कर रहे हैं। वहीं पार्टी नेतृत्व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाह रहा है। इससे हटकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पहले ही संजय जोशी का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया जा चुका था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह उनके नाम पर सहमत होते नहीं दिखे हैं। मोदी और शाह की पहली पसंद शिवराज सिंह चौहान बन गए हैं, संघ की पसंद वसुंधरा राजे का नाम है। ऐसे में संघ नहीं चाहता कि अध्यक्ष पद को लेकर किसी तरह खींचतान हो या फिर विवाद उत्पन्न हो, इसलिए संघ ने इशारा कर दिया है कि पार्टी के सभी लोग जिसे चाहें उसे ही पार्टी अध्यक्ष बनाया जाएगा। लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए माना जा रहा है कि भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष अब संघ की पसंद का ही होगा। इससे पार्टी में संघ का वर्चस्व बनाने में मदद मिलेगी। भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में वर्तमान नेतृत्व के खिलाफ जो नाराजगी है, संघ उस नाराजगी को दूर करके पार्टी को एकजुट बनाने की दिशा में काम कर रही है। संघ के फार्मूले पर यदि पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होता है तो संजय जोशी या वसंधरा राजे ही अगले अध्यक्ष हो सकते हैं, यदि मौजूदा पार्टी नेतृत्व की चली तो शिवराज सिंह के नाम पर सहमति बनेगी, जो आगे भी तनातनी का कारण बनेगा।

## एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

### सीएम आतिशी ने प्रेसवार्ता कर किया ऐलान

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य चुनाव को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अवैध बताया है। सीएम आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने शुक्रवार को एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव कराए जो एमसीडी कानून का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि एमसीडी एक्ट में साफ कहा गया है कि स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव निगम की बैठक में ही कराए जाएंगे और बैठक केवल मेयर ही बुला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। सीएम आतिशी ने मीडिया को संबोधित कर कहा कि हमारा भारत देश संविधान से चलता है और संविधान के अनुसार बनाए गए कानूनों से चलता है। दिल्ली के नगर निगम को चलाने के लिए संसद ने एक कानून पारित किया है, जो है दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 है। उन नियम कानूनों को हम देखने जाएं तब रेगुलेशन 51 जो स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव का जिक्र है। इसमें स्पष्ट है कि स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव निगम बैठक में होगा... उसकी तारीख, समय और जगह केवल मेयर तय कर सकती हैं और निगम बैठक की अध्यक्षता भी केवल मेयर कर सकती हैं। बीजेपी पर हमला कर आतिशी ने कहा, भाजपा को लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने से कोई फर्क नहीं पड़ता और लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए उपराज्यपाल के पास शक्तियां न होते हुए, उपराज्यपाल आदेश देते हैं और कमिश्नर वे आदेश मानते हैं, निगम की बैठक बुलाकर चुनाव करवाते हैं। एक चुने हुए मेयर की जगह एक

## जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी से त्रस्त हो चुके : पीएम मोदी

जम्मू (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हैं। नेता वोटरों को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य में तीसरे चरण के चुनाव के प्रचार के लिए जम्मू पहुंचे। शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर कटाक्ष किया है। पीएम मोदी ने कहा कि ये चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है। आज शहीद वीर सरदार भगत सिंह की जन्म जयंती भी है। देश के करोड़ों युवाओं की प्रेरणा, भगत सिंह जी को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू की ये सभा विधानसभा चुनाव की मेरी आखिरी सभा है। मुझे बीते हफ्तों में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का मौका मिला है। मैं जहां भी प्रचार के लिए गया, वहां भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा नहीं चाहते हैं। लोग शांति और समृद्धि चाहते हैं। यहां के लोग अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार चाहते हैं! पीएम मोदी ने कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीडीपी के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वहीं निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक, अलगाव और खून-खराबा अब नहीं चाहते हैं। यहां के लोग अमन-शांति चाहते हैं।

पिछले दो चरणों में हुए भारी मतदान ने जनता का मूड बता दिया है। दोनों ही चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त मतदान हुआ है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। जम्मू क्षेत्र के लोगों के लिए इतिहास में पहले कभी ऐसा मौका नहीं आया है, जो इस चुनाव में आया है। अब पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। आपको इस मौके को छोड़ना नहीं है।

## पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश भी हिंदुस्तान में हो शामिल : रिजवी

### पीएम मोदी व योगी मिलकर कर सकते हैं अखंड भारत का सपना पूरा

बरेली,(ईएमएस)। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान का समर्थन किया जो उन्होंने पीओके को लेकर कही थी। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि जम्मू कश्मीर में इस वक्त चुनाव चल रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर सीएम योगी ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया और वहां भाषण दिया। सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा था कि सिंध के बगैर हिन्द मुकम्मल नहीं और चुनाव जीतने के बाद कश्मीर, जो पाकिस्तान के नियंत्रण में है, उसे हिंदुस्तान में शामिल किया जाएगा।

सीएम योगी के बयान पर मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि सिंध वह हिस्सा है, जो कल तक हमारे हिंदुस्तान का था और 1947 के बाद यह हिस्सा पाकिस्तान में चला गया। हम तो अखंड भारत की बात करते हैं, अखंड भारत होना चाहिए। बात सिर्फ पीओके की नहीं है, पूरा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश हमारे हिंदुस्तान का हिस्सा है। यह कल हिंदुस्तान का हिस्सा था तो आज हिंदुस्तान का हिस्सा हो सकता है।

मौलाना रिजवी ने कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि पीओके ही नहीं पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को भी हिंदुस्तान में शामिल कर लेना चाहिए ताकि हमारा अखंड भारत का सपना जल्द पूरा हो। आज का माहौल बहुत अच्छा है। केंद्र में और हमारे राज्य में बीजेपी की सरकार है।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी हैं, यूपी में योगी आदित्यनाथ हैं। ये दोनों मिलकर अखंड भारत का सपना पूरा कर सकते हैं। अगर ये दोनों मिलकर कोशिश करें, तो इंशाल्लाह, वह वक्त दूर नहीं जब भारतीय मुसलमानों और हिंदू भाइयों का सपना, जो अखंड भारत का है, साकार हो सकता है।

## यूपी में मानसून रिटर्नस्-कई जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट

# आठ लोगों की जान गई



लखनऊ (ईएमएस)। यूपी में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने पहले ही कई जिलों में तेज बारिश की संभावना जताते हुये अलर्ट जारी कर दिया था। बारिश के मद्देनजर अयोध्या और गोण्डा में सभी स्कूलों को शनिवार को बंद रखा गया है। वहीं बारिश प्रभावित जिलों में प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलने को कहा है।

पिछले 48 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। जिसकी वजह से अलग-अलग जिलों में हादसे हुए जिनमें आठ लोगों की जान चली गई। बारिश की वजह से कई गांवों की बिजली ठप हो गई तो वहीं दस से ज्यादा घरों के ढहने की खबर है। यूपी में शुक्रवार को 58 से ज्यादा जिलों भारी बारिश हुई। जबकि सुल्तानपुर के लंभुआ में सबसे अधिक 270 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान यहां भव्या क्षेत्र में बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं सीतापुर के 300 से ज्यादा गांवों में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। यहाँ के गवहिया गांव में घर की दीवार गिरने से 15 साल की एक लड़की की मौत हो गई।

अयोध्या का हाल भी बेहद खराब रहा, यहां इस सीजन की सबसे अधिक 120 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यहाँ के तारुन में छप्पर गिर गया, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ललितपुर और फतेहपुर में भी बिजली गिरने से एक बच्ची और महिला समेत तीन की मौत हो गई। अंबेडकर नगर में बिजली गिरने से चार बहनों की झुलस गई।

मौसम विभाग की तरफ से गोरखपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, जालौन, बाराबंकी और हमीरपुर समेत आसपास के जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बारिश से प्रभावित लोगों की तत्काल मदद करने के निर्देश दिये हैं। बारिश के चलते धान के किसानों की चिन्ता बढ़ गयी है। बताया जा रहा है कि कई जिलों में धान की फसल पक कर तैयार है। ऐसे में बारिश का होना धान की फसल के लिए अच्छा नहीं है।

## कांग्रेस का वादा हर माह महिलाओं को 2 हजार रुपये की मदद

### हरियाणा विधानसभा चुनाव : कांग्रेस ने जारी किया घोषणा-पत्र, कई लुभावने वादे

### 25 लाख तक मुफ्त इलाज महिलाओं को हर माह दो हजार रुपए देने का वादा

चंडीगढ़,(ईएमएस)। कांग्रेस ने आज यानी शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा-पत्र कर दिया है। 40 पेजों के घोषणा-पत्र में कांग्रेस ने कई वादे किए गए हैं, जिनमें 25 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज और महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए की आर्थिक मदद देना शामिल है। इसके साथ ही, सतलुज-यमुना लिंक नहर से पानी लेने का भी वादा किया गया है।

दिल्ली में पिछले हफ्ते कांग्रेस ने हरियाणा के लोगों के लिए सात वादे-पक्के इरादे की घोषणा की थी, जो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में पेश की गई थी। पार्टी का दावा है कि घोषणा-पत्र में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है और पिछले कार्यकाल में किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया गया है।

घोषणापत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए शिक्षा का स्तर सुधारना। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना। 25 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज। महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता के रुप में हर महीने दो हजार रुपये की मदद। किसान आयोग का गठन जिसमें किसानों के मुद्दों पर ध्यान देने की बात कही गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी भी दी गई है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि हमें पूरा यकीन है कि राज्य में कांग्रेस सरकार बनाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी वादों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

कांग्रेस का यह घोषणा-पत्र हरियाणा की जनता को आकर्षित करने का प्रयास है, और अब यह देखना होगा कि चुनावी मैदान में ये वादे किस हद तक प्रभाव डालते हैं। कांग्रेस की कोशिश है कि जनता के विश्वास को जीतकर राज्य में सत्ता में वापस आए।

# संपादकीय
## कोयलांचल संवाद

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में सच और झूठ की लड़ाई?

हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम स्तर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन संवाद किया। इस संवाद पर उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस का आधार सिर्फ झूठ बोलने का है। कांग्रेस बड़े-बड़े झूठे दावे कर रही है। कांग्रेस के झूठे दावे का करंट कमजोर हो चुका है। मोदी ने कांग्रेस के ऊपर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस अधिकतर समय गुटबाजी और कांग्रेस नेताओं का हिसाब चुकता करने में बीतता है। कांग्रेस जनता के मुद्दों से दूर हो गईं है। हरियाणा की जनता को कांग्रेस के झूठ पर विश्वास नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस यदि धोखे से जीत भी गई, तो यहां गांधी परिवार और उनके जीजा का राज होगा। मोदी जी ने कहा कांग्रेस की आंतरिक कलह से हरियाणा का बच्चा-बच्चा परिचित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को झूठी पार्टी बताते हुए, भाजपा कार्यकर्ताओं से हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ युद्ध करने का शंखनाद किया है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में झूठ को लेकर कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं।उससे ऐसा लगता है, महाभारत की युद्ध भूमि में एक बार फिर से धर्म और अधर्म अर्थात झूठ और सच की लड़ाई लड़ी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में पहली बार पहुंचे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक झूठ पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी भारत में चीन का माल बेचना चाहते हैं। भारत में माल नहीं बनाना चाहते हैं। जिसके कारण हरियाणा के युवाओं को ना तो नौकरी मिल रही है, नाही रोजगार मिल रहा है। चीनी कंपनियों की लिस्ट देखिए,भारत में उनका पार्टनर कौन है। नरेंद्र मोदी झूठ की मार्केटिंग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। हरियाणा के युवा चोरी-छिपे भाग कर अवैध रूप से लाखों रुपए खर्च करके विदेश जा रहे हैं। बच्चे अपने माता-पिता से मिलने विदेश में चीख और चिल्ला रहे हैं। हरियाणा में कोई जॉब नहीं है। उन्होंने कहा मैं झूठ नहीं बोलता हूं। झूठ बोलना मोदी जी का काम है।10 साल से हरियाणा में भाजपा की सरकार है। इन्होंने कितना झूठ बोला है, यह हरियाणा की जनता को पता है। राहुल ने कहा कि हम कल जम्मू कश्मीर गए थे। वहां के सेव का व्यापार पूरी तरह से ढप्प हो गया है।कश्मीर के सेव का व्यापार अदाणी को मोदी जी ने दे दिया है। हरियाणा में नशे की गंगा बह रही है। हरियाणा के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। नौकरी नहीं मिल रही है। गुजरात के अदानी पोर्ट से हजारों किलो ड्रग्स भारत में बेचा जा रहा है। हरियाणा के युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। राहुल गांधी ने 2013 से 2024 के बीच में बोले गए मोदी जी और भाजपा के झूठ की गिनती कराते हुए, राहुल ने अपने आप को सच बोलने वाला बताया। राहुल गांधी ने मोदी जी को झूठ बोलने वाला नेता बताया। हरियाणा के चुनावी मैदान में सच और झूठ की यह लड़ाई मतदाताओं के सहारे, कांग्रेस और भाजपा द्वारा लड़ी जा रही है। जिस तरह से एक दूसरे के ऊपर झूठ बोलने के आरोप दोनों ही पक्षो द्वारा एक दूसरे के ऊपर लगाए जा रहे हैं। उससे कौरव-पांडवों के बीच हुए युद्ध की यादें ताजा हो जा रही हैं। धर्म और अधर्म की लड़ाई, कौरव और पांडवों के बीच में महाभारत का युद्ध लड़ा गया था। ठीक वैसे ही हरियाणा विधानसभा चुनाव का युद्ध कुरुक्षेत्र की भूमि में होता हुआ दिख रहा है। हरियाणा के चुनाव में कौन सच्चा है, कौन झूठा है। इसका फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। राहुल गांधी ने अपने आप को युद्धिष्ठर के रूप में पहचान बनाने की कोशिश की है। हरियाणा की जनता ने पिछले 10 सालों में डबल इंजन की सरकारों का सच और झूठ दोनों का अनुभव किया है। कांग्रेस ने पिछले 10 सालों में क्या किया है। यह भी हरियाणा जनता ने देखा है। चुनाव परिणाम ही हरियाणा के झूठ और सच का फैसला करेंगे। हरियाणा के चुनाव में दोनों ही पार्टियों की विश्वसनीयता को लेकर जनता के मन में क्या है। चुनाव परिणाम के बाद पता लग जाएगा कौन झूठा और कौन सच्चा है।

## हैदराबाद का विलयः मुक्ति या राजतंत्र से लोकतंत्र की ओर यात्रा?

**राम पुनियानी**

सत्रह सितंबर 1948 को हैदराबाद रियासत का भारत में विलय हुआ। हालांकि हैदराबाद को भारत का हिस्सा बनाने की कार्यवाही को पुलिस एक्शन कहा जाता है लेकिन वास्तव में यह काम भारतीय सेना ने किया था। इसे आपरेशन पोलो का नाम दिया गया था और इसे जनरल चौधरी के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। इसकी याद में भाजपा इस दिन को हैदराबाद मुक्ति दिवस के नाम से मनाती है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार इसे प्रजा पालन दिवस (लोकतंत्र के आगाज़ के दिन) के रूप में याद करती है। भाजपा नेता किशन रेड्डी ने कहा है कि इसे हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में न मनाना उन लोगों का अपमान है जिन्होंने सैन्य कार्यवाही के जरिए हुए हैदरबाद के विलय के संघर्ष में अपने जीवन का बलिदान दिया था। कुछ अन्य लोग कहते हैं कि नेहरू और पटेल के इस्लामोफोबिया के चलते हैदराबाद को बलपूर्वक भारत में शामिल किया गया। इनमें से अधिकांश बातें या तो एकपक्षीय हैं या पूर्वाग्रहपूर्ण हैं। क्या एक मुस्लिम शासक वाली रियासत को मुस्लिम राज्य (हैदराबाद) कहना उचित है, जबकि वहां हिंदुओं का बहुमत था। इसी तरह, क्या मुस्लिम-बहुल और हिंदू शासक वाले राज्य (कश्मीर) को हिंदू रियासत कहना ठीक होगा? हालांकि कई अध्येता हैदराबाद और कश्मीर के भारत के विलय को धार्मिक नज़रिए से देखते हैं। लेकिन इसकी मुख्य वजहों में से एक थी भौगोलिक और दूसरी थी राजशाही से लोकतंत्र की ओर यात्रा। कश्मीर में यह किस हद तक हासिल किया जा सका, यह शंकास्पद है क्योंकि इस इलाके में पड़ोसी पाकिस्तान की दखलअंदाजी एक बड़ा मुद्दा है। पाकिस्तान एक मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहता था और मानता था कि मुस्लिम-बहुल होने के कारण कश्मीर का विलय जिन्ना के 'द्विराष्ट्र सिद्धांत' के अनुरूप पाकिस्तान में होना चाहिए। द्विराष्ट्र सिद्धांत के प्रतिपादक सावरकर थे। तो फिर आखिर क्यों नेहरू ने कश्मीर को भारत में शामिल करवाने में रूचि दिखाई? क्या इसके पीछे सिर्फ भौगोलिक विस्तारवाद था या इसका उद्देश्य सामंतवाद और राजशाही के खिलाफ वहां चल रहे लोकतांत्रिक आंदोलन का समर्थन करना था? शेख अब्दुल्ला ने अपने लोकतांत्रिक नजरिए के चलते अपनी मुस्लिम कान्फ्रेंस का नाम बदलकर नेशनल कान्फ्रेंस किया। वे धर्मनिरपेक्षता के पैरोकार थे और गाँधी और नेहरु के धर्मनिरपेक्ष-लोकतान्त्रिक मूल्यों के समर्थक थे। पाकिस्तानी सेना के आक्रमण, जिसे कबायलियों का हमला बताया गया, को पर्दे के पीछे से अमरीका और ब्रिटेन द्वारा शह दिए जाने से समस्या और जटिल हो गई। इसके अलावा सार्वभौमिकता का मसला भी था। राजा-नवाब और कई अन्य लोग भी रियासतों पर उनके शासकों के धर्म के आधार पर लेबल चस्पा करते थे। भारतीय राष्ट्रवादी मानते थे कि सार्वभौमिकता जनता में निहित होती है न कि शासकों में। हैदराबाद के भारतीय संघ में विलय के जटिल मसले को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। भारत के स्वतंत्र होने पर उस समय मौजूद 600 से अधिक रियासतों को विकल्प दिया गया था कि वे या तो अपनी रियासत का भारत या पाकिस्तान में विलय कर लें, या फिर स्वतंत्र रहें। अंग्रेजी राज में इन रियासतों को कुछ हद तक स्वायत्ता हासिल थी, लेकिन अब उनके सामने असमंजस की स्थिति थी। उनमें से अधिकतरहे शासक आजाद बने रहना चाहते थे। लार्ड माउंटबेटन ने उन्हें सलाह दी कि उन्हें अपनी रियासत का उस देश में विलय करना चाहिए जो भौगोलिक दृष्टि से उनकी रियासत के निकट हो। ज्यादातर रियासतों का विलय, सरदार पटेल की निगरानी में किआ जा रहा था और माउंटबेटन ने रियासतों के राजाओं-नवाबों को रक्षा, संचार और विदेशी मामलों को छोड़कर ज्यादातर अन्य मामलों में अपेक्षाकृत अधिक स्वायत्ता देने का वायदा किया था। इसके बदले में उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि वे उनकी अकूत संपत्ति और धन के स्वामी बने रहेंगे। अंततः अधिकांश रियासतों ने भारत का हिस्सा बनने का फैसला किया। त्रावणकोर के हिंदू शासक भी काफी हिचकिचाहट के बाद भारत का हिस्सा बनने के लिए राजी हुए। कश्मीर के राजा हरिसिंह ने अपनी रियासत का भारत में विलय करने से इंकार कर दिया और हैदराबाद के निजाम भी इसके लिए राजी नहीं हुए। जैसा कि ऊपर बताया गया है, भारतीय नेता मानते थे कि सार्वभौमिकता राजाओं में नहीं वरन् जनता में निहित है। इन राजाओं में से अधिकांश अंग्रेजों के प्रति वफादार थे और काफी ऐशोआराम की जिंदगी बसर कर रहे थे। जूनागढ़ को सैन्य कार्यवाही के माध्यम से भारत में शामिल किया गया और इसके बाद हुए जनमत संग्रह में जनता ने इस निर्णय की पुष्टि की।

# अब अदालत में लहसुन की सुनवाई

**राकेश अचल**

| मुझे आज लेबनान पर हो रहे हमलों पर लिखना था ,लेकिन लिख रहा हूँ लहसुन के बारे मे। हमारे देश की अदालतें इतनी दरियादिल हैं कि वे एक और यदि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मामले की सुनवाई करतीं हैं तो दूसरी तरफ लहसुन पर आयी याचिका की सुनवाई भी करतीं हैं और वो भी चीनी लहसुन के मामले की। लहसुन को हमारे यहाँ लशुन भी कहते है। लहसुन हालाँकि प्याज जाति का कंद है किन्तु प्याज की गाँठ होती है और लहसुन की कलियाँ। अदालत में विवाद उस लहसुन का है जो हमारा नहीं बल्कि चीन का है ,और चीनी लहसुन पर भारत सरकार ने रोक लगा रखी है ,फिर भी चीन का लहसुन भारतीय बाजारों में इफरात में बिक रहा हैमामला दिलचस्प है इसलिए मैंने दूसरे तमाम विषयों को तिलांजलि देकर लहसुन पर लिखा शुरू कर दिया। प्रतिबंध के बावजूद चीन के खतरनाक लहसुन के धड़ल्ले से देश में आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त और कलेक्टर को कार्रवाई करने का आदेश दिया है। फरियादी की ओर से पेश किए गए चीन के लहसुन को प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के पेश हुए अफसर से सील करवा दिया। अदालत ने 15 दिन में इसकी जांच रिपोर्ट मांगी है।इलाहबाद का हाईकोर्ट सचमुच सम्वेदनशील है। हर मामले में संवेदनशील है । राहुल गाँधी की नागरिकता के मामले में भी और चीनी लहसुन की बिक्री के मामले में भी। आपको ये जानकर हैरानी होगी की इलाहबाद हाईकोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 10.74 लाख है। देश में 25 हाईकोर्ट में से इलाहाबाद हाईकोर्ट इस मामले में सबसे आगे है। ये राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के आंकड़े हैं।

बहरहाल लहसुन पर लौटते है। इलाहबाद हाईकोर्ट ने कहा कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त और लखनऊ के डीएम हेल्पलाइन नंबर जारी करें, जिससे लोग चीन के लहसुन की बिक्री की शिकायत उस पर दर्ज करवा सकें। कोर्ट ने इस नंबर पर मिलने वाली शिकायतों पर सख्त करवाई करने के निर्देश दिए हैं।न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया। मोतीलाल ने खतरनाक चीनी लहसुन की बिक्री की प्रकाशित खबरों को याचिका के साथ लगाकर इसपर सख्त प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया था। फरियादी का कहना है की देश में 2014 से ही इस लहसुन की बिक्री प्रतिबंधित है, इसके बावजूद बाजारों में यह खुलेआम बिक रहा है।

लहसुन भले ही हमारे यहां औषधीय माना जाता है लेकिन कुछ लोग हैं जो इसे हाथ भी नहीं लगाते ,उनके लिए लहसुन अस्पृश्य है । हमारे वैद्य जी कहते हैं कि लहसुन में रासायनिक तौर पर गन्धक की आधिक्य होती है। इसे पीसने पर ऐलिसिन नामक यौगिक प्राप्त होता है जो प्रतिजैविक विशेषताओं से भरा होता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, एन्ज़ाइम तथा विटामिन बी, सैपोनिन, फ्लैवोनॉइड आदि पदार्थ पाए जाते हैं।अक्सर लहसुन खली पेट खाने की सलाह दी जाती है। लहसुन को लेकर कहावते उतनी नहीं हैं जितनी प्याज को लेकर है। प्याज को काटा जाता है ,लहसुन को छीला जाता है । लहसुन की पैकेजिंग प्रकृति ने मक्के के भुट्टे की तरह बहुत आकर्षक तरीके से की है। जाहिर है कि ये विशेष कंद है अन्यथा इसे धरती के भीतर आलू की तरह उगने के लिए न छोड़ दिया जाता ?

कहते हैं कि लहसुन एक दक्षिण यूरोप में उगाई जाने वाली प्रसिद्ध फसल है। भारत में लहसुन की खेती को ज्यादातर राज्यों में की जाती है लेकिन इसकी मुख्य रूप से खेती गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु में की जाती है। इसका 50 प्रतिशत से भी ज्यादा उत्पादन गुजरात और मध्यप्रदेश राज्यों में किया जाता है। हमारे यहां एग्रीफाउंड वाइट (जी. 41 ), यमुना वाइट (जी.1 ), यमुना वाइट (जी.50), जी.51 , जी.282 ,एग्रीफाउंड पार्वती (जी.313 ) और एच.जी.1 प्रजाति का लहसुन मिलता है ,लेकिन हमारे पड़ौसी देश चीन ने हमारे लहसुन के सामने अपना लहसुन खड़ा कर दिया।

आपको शायद पता हो या न हो लेकिन भारत में साल 2014 से ही प्रतिबंधित किया गया ,लेकिन चाइनीज लहसुन भारतीय मंडियों और खुदरा बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है. जिस लहसुन को देसी समझकर आप अपने घर ले जा रहे हैं और दाल-सब्जी में तड़का मारकर खा रहे हैं, वह सिंथेटिक रूप से खतरनाक कैमिकल्स से बना फंगस वाला चाइनीज लहसुन हो सकता है। चीनी लहसुन का अवैध व्यापार एक लम्बे अरसे से जारी है। चीन अक्सर नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते इसकी यहां डंपिंग करता है. इन दोनों ही देशों के साथ भारत लहसुन का ड्यूटी फ्री व्यापार करता है. भारत पहुंचने वाला चीनी लहसुन कई बैक्टीरिया और बीमारियों को साथ लेकर पहुंचता है. ये लोगों की सेहत पर असर डालता है। हाल में एक वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि चीन में लहसुन 'सीवर के पानी' में पैदा होता है. इसे सफेद दिखाने के लिए आर्टिफिशियल तरीके से 'ब्लीच' किया जाता ह। आपको शायद पता न हो लेकिन हकीकत ये है ki भारत में करीब 32.7 लाख टन लहसुन का उत्पादन होता है. भारत में सबसे ज्यादा लहसुन का उतपादन मध्य प्रदेश में होता है। हालांकि चीन में उत्पादन गिरने के बावजूद वह दुनिया में नंबर-1 है । चीन में हर साल करीब 2 से 2.5 करोड़ टन लहसुन का उत्पादन होता है, चीन के मुकाबले भारत का लहसुन थोड़ा छोटे आकार का होता है। वहीं इसका रेट चीन के मुकाबले काफी कम है। चीनी लहसुन की ग्लोबल मार्केट में 1250 डॉलर प्रति टन कीमत है, तो वहीं भारतीय लहसुन 450 से 1000 डॉलर प्रति टन तक मिलता है। इसलिए भारत गरीब से लेकर अमीर देशों तक के हिसाब से लहसुन की क्वालिटी उपलब्ध करा पाता है। चीनी लहसुन की मांग अधिकतर अमेरिका और यूरोपीय देशों में है, जबकि भारत मलेशिया, थाईलैंड, नेपाल और वियतनाम को लहसुन का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है ।

बावजूद इसके भारतीय चमकदार बगुलामुखी रंग की दीवानगी के फेर में पढ़कर चीनी लहसुन खरीद लाते हैं। दुर्भाग्य ये है कि जिस तरह हमारी सरकार चीनी घुसपैठ रोकने में नाकाम है उसी तरह लहसुन की घुसपैठ के मामले में भी नाकाम है । प्रतिबंध के बाद भी भारत में चीनी लहसुन की उपलब्धता इसका प्रमाण है । खुद प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में चीनी लहसुन की घुसपैठ है । गुजरात के लहसुन उत्पादक इसके खिलाफ लामबंद भी हैं। अब जब चीनी लहसुन चुनावी मुद्दा बनेगा ,तब शायद इस मामले को सरकार गंभीरता से ले ।

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट

**ललित गर्ग**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा



नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। चिंता यह भी कि यदि रैंडम सैम्पलिंग में ये दवाइयां पकड़ी नहीं जाएं तो इनकी खुलेआम बिक्री लोगों की सेहत पर खतरा बन कर मंडराती रहती हैं। एक तरफ सीडीएससीओ ने दवाओं की सुगम आपूर्ति के लिए अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा व यूरोपीय संघ के कुछ चुनिंदा देशों से आयातित दवाओं को नियमित नमूना परीक्षण से छूट दी है, वहीं देश के बाजारों में पहुंची दवा निर्माता कंपनियों की दवाओं में मिलने वाली यह खोट हमारी छवि पर विपरीत असर डालने वाली है। दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्द निवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन-संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है। यह कैसी विडम्बना एवं विसंगतिपूर्ण दौर है जिसमें जिसको जहां मौका मिल रहा है, वह लूटने में लग हुआ है, यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ तब तक ही ईमानदार है जबतक उसको चोरी करने का या लूटने का मौका नहीं मिलता। हद तो तब है जब कई जगह जीवनरक्षक इंजेक्शनों की जगह नकली इंजेक्शन तैयार करने की खबरें भी आती रहती हैं। हम कितनें लालची एवं अमानवीय हो गये हैं, हमारी संवेदनाओं का स्रोत सूख गया है, तभी अपना ईमान बेच कर इंजेक्शन में पैरासिटामोल मिलाकर बेचने लगते हैं, हम तो अपनी तिजोरियां भरने के लिए जिंदा इंसानों को ही नोच रहे हैं, कहाँ लेकर जाएंगे ऐसी दौलत या फिर किसके लिए? यह कैसी मानवीयता है? दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। सरकार का व्यवस्था पर नियंत्रण कमजोर होता दिख रहा है। आम आदमी जाए तो कहां जाये? विश्व को श्रेष्ठ, नैतिक एवं मानवीय बनने का उपदेश देने वाला देश आज कहां खड़ा है? आज इन मूल्यों एवं संवेदनाओं की दृष्टि से देश कितना खोखला एवं जर्जर हो गया है। आज भौतिक एवं स्वार्थी मूल्य अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा चुके हैं कि उन्हें निर्मूल करना आसान नहीं है। मनुष्य का संपूर्ण कर्म प्रदूषित हो गया है। सारे छोटे-बड़े धंधों में अनीति प्रवेश कर गई है। अमानक दवाओं का बढ़ता बाजार एक कलंक बनकर उभरा है। निस्संदेह यह संकट जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। ऐसे में सरकारों को दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी होगी।

# आदिवासीयों को मुख्यधारा में जोड़ने की कोशिश

**संजय गोस्वामी**

आदिवासी शब्द दो शब्दों आदि और वासी से मिल कर निर्मित है और इसका अर्थ है जो आदि काल से वास कर रहा हो अर्थात मूल निवासी।भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा आदिवासियों का है। लोगों का ध्यान आकर्षित करने और मनोरंजन के लिए ही लोग आदिवासी समाज और सुसंस्कृति की ओर जाते रहे हैं। नतीजा हमारे सामने है उनके जीवन और रीति- रीवाजों के बारे में सनसनीखेज ब्योरे तो खूब मिलते हैं, पर उनके पारिवारिक जीवन की मानवीय व्यथा नहीं। उनके अलौकिक विश्वास, जादू टोने और विलक्षण अनूष्ठानों का आँखों देख हाल तो मिलता है, पर उनकी जिंदगी के हर सिम्त हाड़तोड़ संघर्ष की बहुरूपी और प्रमाणिक तस्वीर नहीं मिलते हैं। वे आज भी आदमी की अलग नस्ल के रूप में पेश किए जाते हैं। पुरातन संस्कृत ग्रंथो में आदिवासियों को अत्विका और वनवासी भी कहा गया है। संविधान में आदिवासियों के लिए अनुसूचित जनजाति पद का उपयोग किया गया है। भारत के प्रमुख आदिवासी समुदायों में संथाल,गोंड, मुंडा, हो, बोडो, भील, खासी, सहरिया, गरासिया, मीणा, उरांव, बिरहोर आदि हैं। महात्मा गांधी ने आदिवासियों को गिरिजन (पहाड़ पर रहने वाले लोग) कह कर संबोधित किया था। इस पर वामपंथी मानविज्ञानियों ने प्रश्न उठाया था कि क्या ये मैदान में रहने वालों को मैदानी कहा जाता है। आदिवासी को दक्षिणपंथी लोग वनवासी या जंगली कहकर पुकारते हैं। इस तरह के नामों के पीछे बुनियादी रूप से यह धारणा काम कर रही होती है कि आदिवासी जंगल में वास करते हैं। वे देश के मूल निवासी हैं या नहीं तथा आर्य यहीं के मूल निवासी हैं या बाहर से आए हैं। भारत के मूलनिवासी कौन हैं, ये तमाम प्रश्न अभी भी भारतीय मानव विज्ञान में उलझा हुआ है। आमतौर पर आदिवासियों को भारत मे जनजातीय लोगों के रूप मे जाना जाता है। आदिवासी मुख्य रूप से भारतीय राज्यों उड़ीसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल मे अल्पसंख्यक है जबकि भारतीय पूर्वोत्तर राज्यों में यह बहुसंख्यक हैं, जैसे मिजोरम। भारत सरकार ने इन्हें भारत के संविधान की पांचवी अनुसूची में अनुसूचित जनजातियों के रूप में मान्यता दी है। अक्सर इन्हें अनुसूचित जातियों के साथ एक ही श्रेणी अनुसूचित जातियों और जनजातियों मे रखा जाता है जो कुछ सकारात्मक कार्रवाई के उपायों के लिए पात्र है। आदिवासी के अपने जनजातीय संप्रदाय हैं, जो इस्लाम या वैदिक हिंदू धर्म से अलग हैं पर तांत्रिक शैव के अधिक करीब हैं। 19 वीं सदी के दौरान ईसाई मिशनरियों द्वारा इनकी एक बडी-संख्या का परिवर्तन कराकर ईसाई बना दिया गया। माना जाता है कि हिंदुओं के देव भगवान शिव भी मूल रूप से एक आदिवासी देवता थे लेकिन आर्यो ने भी उन्हें देवता के रूप मे स्वीकार कर लिया। जब सदानी जातियों की मूल जाती नागवंशियों ने छोटानागपुर में राज्य बनाया था। खुखर राज्य के पहले राजा नागवंशी फणीमुकूट राय थे जिन्होंने मुंडाओं के सहयोग से राज्य की स्थापना की थी। नाग जाति के बारे में अभी तक पर्याप्त शोध नहीं हुए हैं किन्तु डॉ. अम्बेडकर तथा कई अन्य विद्वानों ने जो प्रमाण और साक्ष्य जुटाए हैं वे नाग जाति के इतिहास के अस्तित्व को स्पष्ट स्थापित करते हैं। नाग जाति बहुत सुसंस्कृत, बहादुर और शांतिप्रिय जाति रही हैं इस जाति ने गौतम बुद्ध के नेतृत्व में सैकड़ों वर्षों तक ब्राह्मण धर्म के जातिभेद और छुआ द्द छूत के खिलाफ संघर्ष किया था। हिन्दूओं ने अपने बहुत से पर्व द्द त्योहार इस जाती के संस्कृति से लिए हैं प्रसिद्ध राजा शशांक इसी नाग जाति के थे। आदिवासियों का जिक्र रामायण में भी मिलता है, जिसमें राजा गोहु और उनकी प्रजा चित्रकूट में श्रीराम की सहायता करती है। आधुनिक युग में एक आदिवासी बिरसा मुंडा, एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ एक धार्मिक नेता भी थे। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि भी एक भील आदिवासी थे। बहुत से छोटे आदिवासी समूह आधुनिकीकरण के कारण हो रहे पारिस्थिति की पतन के प्रति काफी संवेदनशील हैं। व्यवसायिक वानिकी और गहन कृषि दोनों ही उन जंगलों के लिए विनाशकारी साबित हुए हैं जो कई शताब्दियों से आदिवासियों के जीवन यापन का स्रोत रहे थे। आदिवासियों के विशेषज्ञ जे. जे. राय बर्मन के अनुसार आदिवासियों में सभी जातियां मूल आदिवासी जाति की केटेगरी में नहीं आतीं, इसी तरह मूल आदिवासियों में अनेक जनजातियां बाहर से आयी हैं। आज इन जनजातियों के लोग जहां रहते हैं वहां वे मूल रूप से नहीं रहते थे। मसलन मणिपुर के कूकी आदिवासी, मिजोरम के लूसिस जनजाति के लोग मूलतः दक्षिण चीन और चिन पर्वत के निवासी हैं। ये लोग कुछ सौ साल पहले ही स्थानान्तरित होकर भारत में आए हैं। कूकी को ब्रिटिश शासकों ने नागा बहुल इलाकों में बसाया था। जिससे नागा और वैष्णवपंथी मैइती जनजाति के बीच में बफर जॉन पैदा किया जाए। लूसी जनजाति से सैलो का संबंध है इसके मुखिया को ब्रिटिश शासकों ने ठेकेदार के रूप में बढ़ावा दिया जिससे वह मिजोरम में सड़कें बनाए। इस तरह अन्य जगह से लाकर बसाए गए आदिवासियों की बस्तियों का दायरा धीरे-धीरे त्रिपुरा तक फैल गया। जिसे इन दिनों तुइकुक के नाम से जानते हैं। यहा त्रिपुरा के राजा की नीति थी एउसने अपने राज्य में रियांग और चकमा जनजाति के लोगों को बाहर से लाकर बसाया। जिससे कॉटन मिलों के लिए झूम की खेती के जरिए कॉटन का अबाधित प्रवाह बनाए रखा जा सके। बोडो जनजाति के लोग मूलतः भूटान के हैं और बाद में वे असम में आकर बस गए। टोटोपारा इलाके के टोटो जनजाति के लोग भूटान से आकर उत्तर बंगाल की सीमा पर आकर बस गए। इनमें अनेक ऐसी जनजातियां भी हैं जो एक जमाने में अपराधी जाति के रूप में ही जानी जाती थीं उन्हें भूटान के राजा ने अपने राज्य से निष्कासित कर दिया था।

मेघालय में रहने वाली खासी जनजाति के लोग मूलतः कम्पूचिया के हैं और माइग्रेट होकर कुछ सौ वर्ष पहले ही मेघालय में आकर बसे हैं। ये खमेर जनजाति का अंग हैं। देंजोंग भूटिया जनजाति जो सिक्किम की वफादार जनजाति है, वह तिब्बत से आकर बसे हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल के वीरभूम और मिदनापुर जिले से माइग्रेट करके संथाल जनजाति के लोग झाररखण्ड के संथाल परगना में जाकर बस गए हैं। ये ऐतिहासिक तथ्य हैं। लेकिन इस ऐतिहासिक तथ्य से मनुष्य कहलाने का अधिकार नहीं छीन जाता। जब तक जंगल तथाकथित सभी लोगो को डराता रहा तब तक उसमे निवास करने वाले आदिवासी सुरक्षित थे। प्रकृति की गोद में अलमस्त सी जिन्दगी से इन्हें कोई शिकवा शिकायत भी नहीं थी। लेकिन पैसे की भूख तथाकथित सभ्य मानव को जंगल तक खींच लाई और आदिवासी जंगल से बेदखल किये जाने लगे। सरकार के पास इनके पुनर्वास की कोई योजना नहीं है। अपने जल-जंगल-जमीन से बेदखल महानगरों में शोषित-उपेक्षित आदिवासी किस आधार पर इसे अपना देश कहें बाजार और सत्ता के गठजोड़ ने आदिवासियों के सामने अस्तित्व की चुनौती खड़ी कर दी है। जो लोग आदिवासी इलाकों में बच गए ,वे सरकार और उग्र वामपंथ की दोहरी हिंसा में फंसे हैं। अन्यत्र बसे आदिवासियों की स्थिति बिना जड़ के पेड़ जैसी हो गई है। नदियों, पहाड़ों, जंगलों, आदिवासी पड़ोस के बिना उनकी भाषा और संस्कृति, और उससे निर्मित होने वाली पहचान ही कहीं खोती जा रही है। आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व के लिए इतना गहरा संकट इससे पहले नहीं पैदा हुआ। जब सवाल अस्तित्व का हो तो प्रतिरोध भी स्वाभाविक है। इस प्रतिरोध को भुनाने की कोशिश नक्सलवाद के रूप में नजर आती है। इन्हें सर्वप्रथम यही नहीं मालूम कि नस्क्सल पंथ है क्या भोले-भाले आदिवासी सरकार और नक्सलवादी दोनों ओर से पिस रहे हैं। आज जरुरत है एक मानवीय सोच की,या तो इन्हें इनका इलाका फिर से वापस मिल जाए ताकि तथाकथित सभ्य समाज के प्रपंचो से दूर ये अपनी संस्कृति के मौलिक स्वरूप के साथ जीवन यापन कर सके या फिर समाज के मुख्यधारा में जोड़ने की कोशिश हो ताकि शहरों में आकर ये जंगली ना कहलायें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भगत सिंह का बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैः के पी यादव

दुमकाःसंताल परगना महाविद्यालय में शहीद - ए-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस पर एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भगत सिंह पर कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि भगत सिंह को देशभक्ति की प्रेरणा अपने चाचा अजीत सिंह से मिली। बचपन में ही उन्होंने भारत माता की आजादी के स्वप्न देखने शुरू कर दिए थे। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेजी सरकार की नाक में दम कर दिया था। अंग्रेज अधिकारी सांडर्स की हत्या एवं केंद्रीय सभा में बम फेंकने के कारण राजगुरु एवं सुखदेव के साथ 23 मार्च 1931 को उनको फांसी दे दी गई। भगत सिंह ने दिखा दिया कि अपनी मातृ भूमि के लिए भारत के नौजवान अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ यदुवंश यादव ने कहा कि भगत सिंह बम और बंदूक से नहीं बल्कि विचारों की तलवार से परिवर्तन लाना चाहते थे। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुमित्रा हेम्ब्रम ने भगत सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों की सूची में शीर्ष स्थान दिया। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने आज के युवाओं से भगत सिंह के जीवन एवं उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ शम्भु कुमार सिंह ने भी भगत सिंह की जयंती पर अपने विचारों से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सेमेस्टर 6 के विनय हांसदा, एवं नादिरा कलाम ने भगत सिंह पर बेहतरीन भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ विनीता रानी टोप्पो, प्रो पुष्पा सोरेन, प्रो स्वेता बास्की, प्रो निर्मल मुर्मू, तथा डॉ सुजीत कुमार आर्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ त्रिजा जेनिफर टोप्पो ने किया।

### भगत सिंह जैसे देशभक्ति अपने अंदर उत्पन्न करनी होगी

दुमकाः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका नगर इकाई द्वारा सरदार भगत सिंह का जयंती एबीवीपी कार्यालय में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता टीएसवीपी प्रमुख प्रिंस कुमार ने किया वहीं नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता ने कहां भगत सिंह के जीवन उनके विचारों पर चलना यह अपने आप में एक नयें युग के निर्माण करने एवं, देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होना आवश्यक है। आजादी के महानायक भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से जुड़े कई प्रसंगों को इस मौके पर उपस्थित लोगों को अवगत कराया।भगत सिंह हमेशा देशहित एवं राष्ट्र हित की बात करते थे और हमें भी अपने देश एवं राष्ट्र हित के लिए काम करना है। युवाओं को जागृत करना है कि वह देश हित एवं राष्ट्र हित के लिए काम करें। यदि हमें भारत को एक महान राष्ट्र बनाना तो युवाओं को भगत सिंह जैसे देशभक्ति अपने अंदर उत्पन्न करनी होगी। मौके पर नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता, टीएसवीपी प्रमुख प्रिंस कुमार ,नगर सह मंत्री गेनेश मुर्मू ,सेनाथ पंडित ,उपेंद्र कुमार, ऋतुराज रजक, राज धर, क्रिस्टोफर हंसदा ,समेउल टुडू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### परिवर्तन सभा को मोहन यादव, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा करेंगे संबोधित

दुमकाःझारखंड में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा द्वारा संथाल परगना में परिवर्तन यात्रा का समापन 30 सितंबर 2024 को दुमका के आउटडोर स्टेडियम में एक विशाल जनसभा के रूप में किया जाएगा। मिडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि इस परिवर्तन सभा को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ,और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा जनसभा को मुख्य रूप से संबोधित करेंगे। परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं को उजागर करना, भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को राहत दिलाना और राज्य में सुशासन की स्थापना करना है। इस यात्रा के माध्यम से भाजपा ने जनता के समक्ष विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय पर आधारित अपने विजन को प्रस्तुत किया है। दुमका की इस ऐतिहासिक जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्र के हजारों नागरिक उपस्थित रहेंगे, जो राज्य में बदलाव की इस मुहिम को समर्थन दे रहे हैं। भाजपा का यह आंदोलन राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज को और बुलंद करेगा। दुमका की यह जनसभा हेमंत सरकार के कुशासन को उखाड़ फेंकने और झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने के भाजपा के संकल्प को सुदृढ़ करेगी।

### डॉ विनोद कुमार शर्मा को बनाया इंटरमीडिएट का प्रभारी प्राचार्य

दुमकाःसंताल परगना कॉलेज के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा को इंटरमीडिएट का प्रभारी प्राचार्य तत्काल प्रभाव से बनाया है। उन्हें यह दायित्व असिस्टेंट अकादमिक डीन व नैक कोऑर्डिनेटर के अतिरिक्त दिया है। इससे पूर्व यह दायित्व डॉ शंभु कुमार सिंह ने बहुत ही सफलतापूर्वक निभाया। उम्मीद की जाती है डॉ विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में न केवल नियमित रूप से सभी विषयों की कक्षाएं संचालित होगी बल्कि एक उन्नत शैक्षणिक और स्वस्थ्य वातावरण का निर्माण भी होगा। डॉ शर्मा के इंटरमीडिएट का प्रभारी प्राचार्य बनने से जैक कर्मियों ने न केवल ख़ुशी व्यक्त किया है बल्कि बधाई एवं शुभकामनाएं भी दिए।


**जिला स्वास्थ्य समिति जामताड़ा**

**Short Tender Notice**
**REQUEST FOR PROPOSAL**

District Health Society, Jamtara Jharkhand invite Tender from eligible bidder for rate contract and supply of **Snakebite Prevention and control programme related Drugs** as enclosed in Annexture E. The purpose of this tender is so solicit competitive bids from eligible suppliers capable of providing high-quality medicine.
Submission of the bid through Speed post/Registered post/By Courier only to the address as specified above during office hours only. Any other mode or late Submission of bids will be rejected.
For further information regarding terms and conditions please visit our website, www.jamtara.nic.in.
In case of any Addendum/Clarification/Corrigendum /Extension regarding this Quotation Call Notice, the same will be published in the above website.

**Fact Sheet**

| Sl.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Supply of Snakebite Prevention and control Programme Related Drugs for DHS JAMTARA |
| b. | Availability of RFP document at | www.Jamtara.nic.in |
| c. | Date of issue of RFP | 26/09/2024 |
| d. | Last Date for submission of proposal | 05/10/2024 at 02:00 PM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 05/10/2024 at 03:00 PM |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | AFTER FINALIZING TECHNICAL PROPOSAL |
| g. | Time allowed for completion | 15 days from the date of the work order. |
| h. | Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Rural Health Society, RCH Flexipool"drawing any Scheduled Bank payable at Jamtara. The bid EMD fee shall be submitted in 1st inner Envelope of the Technical Proposal in Original. |
| i. | Tender Document Fee (Non – Refundable) | Rs. 1000/- (Rupees One Thousand Only) ) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Rural Health Society, RCH Flexipool"drawing any Scheduled Bank payable at Jamtara. |
| j. | Address at which the tenders are to be submitted: | Office of the Civil Surgeon-Cum-Secretary, DHS Jamtara, Jharkhand. |

**Note:- The Specified date and time may change due to the declaration of holidays or other unforeseen Circumstances. The same shall be informed by the web portal as and when required.**

ह0/–
**Civil Surgeon-Cum- Secretary,**
**District Health Society, Jamtara.**

**PR 337486 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D**


# एसकेएमयू में छात्रों को अहिंसा की दिलाई गई शपथ तथा दिखाया गया डॉक्यूमेंट्री फिल्म



दुमकाःसिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक अहिंसा सप्ताह का आयोजन कर रहा है, जिसमें शनिवार को विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अहिंसा की शपथ दिलाई गई तथा गांधी के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण किया गया। इसके तहत कल सोमवार को विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के छात्र-छात्राओं के बीच लेखन, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा बुधवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा बुधवार को ही उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रम स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में डॉ बास्की नीरज के संयोजन में एक कमेटी बनाई गई है, जिसमें डॉ अमित मुर्मू, डॉ कमल शिवकांत हरि, कृष्णा कुमारी, पल्लवी चौधरी, अरिजीत घोष एवं गणेश कुमार शामिल हैं। कल आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने कहा कि अहिंसा हमें जोड़ती है जबकि हिंसा हमें विनाश की ओर ले जाती है तथा उन्होंने कहा कि समाज में जितने कम विभाजनकारी तत्व होंगे, उतनी ही कम हिंसा होगी, इसलिए हम सभी को अपने आसपास के विभाजनकारी तत्वों को बाहर निकालना होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने छात्रों को महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने की सलाह देते हुए कहा कि बेहतर और भयमुक्त समाज की स्थापना के लिए गांधी जी का अहिंसा और सत्य का सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्षों पहले था। उन्होंने बच्चों को अपने भीतर से उन सभी सामाजिक विकृतियों को बाहर निकालने की सलाह दी, जो समाज में हिंसा का कारण बनती हैं। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जयेंद्र यादव ने बच्चों को न केवल मानव बल्कि प्रकृति के साथ भी अहिंसक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति के विरुद्ध हिंसा कर रहा है, जिसके कारण आज विश्व के समक्ष कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान के डीन डॉ. टीपी सिंह, डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. एसएन अधिकारी, डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, डॉ. अजय सिन्हा, अमिता कुमारी, बास्की नीरज, गणेश कुमार, डॉ. कमल शिवकांत हरि, डॉ. अमित मुर्मू, अरिजीत घोष दीपक कुमार, विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के छात्र आदि उपस्थित थे।

### एसकेएमयूः यूजी सेमेस्टर-5 का रिजल्ट घोषित, 98.76 फीसदी छात्र पास

दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने शनिवार को यूजी सेमेस्टर -5 परीक्षा 2023, सत्र 2021-24 का रिजल्ट प्रकाशित कर दिया। उक्त परीक्षा में कुल 25324 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। कला, वाणिज्य एवं विज्ञान के विभिन्न विषयों में कुल 98.73 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। इस परीक्षा में कला प्रतिष्ठा के कुल 21207 परीक्षार्थियों में से 98.76 प्रतिशत, विज्ञान प्रतिष्ठा के कुल 3301 परीक्षार्थियों में से 98.64 प्रतिशत, वाणिज्य प्रतिष्ठा के कुल 731 परीक्षार्थियों में से 98.50 प्रतिशत उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। साथ ही कला सामान्य के कुल 54 परीक्षार्थियों में से 98.15 प्रतिशत, विज्ञान सामान्य के कुल 02 परीक्षार्थियों में से 100 प्रतिशत एवं वाणिज्य सामान्य के कुल 29 परीक्षार्थियों में से 100 प्रतिशत उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। ज्ञात हो कि यह परीक्षा 18 से 29 जुलाई तक विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

## भौतिकी विभाग के शोधार्थी सुमन बनर्जी इटली में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देंगें व्यख्यान



दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के शोधकर्ता सुमन बनर्जी को इटली के एरिस में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त सेमिनार एटोर मेजराना फाउंडेशन और सेंटर फॉर साइंटिफिक कल्चर, यूनिवर्सिटी ऑफ पलेर्मो, मेसिना के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक एरिस, इडली में होने जा रहा है। उक्त सेमिनार में भाग लेने के लिए उन्हें भारत सरकार के एसईआरबी-डीएसटी से यात्रा सहायता भी प्राप्त हुई है। आपको बता दें कि सुमन बनर्जी सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार यादव के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रहे हैं। उक्त सेमिनार में सुमन बनर्जी क्वांटम सिद्धांत पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे ।डॉ यादव ने बताया कि उनके शोधकर्ता डॉ सुमन बनर्जी सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय और पूरे देश का प्रतिनिधित्व ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर करने जा रहे हैं ।जहां अब तक 102 नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने अपने शोध आलेख प्रस्तुत किए हैं और उनमें से 42 ने ऐसे सेमिनार या कार्यशाला आदि में भाग लेने के बाद नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया है। एसईआरबी-डीएसटी से स्वीकृति मिलने पर शोधकर्ता सुमन बनर्जी और शोध मार्गदर्शक डॉ राजेश यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के कार्यालय पहुंचे, जहां कुलपति ने शोधकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और विश्वविद्यालय स्तर पर हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय और देश का नेतृत्व करना विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 9969 वादों का निष्पादन के साथ लगभग 43 करोड़ की राशि का किया गया समझौता

दुमकाः झालसा, रांची तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देशानुसार एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, उत्तम सागर राणा से प्राप्त सूचना अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। बेंच नंबर 1 से संजय कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, दुमका, दीपिका मुर्मू अधिवक्ता, दुमका तथा कुमार प्रभात, अधिवक्ता दुमका, उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 से प्रकाश झा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश- द्वितीय, दुमका, ओमियो मांझी, अधिवक्ता, दुमका एवं राधे मंत्री, अधिवक्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 से राजेश सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश- तृतीय, दुमका, राजेन्द्र कुमार, अधिवक्ता, दुमका एवं रूपक आचार्य, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से अनूप तिर्की, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका, अरुणादित्य पांडेय, अधिवक्ता, दुमका एवं धर्मवीर मिश्रा, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से मो जावेद खान, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, दुमका, कमोड नारायण झा, अधिवक्ता, दुमका एवं राकेश चंद्र लाल मरांडी, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से मोहित चौधरी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका विनीत कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी दुमका तथा नीतू कुमारी, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 7 से सुरेश चंद्र जायसवाल, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका, नीलमणि मराण्डी, सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका एवं चंदन बनर्जी, सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका उपस्थित हुए। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एम ए सी टी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि शामिल है। इस प्रकार कुल सात बेंचों से 9969 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 42,67,97,861/- रुपए की राशि का समझौता किया गया । साथ ही लोक अदालत में पहुंचे हुए विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता हेतु एक स्टॉल भी लगाया गया

## संताल परगना का इतिहास पुस्तक का लोकार्पण

दुमका :राजकीय पुस्तकालय दुमका में संताल परगना का इतिहास" पुस्तक के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। यह पुस्तक डॉ सुनील कुमार सिंह (सेवानिवृत आईएएस अधिकारी) द्वारा लिखी गई है। समारोह में पुस्तक के लोकार्पणकर्ता एवं मुख्य अथिति संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल एवं समारोह के विशिष्ट अथिति दुमका उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार सिंह के साथ क्राउन पब्लिकेशन के राजेन्द्र कुमार आर्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल ने बताया कि संथाल परगना का इतिहास शोधकर्ताओं और लेखकों के दिमाग से हमेशा दूर रहा है। वर्तमान में जो ग्रन्थ उपलब्ध है, वे उस क्षेत्र के आंशिक क्षेत्र या आंशिक अवधि पर लिखित हैं। एक सम्पूर्ण इतिहास हिन्दी में उपलब्ध नहीं है। अंग्रेजों द्वारा लिखित गजेटियर में संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध है। इस पुस्तक में संथाल परगना की स्वायत्तता आंदोलन को छोड़कर प्राचीन काल से स्वतंत्रता काल तक के इतिहास को शामिल किया गया है। यह तेरह अध्यायों में विभाजित है। प्रथम तीन अध्याय प्राचीन, मध्य कालीन और ब्रिटिश कालीन इतिहास का वर्णन करते हैं। इसी क्रम में उपायुक्त ने पुस्तक की सराहना की ओर बताया कि इस पुस्तक दो अध्याय संथाल विद्रोह 1855 और 1857 के विद्रोह पर समर्पित है। "दामिन-ए-कोह" शासन व्यवस्था के उद्भव और विकास पर अलग चर्चा की गई है। संथाल क्षेत्र में 1919-1947 के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन की भी व्याख्या की गई है। अन्य अध्यायों में भारत छोड़ो आंदोलन', संथाल अर्थव्यवस्था, संथाल समाज और संस्कृति के अलावे उस क्षेत्र में मिशन की उत्पत्ति, प्रगति और प्रभाव पर भी लिखा गया है। यह पहली बार है जब संथाल परगना के सभी पहलुओं का विवरण एक जगह पर डा० सिंह ने किया है जिससे न केवल छात्राओं, शोधकर्ताओं बल्कि प्रशासकों को भी काफी ज्ञानकारी मिल सकती है।पुस्तक के लेखक डॉ सुनील कुमार सिंह है जो सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इन्होंने राजस्व पर और राज्य के अन्य विषयों पर कई पुस्तकें लिखीं हैं। इस ग्रन्थ के प्रकाशक 'क्राउन पब्लिकेशन्स' है। इस पुस्तक में कुल 426 पृष्ट है और इसका मूल्य 900 रू. है।

## चिन्हित जॉन में हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन किया जाय : उपायुक्त

दुमकाःउपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सरकार द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में पछवाड़ा नार्थ कोल माइन से कुरुवा जीसीटी तक कोल ट्रांसपोर्टेशन को लेकर बैठक की गयी।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित जॉन में हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन किया जाय।कोल परिवहन के दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों का विशेष ध्यान दिया जाय।उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन 1 गाड़ी औसतन 2 ट्रिप कोल का परिवहन करे,इसे सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।कहा कि पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी परिस्थिति में प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का उल्लंघन नहीं हो।कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला प्रशासन को अवगत कराएं।


**Office of the District Superintendent of Education**
**Notice Inviting**
**(Very Short Notice Tender)**
**RFP FOR**

**Selection of Agency for Rate Contract To Develop Government Primary School into E-Smart Model Government Primary School across Dhanbad Under District Mineral Fund, Office of the District Superintendent of Education, Dhanbad, Govt. of Jharkhand**
**RFP No – 03**
**Opening date:26/09/2024** **Closing date:19/10/2024**

District Superintendent of Education, Dhanbad, Govt. of Jharkhand intends for Rate Contract to Develop Government Primary School into E-Smart Model Government Primary School across Dhanbad. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the biding process. The main purpose of procurement of these items is to develop government primary school into E-Smart model Government primary school and the use of which would enhance the interest as well as comfort level of the students.

The items supplied should be non-toxic, lead and arsenic free, chemical free and safe for the students for use.
The Bid document can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in) and the responses for this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have done after careful study and examination of this document and full understanding of its modalities, process of execution and items to be delivered. The bids are to be submitted uploaded hard copy by hand or by post (Registered / Speed) or by courier on or before the closing date in the address mentioned in the document. Technical bids submitted by the bidder will be opened in the presence of the Tender committee member. Detailed information regarding important dates, address for submission of bid, Material Supply List (MSL), Total Bill of Material (BOM), Quantity, Delivery Location and other requisite is available in the information Factsheet of this Bid Document.

**Sd/-**
**District Superintendent of Education,**
**Dhanbad**

**PR 337547 Primary Education (24-25)D**


## एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया, कांग्रेस सरकार जेल भेजने की साजिश कर रही

बेंगलुरु (ईएमएस)। केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार उन्हें 12 साल पुराने मामले में जेल भेजने की साजिश कर रही है। अगर ऐसी स्थिति आई तो वे स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चुनौती दी कि वह राज्य लोकायुक्त में अपने खिलाफ लंबित 70 मामलों के बारे में जनता को बताएं। बेंगलुरु में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने कहा, अगर सीएम सिद्धारमैया ईमानदार हैं, तो उनके खिलाफ इतने सारे मामले क्यों दर्ज हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया ने खुद को बचाने के लिए लोकायुक्त संस्था को बंद कर दिया और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की स्थापना की।कुमारस्वामी ने अप्रत्यक्ष रूप से सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा (मेरे पिता) की आंखों में आंसू लाए, वे नष्ट हो जाएंगे। वे सभी नष्ट हो जाएंगे। कर्नाटक में यही हो रहा है। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अगर उन्होंने अपने पास मौजूद दस्तावेजों को जारी किया, तो सिद्धारमैया सरकार के पांच से छह कैबिनेट मंत्रियों को अपना इस्तीफा देना होगा।

## सेवी संस्था रुद्रा फाउंडेशन के द्वारा चलाया गया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम



गिरिडीह : शनिवार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह में जागरूकता कार्यक्रम स्वयं सेवी संस्था रुद्रा फाउंडेशन के द्वारा चलाया गया। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके निमित स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है, गिरिडीह जिले में भी स्वच्छता पखवाड़ा पर कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, 23 सितम्बर को भी रुद्रा फाउंडेशन की ओर से सलैया रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाकर यात्रियों को जागरूक करने का काम किया गया था, आज उच्च विद्यालय धनयडीह में बच्चों के बीच कई प्रकार के कार्यक्रम किया गया, बच्चों ने पूरे विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई किया , रुद्रा फाउंडेशन के संतोष कुमार ने बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छता गीत गाए। आज के कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक श्री भुनेश्वर प्रसाद सिंह, वरीय शिक्षक संजीव कुमार, राहिल मेरी हांसदा,मनोज कुमार,प्रमिला कुमारी, सुनीता कुमारी, आमोद कुमार सिंह रामलखन साहू, कृष्णदेव साहू, सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन रुद्रा फाउंडेशन के संतोष कुमार ने किया ।


**Office of the District Superintendent of Education**
**Notice Inviting**

**(Very Short Notice Tender)**
**RFP FOR**

**Selection of Agency for Rate Contract To DevelopING Government Upper Primary School into E-Smart Model Upper Primary School Dhanbad Under District Mineral Fund, Office of the District Superintendent of Education, Dhanbad, Govt. of Jharkhand**

**RFP No – 02**
**Opening date:26/09/2024** **Closing date:19/10/2024**

District Superintendent of Education, Dhanbad, Govt. of Jharkhand intends for Rate Contract to Develop Government Upper Primary School into E-Smart Model Government Upper Primary School across Dhanbad. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the biding process. The main purpose of procurement of these items is to develop government primary school into E-Smart model Government primary school and the use of which would enhance the interest as well as comfort level of the students.
The items supplied should be non-toxic, lead and arsenic free, chemical free and safe for the students for use.

The Bid document can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in) and the responses for this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have done after careful study and examination of this document and full understanding of its modalities, process of execution and items to be delivered. The bids are to be submitted uploaded hard copy by hand or by post (Registered / Speed) or by courier on or before the closing date in the address mentioned in the document. Technical bids submitted by the bidder will be opened in the presence of the Tender committee member. Detailed information regarding important dates, address for submission of bid, Material Supply List (MSL), Total Bill of Material (BOM), Quantity, Delivery Location and other requisite is available in the information Factsheet of this Bid Document.

**Sd/-**
**District Superintendent of Education, Dhanbad**

**PR 337543 Primary Education (24-25).D**

## इस साल आईपीओ बाजार रहेगा तेज

### दिसंबर तक 1 लाख करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां

मुंबई (ईएमएस)। इस साल का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में भी शेयर बाजार की तरह तेजी बनी रहने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि कंपनियां दिसंबर तक एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जुटा सकती हैं। इससे पहले 2021 में 63 आईपीओ के जरिए 1.20 लाख करोड़ रुपए जुटाने का रिकॉर्ड बनाया था। इस साल के अंत तक कई बड़ी कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं। एक्सचेंजों के आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक कुल 62 आईपीओ आए हैं, जिन्होंने 64,513 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसके मुकाबले 2023 में 57 कंपनियों ने 49,437 करोड़ और 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ रुपए जुटाए थे। सितंबर में 10 आईपीओ के जरिये 11,826 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं, और दो और कंपनियां 500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए बाजार में उतरने वाली हैं। इस साल के अंत तक कई बड़ी कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं, जिससे बाजार और गर्म हो सकता है। ह्युंडई मोटर 25,000 करोड़ रुपए के सबसे बड़े इश्यू के साथ अक्टूबर के अंत या नवंबर के पहले सप्ताह में आ सकती है। स्विगी 11,000 करोड़ रुपए के आईपीओ के साथ नवंबर में बाजार में उतरने की तैयारी में है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ रुपए और अफकॉन्स इन्फ्रा 8,400 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही हैं। ये चार कंपनियां मिलकर 54,000 करोड़ रुपए जुटा सकती हैं। इसके अलावा वारी एनर्जी 3,000 करोड़ और वन मोबिक्विक 700 करोड़ रुपए जुटाने के लिए अक्टूबर में बाजार में आएंगे।

## एनएसई, बीएसई ने लेनदेन शुल्क में किया संशोधन

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने नकद और वायदा एवं विकल्प सौदों के लिए अपने लेनदेन शुल्क में संशोधन कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा शेयर बाजार समेत बाजार अवसंरचना से जुड़े संस्थानों के सभी सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना अनिवार्य करने के बाद यह कदम उठाया गया। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि संशोधित दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। बीएसई ने इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में सेंसेक्स और बैंकेक्स विकल्प अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क को संशोधित कर 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम कारोबार कर दिया है। हालांकि इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में अन्य अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क अपरिवर्तित रहेगा। सेबी ने जुलाई में बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) के शुल्कों के बारे में एक परिपत्र जारी किया था। इसमें कहा गया है कि एमआईआई के पास सभी सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना होनी चाहिए, जो मौजूदा कारोबार की मात्रा आधारित प्रणाली की जगह लेगी।

## भारत और भूटान ने बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और भूटान ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कुछ सीमा पार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए चर्चा की। इनमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना का मुद्दा भी शामिल रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल और भूटान के उद्योग, वाणिज्य एवं रोजगार मंत्रालय (एमओआईसीई) के सचिव दाशो ताशी वांगमो के बीच थिम्पू में हाल ही में हुई बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बैठक की सह-अध्यक्षता करते हुए सीमापार और संपर्क के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया। इसमें जयगांव-फुंटशोलिंग में एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना और कोकराझार-गेलेफू और बानरहाट-समत्से के बीच रेल संपर्क शामिल है। बयान के अनुसार दोनों सचिवों ने भूटान से भारत में कबाड़ के आयात के लिए एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) जयगांव की अधिसूचना, भारत-भूटान सीमा पर सीमा हाट की स्थापना, व्यापारियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और भूटान से भारत में बोल्डर के आयात पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा भूटान से भारत में आयात के लिए लकड़ी की तीन अतिरिक्त किस्मों को शामिल करने पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही मार्च 2024 में हस्ताक्षरित भूटान खाद्य एवं औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधिकारिक नियंत्रण को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मान्यता देने के लिए समझौते के शीघ्र परिचालन पर विचार-विमर्श किया गया।

## स्टर्लिंग विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों ने हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों शापूरजी पालोनजी और खुर्शीद यजदी दारूवाला ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिए कंपनी में 7.14 फीसदी हिस्सेदारी 1,040 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी (एसडब्ल्यूसोलर) में 1.35 करोड़ शेयर बेचे, जो 5.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। इसके अलावा खुर्शीद यजदी दारूवाला ने सौर ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) समाधान प्रदाता कंपनी में 31.50 लाख शेयर बेचे। शेयरों का निपटान 623.28-630.01 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे में किया गया, जिससे संयुक्त सौदे का मूल्य 1,039.88 करोड़ रुपये हो गया। सौदे के बाद एसडब्ल्यूसोलर में शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी की हिस्सेदारी 12.73 प्रतिशत से घटकर 6.95 प्रतिशत हो गई है, जबकि दारूवाला की हिस्सेदारी 1.48 प्रतिशत से घटकर 0.13 प्रतिशत हो गई है।

## स्कोप को पांच करोड़ डॉलर वीसीएफ पेश करने सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्टार्ट-अप नेटवर्किंग मंच स्कोप को पांच करोड़ डॉलर का उद्यम पूंजी कोष (वीसीएफ) पेश करने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बताया कि इस कोष से भारत और अमेरिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय प्रौद्योगिकी और गेमिंग क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप में निवेश किया जाएगा। स्कोप का उद्यम पूंजी कोष कारोबार शुरुआती चरण में प्रत्येक स्टार्टअप को पांच लाख डॉलर से लेकर 20 लाख डॉलर तक के निवेश की पेशकश करेगा। कंपनी ने बयान में कहा कि स्कोप ने अपनी निवेश बैंकिंग इकाई स्कोप वीसी के तहत अपने नए पांच करोड़ डॉलर के उद्यम पूंजी कोष की पेशकश के साथ उद्यमशीलता परिवेश में एक और बड़ा कदम उठाया है।

# सीडीएससीओ द्वारा एकत्र नमूने नकली, अल्केम द्वारा निर्मित नहीं: अल्केम लैबोरेटरीज

### पैन डी और क्लैवम 625 जांच में विफल रहे हैं



नई दिल्ली, मुंबई की दवा कंपनी अल्केम लैबोरेटरीज ने उन दावों का खंडन किया जिसमें कहा गया था कि उसके उत्पाद पैन डी और क्लैवम 625 केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में विफल रहे हैं। कंपनी ने बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी है। कंपनी ने मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ सीडीएससीओ को एक जवाब भी भेजा है, जिसमें पुष्टि की गई है कि सीडीएससीओ द्वारा एकत्र किए गए नमूने नकली हैं और अल्केम द्वारा निर्मित नहीं हैं। कंपनी का खंडन सीडीएससीओ द्वारा इस साल अगस्त में पैन-डी और क्लैवम 625 के एक-एक बैच सहित 50 से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता (एनएसक्यू) के अनुरूप नहीं पाए जाने के बाद आया है। पैन-डी प्रिस्क्रिप्शन दवा है जो एसिड रिफ्लक्स, अपच और गैस की शिकायत होने पर मरीज को दी जाती है और क्लैवम 625 एक एंटीबायोटिक है, जो फेफड़ों, कान, नेजल साइनस, यूरिनरी ट्रैक्ट, त्वचा और सॉफ्ट टिश्यू के जीवाणु संक्रमण के उपचार के लिए किया जाता है। आंतरिक जांच के आधार पर कंपनी ने कहा कि केंद्रीय औषधि नियामक ने जांचे के लिए जो नमूने लिए थे वे नकली थे और हमारा द्वारा निर्मित नहीं थे। इस खंडन के साथ अहमदाबाद की टॉरंट फार्मा के बाद अल्केम दूसरी ऐसी कंपनी बन गई है जिसने सीडीएससीओ द्वारा परीक्षण किए गए नमूनों को नकली बताते हुए अपनी दवाओं के गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने के दावों का खंडन किया। टॉरंट के शेल्कैल 500 टैबलेट का एक बैच भी शीर्ष दवा नियामक की मासिक रिपोर्ट में एनएसक्यू मिला था। यह दवा मरीजों को विटामिन डी और कैल्शियम की कमी दूर करने के लिए दी जाती है। कंपनी ने अपनी नियामकीय फाइलिंग में कहा है कि अल्केम ने सीडीएससीओ द्वारा एकत्र किए गए नमूनों की अल्केम द्वारा निर्मित दोनों उत्पादों के वास्तविक बैचों के साथ तुलना करके गहन जांच की और पाया कि सीडीएससीओ के नमूने नकली थे और अल्केम द्वारा निर्मित नहीं थे।

## पोर्शे 911 टर्बो 50 ईयर एडिशन की कीमत 4.05 करोड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में लग्जरी कार पोर्शे 911 टर्बो 50 ईयर एडिशन लॉन्च कर दिया गया है। कार का यह एडिशन पोर्शे 911 टर्बो कार की 50वीं सालगिरह पूरे होने के मौके पर लाया है। इसकी कीमत 4.05 करोड़ रुपए एक्स-शोरूम रखी गई है। कंपनी इसकी केवल 1,974 यूनिट ही बनाएगी। पोर्शे 911 टर्बो 50 ईयर एडिशन में 911 आरएसआर टर्बो कॉन्सेप्ट की याद दिलाने वाले ग्राफिक्स शामिल हैं। इसके अलावा, इसमें विशेष टर्बो बैजिंग, खास विनाइल डिकल्स और अद्वितीय टर्बोनाइट एक्सेंट हैं, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते हैं। इस स्पेशन एडिशन में 3.7-लीटर ट्विन-टर्बो फ्लैट-सिक्स पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 650 बीएचपी की पावर और 800 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है।

# सिस्को ने चेन्नई में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया

### इस परियोजना से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियां मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में विस्तार करने के लिए सिस्को ने चेन्नई में अपने पहले मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की शुरुआत कर दी है। इससे सिस्को का लक्ष्य सालाना 1.3 अरब डॉलर से ज्यादा का उत्पादन करना है, जिससे निर्यात और घरेलू उत्पादन दोनों बढेगा। इस परियोजना से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। सिस्को ने इस प्लांट को स्थापित करने के लिए फ्लेक्स के साथ साझेदारी की है। इस यूनिट में शुरू में सिस्को के नेटवर्क कन्वर्जेंस सिस्टम (एनसीएस) 540 सीरीज राउटर्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कंपनी ने साइट पर उन्नत राउटिंग और स्विचिंग उत्पादों का उत्पादन करने की योजना बनाई है ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। सिस्को ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्लांट भारत और दुनिया भर में संगठनों की तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए सिस्को के बेहतरीन राउटिंग और स्विचिंग उत्पादों की एक सीरीज का उत्पादन करेगी। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उदघाटन केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सिस्को के सीईओ चक रॉबिन्स और सिस्को इंडिया की अध्यक्ष डेज़ी चित्तिलापिल्ली द्वारा किया गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सिस्को ने फ्लेक्स के साथ मिलकर चेन्नई प्लांट का सफलतापूर्वक निर्माण किया है और एडवांस टेलीकॉम तकनीक लाई है जो भारत और वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जोड़ने में मदद कर सकती है। यह सिस्को और फ्लेक्स की 25 साल की लंबी साझेदारी में अगला मील का पत्थर है, जो वैश्विक स्तर पर तेजी, लचीलापन और टिकाऊ प्रथाओं के साथ मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने का काम कर रही है।

## पीक 15 ने प्रताप स्नैक्स में अपनी 47 फीसदी हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली (ईएमएस)। निजी इक्विटी कंपनी पीक 15 (पहले सिकोया कैपिटल) ने इंदौर स्थित प्रताप स्नैक्स (पीएसएल) में अपनी लगभग पूरी 47 प्रतिशत हिस्सेदारी ऑथम इन्वेस्टमेंट ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर और माही मधुसूदन केला को बेच दी है। पीक 15 ने यह हिस्सेदारी 847 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा की है। शेयर खरीद समझौते के अनुसार ऑथम प्रातप स्नैक्स के 1.02 करोड़ शेयर और केला 11 लाख शेयर 746 रुपये के भाव से खरीदेंगे। सौदे का कुल मूल्य 846 करोड़ रुपये है। ये दोनों 864 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 63 लाख अतिरिक्त शेयर खरीदने के लिए खुली पेशकश भी लाएंगे। खुली पेशकश की कीमत और पीक 15 को मिलने वाली रकम 1,046 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य से कम है।

## जीएसटी के दायरे में आएंगे पेट्रोल-डीजल 20 रुपए होगा सस्ता: पुरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की संभावना पर चर्चा की। पुरी ने कहा कि यह कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जरूरी है और इसके लिए आम सहमति बनानी होगी। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमत में 20 रुपए लीटर तक की कमी देखने को मिल सकती है। पुरी ने पुणे इंटरनेशनल सेंटर के 14वें स्थापना दिवस पर एक व्याख्यान में कहा कि वह लंबे समय से इस मुद्दे का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी वरिष्ठ सहयोगी, वित्त मंत्री, ने भी इस दिशा में सकारात्मक बातें की हैं। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल और डीजल राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत हैं और इसलिए सभी राज्यों की सहमति आवश्यक होगी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ईंधन की खोज और उत्पादन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने यह भविष्यवाणी की कि अगले दो दशकों में भारत दुनिया की कुल ऊर्जा खपत में 25 प्रतिशत का योगदान देगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पेट्रोल और डीजल राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी राज्यों की सहमति की आवश्यकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि सभी राज्यों का इसमें शामिल होना कठिन है, क्योंकि शराब और ऊर्जा जैसे उत्पादों पर राज्य करों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। पुरी ने केरल हाईकोर्ट के उस सुझाव का भी उल्लेख किया, जिसमें जीएसटी परिषद में इस मुद्दे पर चर्चा करने की बात कही गई थी। लेकिन केरल के वित्त मंत्री ने इससे असहमति जताई, क्योंकि गैर-भाजपा शासित राज्य पेट्रोल और डीजल पर लगने वाला अतिरिक्त वैट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस स्थिति में, पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए सहमति स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा, लेकिन यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

## अल्काजार एसयूवी को फेसलिफ्ट के तौर पर किया लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस)। साउथ कोरियाई वाहन निर्माता हयूदै की ओर से कई बेहतरीन कारों और एसयूवी को भारतीय बाजार में ऑफर किया जाता है। कंपनी की ओर से जल्द ही नई गाड़ी को एसयूवी सेगमेंट में लाने की तैयारी की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हुंडई की ओर से जल्द ही नई एसयूवी को भारतीय बाजार में लॉन्च किया जा सकता है। कंपनी ने हाल में ही अपनी अल्काजार एसयूवी को फेसलिफ्ट के तौर पर लॉन्च किया है। इसे भी तीन रो एसयूवी के तौर पर लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जल्द आने वाली एसयूवी कंपनी की पहली हाइब्रिड एसयूवी होगी। फिलहाल इसे एनआई1आई के कोडनेम से पहचाना जा रहा है। इसके प्रोडक्शन वर्जन का निर्माण महाराष्ट्र में पुणे के तालेगांव प्लांट में हो सकता है। कंपनी की ओर से अल्काझार और टूकसान के बीच में इस एसयूवी को पोजिशन किया जाएगा।

कंपनी की ओर से अभी इस गाड़ी को लेकर किसी भी तरह की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे साल 2025 के आखिर या 2026 तक लाया जा सकता है। तीन रो वाली नई एसयूवी को हाइब्रिड तकनीक के साथ बेहतरीन फीचर्स दिए जाएंगे। जिससे इसका सीधा मुकाबला टाटा सफारी, एमजी हेक्टर, महिंद्रा एक्सयूवी 700 जैसी बेहतरीन एसयूवी के साथ ही टोयोटा इनोवा हायक्रास एमपीवी से भी होगा। इसके हाइब्रिड वर्जन के साथ ही सामान्य वर्जन को भी लॉन्च किया जा सकता है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार जल्द होगा 700 अरब डॉलर के पार

### लगातार 6वें सप्ताह फॉरेक्स रिजर्व में करीब 22 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार लगातार इतिहास रचता हुआ दिखाई दे रहा है। सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशी बाजारों में भी भारत के सेंसेक्स और निफ्टी की चर्चा हो रही है। वहीं भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी लगातार इतिहास रचता हुआ दिखाई दे रहा है। जानकारों की मानें तो आने वाले कुछ हफ्तों देश का फॉरेक्स रिजर्व 700 अरब डॉलर के भी पार सकता है। वैसे फॉरेक्स रिजर्व में लगातार 6वें हफ्ते इजाफा देखने को मिला है। इस दौरान फॉरेक्स रिजर्व में करीब 22 अरब डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर जा पहुंचा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। दूसरी ओर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.54 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.46 अरब डॉलर रहा।

## महिलाओं को वजनदार मंगलसूत्र खरीदने में अब नहीं होगी समस्या: गोयल

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोना सस्ता होने के बाद महिलाएं अब अधिक वजनदार मंगलसूत्र भी खरीद सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि आयात शुल्क में कटौती के बाद कारोबार में उछाल आया है। अब मेरी राय में हमारी बहनों को अपने मंगलसूत्र खरीदने में मामले में कोई समस्या नहीं होगी और आप वजनदार मंगलसूत्र भी खरीद सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोने के आयात पर सीमा शुल्क में भारी कटौती की घोषणा की थी। इस तरह शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि स्वर्ण उद्योग में शुल्क कम करने की बात हर चर्चा में छाई रहती थी और शुल्क कम करने की मांग होती रही थी। उन्होंने स्वर्ण एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद से विदेशों में आभूषण विक्रेताओं की दुकानों से भारतीय पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश और पूरे क्षेत्र को मदद मिलेगी।

## अक्टूबर में आम आदमी से जुड़ी चीजों के नियमों में होगा बदलाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। अगले महीने 1 अक्टूबर से आम आदमी से जुड़ी कई चीजों में बदलाव होने जा रहा है। इसमें एलपीजी की कीमतों से लेकर और पीपीएफ खाते तक के नियम शामिल हैं। दरअसल, हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियां भी अपने नियमों में बदलाव करती हैं। आम आदमी को इन नियमों में बारे में पता होता जरूरी है। इन बदलावों का आम आदमी के जेब पर सीधा असर आम पड़ता है। आमतौर पर हर महीने की एक तारीख को सरकार एलपीजी के दाम में बदलाव करती है। कमर्शियल गैस सिलेंडर से लेकर रसोई गैस के दाम में बदलाव देखा जाता है। ऐसे में इस बार भी एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव की उम्मीद की जा रही है। पिछले महीने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़े थे, जबकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव के साथ ही तेल मार्केटिंग कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) और सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में भी बदलाव करती हैं। ऐसे में इस बार भी बदलाव देखने को मिल सकता है। अगर एनआरआई खाताधारक अपने पीपीएफ खाते को नियमों के अनुसार अपडेट नहीं करते, तो उन्हें किसी प्रकार का ब्याज नहीं मिलेगा। नए दिशानिर्देशों के अनुसार नाबालिगों के नाम पर खोले गए पीपीएफ खातों में तब तक पीओएसए की ब्याज दर लागू रहेगी जब तक बच्चा 18 साल का नहीं हो जाता है। इसके अलावा अगर किसी के पास एक से अधिक पीपीएफ खाते हैं, तो केवल प्रमुख खाते पर ही योजना की ब्याज दर लागू होगी।

## एमजी मोटर इंडिया का स्नोस्टार्म एडिशन लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस) अपनी लोकप्रिय एसयूवी हेक्टर और हेक्टर प्लस का नया संस्करण एमजी मोटर इंडिया ने स्नोस्टार्म एडिशन लॉन्च कर दिया है। इस एडिशन में कुछ नई प्रीमियम एक्सेसरीज जोड़ी गई हैं, जो इसे और आकर्षक बनाती हैं। इस एडिशन में ग्राहकों को दो इंजन विकल्प मिलते हैं।

पहला, 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन, जो 143बीएचपी की पावर और 250 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इसे 6-स्पीड मैनुअल या सीवीटी ट्रांसमिशन के साथ पेश किया गया है। दूसरा, 2.0-लीटर डीजल इंजन है, जो 168बीएचपी की पावर और 350एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। इसे केवल 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा गया है। स्नोस्टार्म एडिशन में हाई-टेक फीचर्स के साथ नई एक्सेसरीज जैसे प्रीमियम सीट्स और एडवांस्ड इन्फोटेनमेंट सिस्टम शामिल हैं, जो ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। एमजी मोटर इंडिया ने इस लॉन्च के साथ प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। कीमत की बात करें तो 5 सीटर हेक्टर स्नोस्टार्म पेट्रोल सीवीटी की कीमत 21.53 लाख रुपए है। वहीं 5 सीटर हेक्टर प्लस स्नोस्टार्म डीजल एमटी की कीमत 22.24 लाख रुपए है। अगर आप 7 सीटर खरीदना चाहते हैं तो हेक्टर प्लस के स्नोस्टार्म पेट्रोल सीवीटी की कीमत 22.29 लाख रुपए और हेक्टर प्लस स्नोस्टार्म डीजल एमटी की कीमत 22.82 लाख रुपए है। इसके अलावा 6 सीटर हेक्टर प्लस स्नोस्टार्म डीजल एमटी कीमत 23 लाख रुपए एक्स शोरूम है।

## केआरबीएल ने एक किलो पैकिंग वाले चावल बाजार से वापस बुलाए

नई दिल्ली। इंडिया गेट प्योर बासमती राइस फीस्ट रोजाना सुपर वैल्यू पैक (10 फीसदी अतिरिक्त) जरूरत से ज्यादा कीटनाशक पाये जाने के बाद इंडिया गेट बासमती राइस नाम से पैक्ड चावल बेचने वाली कंपनी केबारबीएल लिमिटेड ने एक किलो पैकिंग वाले चावल बाजार से वापस बुलाए हैं। बताया जा रहा है कि केआरबीएल बासमती चावल की दुनिया में सबसे बड़ा निर्यातक है। यह भारतीय बाजार में केवल चावल आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी के मुताबिक इस एक किलो पैकिंग वाले चावल में कीटनाशक की मात्रा जरूरत से ज्यादा पाई गई है। इसके सेवन से किडनी और लिवर पर बुरा असर पड़ सकता है। ये चावल जनवरी 2024 में पैक किए गए हैं और इसकी एक्सपायरी तारीख दिसंबर 2025 है। कंपनी का कहना है कि जिन लोगों ने इन्हें खरीदा है वे इसका उपयोग रोक दें। इस खबर के बाद कंपनी के शेयर में एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में सप्ताह भर जोरदार तेजी रही

### - सेंसेक्स 264 अंकों की गिरावट के साथ 85,571 पर बंद

### - निफ्टी 37.10 अंक टूटकर 26,178.95 के स्तर पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन भी तेजी के साथ कारोबार देखा गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजार की बेहतर स्थिति और घरेलू स्तर पर निवेश बढ़ने से शेयर बाजार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में सफल हो रहे हैं। वहीं रिटेल निवेशकों की बढ़ती हिस्सेदारी से भी शेयर बाजार में तेजी दिखाई दे रही है। शेयर बाजार के सप्ताह भर के कारोबार को देखें तो भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सोमवार को हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान भारती एयरटेल, एमएंडएम और एचडीएफसी बैंक में छलांग के कारण घरेलू इंडेक्स नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले। बीएसई सेंसेक्स 287 अंक बढ़कर 84,831 पर खुला और 384.30 अंक उछलकर 84,928.61 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी50 100 अंक बढ़कर 25,891 पर खुला और 148.10 अंकों की बढ़त के साथ 25,939.05 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शुरुआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में हरियाली लौट आई है। मंगलवार को सेंसेक्स 66.71 अंकों की बढ़त के साथ 85,004.62 पर खुला और 14.57 अंक फिसलकर 84,914.04 पर बंद हुआ। निफ्टी 18.80 (0.07%) अंक मजबूत होकर 25,957.85 के स्तर पर खुला और 1.36 अंक की बढ़त के साथ 25,940.40 पर बंद हुआ। भारतीय ब्लू-चिप सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार चार सत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद बुधवार को थोड़ा कमजोर दिखे। बीएसई सेंसेक्स 64 अंक की गिरावट के साथ 84,850 पर के स्तर पर खुला और 255.83 अंकों की बढ़त के साथ 85,169.87 पर बंद हुआ। निफ्टी50 30 अंक गिरकर 25,910 के स्तर पर खुला और 63.75 अंक चढ़कर 26,004.15 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 146.65 अंकों की बढ़त के साथ 85,316.52 पर खुला और 86,000 बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी 30.70 अंक मजबूत 26,034.85 पर खुला और 26,200 के पार बंद हुआ। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी50 शुक्रवार को लगातार सातवें सत्र में नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे। सेंसेक्स 34 अंक बढ़कर 85,870 पर खुला और 264.27 अंकों की गिरावट के साथ 85,571.85 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 11 अंक बढ़कर 26,227 पर खुला और 37.10 अंक टूटकर 26,178.95 के स्तर पर बंद हुआ।

# ब्रिटेन का भी मिला साथ, तो यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता पक्की!

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत काफी समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्यता मांग कर रहा है, लेकिन चीन द्वारा लगाई गई कुछ रोक की वजह से मांग पूरी होने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि हाल में भारत के समर्थन में कई बड़े देशों का रुख सकारात्मक हुआ है। अमेरिका और फ्रांस के बाद अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी भारत की यूएनएससी में स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में अपने संबोधन के दौरान यह विचार व्यक्त किया। स्टार्मर ने कहा कि यूएनएससी को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और कार्रवाई करने के लिए तैयार निकाय के रूप में बदलने की जरूरत है। उन्होंने भारत, जापान, ब्राजील, और जर्मनी को स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया, साथ ही अफ्रीका को भी स्थायी प्रतिनिधित्व दिए जाने की वकालत की। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचित सदस्यों के लिए अधिक सीटें बढ़ाने की भी आवश्यकता बताई। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी भारत की स्थायी सदस्यता के समर्थन में बयान दिए थे। मैक्रॉन ने यूएनएससी में सुधार और इसे अधिक समावेशी बनाने पर जोर दिया था। उन्होंने भारत, ब्राजील, जापान, और जर्मनी के साथ दो अफ्रीकी देशों को भी स्थायी सदस्यता देने की वकालत की। भारत का



तर्क है कि 1945 में स्थापित 15 सदस्यीय यूएनएससी मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता और इस मंच में सुधार की आवश्यकता है। भारत के अलावा जापान, ब्राजील, और जर्मनी भी लंबे समय से सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की मांग कर रहे हैं, जिसे जी4 देशों का समूह कहा जाता है। भारत का कहना है कि उसे इस महत्वपूर्ण मंच पर स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए, क्योंकि वह दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और आर्थिक शक्तियों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के योगदान और विकासशील देशों के मुद्दों पर उसकी मजबूत स्थिति इसे इस सदस्यता का मजबूत दावेदार बनाती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मैगी स्मिथ का निधन

लंदन (ईएमएस)। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। वे हैरी पॉटर फ्रेंचाइजी की फिल्म डाउनटाउन ऐबी में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने लंदन के अस्पताल में अंतिम सांस ली। अभिनेत्री की मौत की खबर उनके दोनों बेटों क्रिस लार्किन और टोबी स्टीफन ने साझा की। हालांकि, उनकी मौत का कारण अभी तक सामने नहीं आया है।मैगी के दो बेटों द्वारा जारी बयान में कहा गया, हम बहुत दुख के साथ डेम मैगी स्मिथ के निधन की घोषणा कर रहे हैं। 27 सितंबर की सुबह अस्पताल में उनका निधन हो गया। अंतिम समय में वे अपने दोस्तों और परिवार के साथ थीं। उनके दो बेटे और पांच प्यारी पोते-पोतियां हैं, जो अचानक अपनी मां और दादी के चले जाने से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, अस्पताल के शानदार स्टाफ ने उनके अंतिम दिनों में उनकी खूब देखभाल की। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस समय हमारी निजता का सम्मान करें।मैगी ने 1952 में ऑक्सफोर्ड प्लेहाउस में एक स्टेज परफॉर्मर के रूप में अपने अभियन की यात्रा शुरू की थी। बाद में, उन्होंने ब्रॉडवे पर न्यू फेसेज ऑफ 56 में अपना पेशेवर डेब्यू किया। अगले दशकों में, उन्होंने नेशनल थिएटर और रॉयल शेक्सपियर कंपनी के लिए काम करते हुए, दिग्गज अभिनेत्री जूडी डेंच के साथ सबसे प्रतिष्ठित ब्रिटिश थिएटर कलाकारों में से एक के रूप में खुद को स्थापित किया।मैगी को नोएल कावर्ड की प्राइवेट लाइव्स और टॉम स्टॉपर्ड की नाइट एंड डे के लिए टोनी पुरस्कार के लिए नामांकन भी मिला और बाद में वर्ष 1990 में लेटिस एंड लोवेज के लिए एक नाटक में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का टोनी पुरस्कार मिला। उसी वर्ष, मैगी को महारानी एलिजाबेथ द्वारा नाइट की उपाधि दी गई और आधिकारिक तौर पर उन्हें डेम (ब्रिटिश सम्मान प्रणाली और अन्य राष्ट्रमंडल क्षेत्रों में महिलाओं को दी जाने वाली एक सम्मानजनक उपाधि) से नवाजा गया। उन्होंने 1969 में द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और कैलिफोर्निया स्वीट के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार जीता।

### अमेरिका में 'हेलेन' के कारण 44 लोगों की मौत

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में 'हेलेन' तूफान के कारण आई बाढ़ से करीब 44 लोगों की मौत हुई है। 'हेलेन' तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचा दी है।हेलेन से कई पेड़ उखड़ गए और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के कारण एक मकान पर पेड़ गिरने के कारण वहां रह रही एक महिला, उसके एक महीने के जुड़वां बच्चे तथा एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत-बचाव अभियान के दौरान तीन अग्निशमन कर्मियों की भी मौत हो गई। रिपोर्ट अनुसार, 'हेलेन' तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में करीब 44 लोग मारे गए हैं। तूफान 'हेलेन' के कारण दक्षिणी जॉर्जिया के कुछ अस्पतालों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में 'हेलेन' तूफान ने दस्तक दी थी। उस दौरान तूफान की अधिकतम रफ्तार 225 किलोमीटर प्रति घंटा थी। 'मूडीज एनालिटिक्स' ने बताया कि तूफान के कारण 15 से 26 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के नुकसान की आशंका है।

### हैरिस ने अमेरिका की "आव्रजन प्रणाली को सुधारने" का संकल्प लिया

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की दावेदार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया है।हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इसी मुद्दे को लेकर उन पर किए गए राजनीतिक हमलों का जवाब देकर ये कहा। हैरिस ने सीमा सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाने के साथ कहा कि वह अमेरिका में वर्तमान में बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों को ''नागरिकता'' प्रदान करने के संबंध में भी कदम उठाएंगी। हैरिस ने कहा, ''राष्ट्रपति बनने के बाद मैं यहां वर्षों से रह रहे और मेहनत कर रहे प्रवासियों को नागरिकता देने के लिए कांग्रेस के साथ मिलकर काम करूंगी। हैरिस अमेरिका की दक्षिणी सीमाओं पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए एरिजोना गई थीं। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति बनने के बाद मैं आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने के लिए राजनीति को किनारे रखूंगी और लंबे समय से बरकरार समस्याओं का समाधान निकालूंगी...ये मुद्दे हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### बाइडेन की नाक के नीचे भारत-रुस की सीक्रेट बैठक अमेरिका टेंशन में

वाशिंगटन (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र में दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्ष पहुंचे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की बैठक में हिस्सा लेने के लिए रूस, चीन, अमेरिका, भारत और यूरोप के एक से बढ़कर एक देश और उनके प्रतिनिधि पहुंचे रहे हैं। इस बीच कुछ ऐसी मुलाकात हो रही है, जिसे लेकर अमेरिका का बीपी हाई हो गया है। उसमें एक मुलाकात जहां ब्रिक्स देशों की थी। वहीं दूसरी मुलाकात चीन और पाकिस्तान के लिए खलबली पैदा करने वाली थी। ये मुलाकात भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच हुई। रूस यूक्रेन युद्ध के बीच जब हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस का दौरा किया और फिर बाद में व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। फिर उनका अगला दौरा अमेरिका में निर्धारित हुआ। अमेरिका में जो बाइडेन के साथ उनकी युद्ध को लेकर बात हुई। अब जयशंकर और लावरोव मिले हैं।मुलाकात में लावरोव और जयशंकर आमने सामने थे। ब्रिक्स के विस्तार को लेकर जब हर तरफ चर्चा हो रही है। फिर दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों को लेकर बातचीत शुरू हो गई। बातचीत के दौरान यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली का जिक्र हुआ। साथ ही ब्रिक्स को लेकर होने वाली बैठक का भी जिक्र हुआ। एशिया पेसेफिक रिजन को जोड़ने के लिए पश्चिमी देश किस तरह नाटो का इस्तेमाल कर रहे हैं, इस पर बार रूस जोर देता आया है। रूस ने बताया कि दोनों देशों के बीच आपसी साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। दोनों ने कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर भी चर्चा की। इसके पहले 25 सितंबर को यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि उन्होंने रूस के साथ कीव के लंबे युद्ध को समाप्त करने के लिए दूसरे अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत को पहले ही आमंत्रित किया है। ज़ेलेंस्की ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एकता हमेशा शांति के लिए काम करती है और युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी देशों से सामूहिक तैयारी का आह्वान किया।

### बीआईटी संधि का लाभ उठाए दोनों देशों के कारोबारी : सीतारमण

समरकंद (ईएमएस)। मोदी सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत और उज्बेकिस्तान के बीच शनिवार को हुए द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) का दोनों देशों के उद्योग से लाभ उठाने की अपील की है। वित्त मंत्री सीतारमण और उज़्बेकिस्तान के उप प्रधान मंत्री खोदजायेव जमशेद अब्दुखाकिमोविच ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच बीआईटी प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय मिसालों और प्रथाओं के आलोक में भारत में उज्बेकिस्तान के निवेशकों और उज्बेकिस्तान में भारतीय निवेशकों को उचित सुरक्षा का आश्वासन देता है। यह न्यूनतम मानक उपचार और गैर-भेदभाव सुनिश्चित करके निवेशकों की धारणा और उनका विश्वास बढ़ाएगा, साथ ही मध्यस्थता के माध्यम से विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच प्रदान करेगा।संधि पर हस्ताक्षर कर श्रीमती सीतारमण ने कहा दोनों देशों के उद्योगों के बीच सार्थक बातचीत और सहयोग को प्रोत्साहित किया। दोनों पक्षों के कारोबारी समुदायों से बीआईटी का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि यह निवेश संबंधों को एक नए पथ पर ले जाएगा।उन्होंने कहा कि नई बीआईटी आधुनिक अंतरराष्ट्रीय निवेश मानकों पर आधारित है, दोनों पक्षों के निवेशकों को मजबूत सुरक्षा प्रदान करती है, विश्वास और विश्वास का माहौल बनाती है। इस संधि पर हस्ताक्षर करने से विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर खुलने है।बीआईटी निवेशों को जब्ती से सुरक्षा प्रदान करता है, पारदर्शिता, हस्तांतरण और नुकसान के लिए मुआवजे का प्रावधान करता है। हालांकि, इस तरह के निवेशक और निवेश संरक्षण प्रदान करते समय, दोनों देशों के विनियमन के अधिकार के संबंध में संतुलन बनाए रखा गया है और इस तरह पर्याप्त नीतिगत स्थान प्रदान किया गया है।

# बेरूत हमले की अमेरिका को जानकारी नहीं, और ना कार्रवाई में शामिल

### बाइडेन बोले-हम जानने की कोशिश कर रहे कि इज़रायल का इरादा क्या था



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को बेरूत पर इजरायल की ओर से किए गए हमले की भनक तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह बेरूत में इजरायल के हवाई हमलों पर टिप्पणी करने से पहले जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही दोहराया कि अमेरिका इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के ऑपरेशन में शामिल नहीं था।बाइडेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम अभी भी जानकारी जुटा रहे हैं, मैं आपको बता सकता हूं अमेरिका को आईडीएफ कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और ना ही हमारी इसमें भागीदारी थी। हम जानकारी जुटा कर रहे हैं। जब हमारे पास जानकारी होगी, तो मैं और कुछ कह पाऊंगा। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि इजरायल ने ऑपरेशन के शुरू होने और विमानों के उड़ान भरने के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी। अधिकारी ने कहा कि हमें इसके बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और न ही किसी ने पहले हमें सूचित किया।एक इजरायली अधिकारी ने बताया कि यह सूचना हमले से कुछ देर पहले भेजी गई थी और अमेरिका ने इस ऑपरेशन में कोई भूमिका नहीं निभाई थी। बाइडेन से जब पूछा गया कि क्या हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को निशाने पर रख किए गए हमले सही ठहराए जा सकते हैं? तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी भी तरह की टिप्पणी से इनकार कर दिया। उनका जवाब था मैं इस प्रश्न का उत्तर देने की स्थिति में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि वह संघर्ष के कारण क्षेत्र में बढ़ रहे तनाव को लेकर चिंतित हैं। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका अभी भी बेरूत में इजरायली हमलों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर इरादा क्या था और जब तक हमारे पास वह जानकारी नहीं आ जाती, हम इस पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दे सकते।ब्लिंकन ने कहा कि इजरायल को यह अधिकार है कि वि अपने बचाव के लिए और बंधक नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने की कोशिश करे। उन्होंने चेतावनी दी कि कूटनीति का अनुसरण न करने से अधिक संघर्ष, हिंसा, पीड़ा और अस्थिरता और असुरक्षा पैदा होगी, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने दावा किया कि कूटनीति का मार्ग अभी भी मौजूद है, हालांकि इस समय इसे देखना मुश्किल लग सकता है। ब्लिंकन का ये बयान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव को लेकर दिलचस्पी न दिखाने के कुछ दिनों बाद आया है।

### हमले में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्लाह की बेटी की मौत!

बेरूत(ईएमएस)। लेबनान में इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर किए गए हमले के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। पहले यह दावा किया गया था कि इस हमले में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्लाह मारा गया है, लेकिन अब इजरायली चैनल ने दावा किया है कि इस हमले में नसरल्लाह की बेटी ज़ैनब की मौत हो गई है। इस हमले के बाद इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव और बढ़ गया है। हाल के दिनों में इजरायल के हवाई हमलों में तेजी आई है, जिससे इस सप्ताह मरने वालों की संख्या 720 से अधिक हो गई है। मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह स्थिति इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को पूर्ण युद्ध में बदलने की ओर इशारा कर रही है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।हालांकि, इस बारे में हिजबुल्लाह या लेबनानी अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ज़ैनब नसरल्लाह अपने परिवार के बलिदानों की मुखर समर्थक मानी जाती थीं। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने भाई हादी की 1997 में इजरायली सेना द्वारा की गई हत्या के बारे में सार्वजनिक तौर पर चर्चा की थी।


## फिलिस्तीनी लोगों पर इस तरह के हमलों को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता

### यूएन महासचिव ने कहा- मानवीय व्यवस्था संकट में, हमें अब युद्ध विराम की जरूरत

जेनेवा,(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के उद्घाटन पर यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में युद्ध पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून तार-तार हो गया है। गुटेरेस ने कहा कि वहां हत्या की दर उनके कार्यकाल में देखी गई किसी भी दर से ज्यादा है। गुटेरेस ने कहा, गाजा में हत्या और विनाश की रफ्तार एवं पैमाने मेरे महासचिव के रूप में पिछले वर्षों में कभी नहीं देखे गए। फिलिस्तीनी लोगों पर इस तरह हमले को कोई भी आधार उचित नहीं ठहरा सकता।उन्होंने बेरूत पर हुए इजरायली हमलों के बारे में भी बात की। उन्होंने चेतावनी दी कि लेबनान में युद्ध बाहरी शक्तियों को शामिल करके और भी ज्यादा उग्र हो सकता है। उन्होंने दोनों पक्षों से इजरायल-लेबनान सीमा पर प्रस्तावित अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमें अब युद्ध विराम की जरूरत है। हम गाजा जैसी अंतहीन वार्ताओं का बोझ उठा नहीं सकते। महासचिव ने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर क्षेत्रीय युद्ध से बचना चाहिए। गाजा हिंसा का केंद्र बना हुआ है। गाजा ही इसे खत्म करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।मानवीय व्यवस्था संकट में है। हमारे 226 साथी मारे गए हैं, जिनमें से कई अपने परिवारों के साथ मारे गए हैं। मैं इन हत्याओं की जांच और जवाबदेही की मांग करता हूं। साथ ही, पूर्वी यरुशलम समेत कब्जे वाले पश्चिमी तट पर हिंसा जारी है। सात अक्टूबर से अब तक करीब 700 फिलिस्तीनी और 14 इजरायली मारे गए हैं। यह पिछले दो दशकों में दोनों पक्षों की सबसे बड़ी संख्या है। नई बस्तियों का निर्माण, भूमि अधिग्रहण, विध्वंस और बसने वालों के बीच हिंसा सब जारी है।उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कोर्ट के एडवाइजरी ओपिनियन में पता चला है कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायल की लगातार मौजूदगी गैरकानूनी है। इजरायल का दायित्व है कि वह यहां से जल्द अपना कब्जा खत्म करे। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, इजरायली अधिकारी अंतरराष्ट्रीय मीडिया को कब्जे वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्र से रिपोर्टिंग करने से रोकना और सीमित करना जारी रखे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट दुनिया की आंखें और कान हैं। पत्रकारों को हर जगह अपना काम करने में सक्षम होना चाहिए।

## इजरायल ने बेरूत के दाहिह में की ताबड़तोड़ बमबारी हिजबुल्लाह के हथियारों को निशाना बनाया





बेरूत (ईएमएस)। इजरायल ने शनिवार सुबह बेरूत के दाहिह में ठिकानों पर ताजा हमले कर दावा किया कि वह नागरिक इमारतों के नीचे रखे हिजबुल्लाह हथियारों को निशाना बना रहा है। बेरूत में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमान उपनगर के ऊपर से उड़ रहे थे और दहिह जिले में एक घंटे के भीतर कई राउंड बमबारी की। इजरायली सैन्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि लक्षित हथियारों में, ईरान से आने वाली तट से समुद्र तक मार करने वाली मिसाइलों की एक श्रृंखला शामिल है।रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले पहले दहिह में हिजबुल्लाह मुख्य मुख्यालय पर इजरायली हवाई हमले के बाद हुए। इस हमले में करीब छह लोग मारे गए और 91 अन्य घायल हो गए थे। ये हमले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के तुरंत बाद हुए। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को अपने होटल से हवाई हमले की मंजूरी दे दी और तय समय से पहले इजरायल लौटने का फैसला किया।श्री नेतन्याहू ने तत्काल संघर्ष विराम से इंकार ईरान से खतरों की चेतावनी दी, यह सुझाव देकर कहा कि इजरायल को तेहरान द्वारा आयोजित संघर्ष के कई मोर्चों का सामना करना पड़ता है।श्री नेतन्याहू ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक इजरायल के कार्यों का बचाव करते हुए सभा में कहा, तेहरान या उसके प्रतिनिधियों की धमकियों के सामने हम पीछे नहीं हटने वाले है। इजरायली हमले के बाद, हिज़्बुल्लाह ने उत्तरी इजरायल के एक शहर सफेद पर हमले की ज़िम्मेदारी ली।इजराइली मीडिया ने दावा किया कि सफेद में एक इमारत पर दो सीधे हमलों की सूचना दी, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इज़रायली सेना ने बाद में दक्षिणी लेबनान और देश के अंदर रॉकेट लॉन्चरों और हथियार भंडारण सुविधाओं को निशाना बनाकर नए हवाई हमलों की घोषणा की। आईडीएफ ने घोषणा की, आईडीएफ आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह की क्षमताओं और सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला करना, नुकसान पहुंचाना और कमजोर करना जारी रखेगा।

# नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र में लहराए दो मैप, एक का संबंध भारत से

### ईरान को चेतावनी, ऐसी कोई जगह नहीं जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। गाजा युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र में अपने पहले संबोधन में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मध्य पूर्व में संघर्ष के लिए ईरान को मुख्य किरदार के रूप में चित्रित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान दो मैप प्रदर्शित किए, जिसमें देशों के एक समूह को अभिशाप और दूसरे समूह को आशीर्वाद के रूप में दिखाया गया। उनकी यह तस्वीर इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है।दिलचस्प यह है कि दोनों मानचित्रों में फिलिस्तीनी क्षेत्रों-वेस्ट बैंक और गाजा को इजरायल के हिस्से के रूप में दिखाया गया है। वायरल तस्वीर में नेतन्याहू के दाहिने हाथ के नक्शे में ईरान, इराक, सीरिया और यमन को काले रंग में दिखाया गया है और उन्हें अभिशाप यानी द कर्स करार दिया गया है। जबकि बाएं हाथ के मानचित्र में मिस्र, सूडान, सऊदी अरब और भारत को हरे रंग में चित्रित किया गया है और इन देशों को आशीर्वाद यानी द ब्लेसिंग बताया गया है।नेतन्याहू द्वारा दिखाए गए मैप में सीरिया के गोलान हाइट्स क्षेत्र को भी इजरायल का हिस्सा दिखाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रॉप्स का उपयोग करने का इतिहास रखने वाले नेतन्याहू के इस कदम को पड़ोसी अरब देशों के साथ अपने बढ़ते संबंधों पर जोर देने के इजरायल के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 अक्टूबर, 2024 को इजरायल पर हमास के हमले की निंदा करने वाले पहले वैश्विक नेताओं में से एक थे। हालांकि, भारत ने क्षेत्र में पूर्ण युद्धविराम का आह्वान किया है और इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के स्थायी समाधान लिए टू स्टेट सॉल्यूशन का समर्थन किया है। नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में द कर्स और द ब्लेसिंग वाले मैप लहराते हुए कहा कि दुनिया को आशीर्वाद और अभिशाप के बीच चयन करना चाहिए। नेतन्याहू ने ईरान पर निशाना साधा और उस पर चरमपंथी संगठनों को हथियार व मदद देने का आरोप लगाया। उन्होंने दुनिया से इसतरह के देशों का तुष्टिकरण बंद करने का आग्रह किया। नेतन्याहू ने कहा, तेहरान के लिए मेरा एक संदेश है, अगर तुम हम पर हमला करते हो, तब हम तुम पर हमला करेंगे। ईरान में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजरायल न पहुंच सके, और यह पूरे मध्य पूर्व के लिए सच है।इजरायल द्वारा लेबनान में हिज्बुल्लाह के गढ़ों पर भारी बमबारी के साथ मध्य पूर्व संकट गहरा गया है। नेतन्याहू ने साफ शब्दों में फिलिस्तीन को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इजरायल दुनिया में शांति चाहता है। इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, फिलिस्तीनियों को यहूदियों के प्रति घृणा फैलाना बंद करना चाहिए और इजरायल के साथ समझौता करना चाहिए। इस साल जुलाई में ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के पॉलिटिकल विंग के प्रमुख इस्माइल हनियेह की हत्या के बाद से इजरायल और उसके कट्टर प्रतिद्वंद्वी ईरान के बीच खुले संघर्ष का खतरा बढ़ रहा है।

### पिता के साथ सब्जी बेचने वाले ने इज़रायल की उड़ा दी नींद

बैरूत,(ईएमएस)। इजरायल लंबे समय से जंग लड़ रहा है। कई देश उसके खिलाफ हैं। और कई देश शांति के प्रस्ताव लेकर इजरायल के आगे पीछे घूमते रहे हैं। इसके बाद भी उसने सभी के प्रस्ताव ठुकरा दिए और हमास के समूल नष्ट करने में आगे बढ़ रहा है। कोई रास्ते में आता है तो उस पर हमला करने में भी पीछे नहीं हटता है। शुक्रवार को इजरायल ने हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर हमला किया, जिसके बाद इजरायल ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के प्रमुख नेता हसन नसरल्लाह मारे गए हैं। हालांकि, हिजबुल्लाह ने इस दावे को तुरंत खारिज कर दिया। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह हमला हुआ है, जिससे क्षेत्र में संघर्ष और भड़कने की आशंका जताई जा रही है।ये हसन नसरुल्लाह वही हैं जो कभी अपने पिता के साथ एक छोटी सी सब्जी की दुकान चलाते थे। आज वे इतने शक्तिशाली नेता के तौर पर उभरे हैं की इजरायल इनके पीछे पड़ा हुआ है। हसन नसरल्लाह का जन्म 1960 में बेरूत के एक गरीब इलाके में हुआ था।

## फिलिस्तीनी लोगों पर इस तरह के हमलों को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता

### यूएन महासचिव ने कहा- मानवीय व्यवस्था संकट में, हमें अब युद्ध विराम की जरूरत



जेनेवा,(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के उद्घाटन पर यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में युद्ध पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून तार-तार हो गया है। गुटेरेस ने कहा कि वहां हत्या की दर उनके कार्यकाल में देखी गई किसी भी दर से ज्यादा है। गुटेरेस ने कहा, गाजा में हत्या और विनाश की रफ्तार एवं पैमाने मेरे महासचिव के रूप में पिछले वर्षों में कभी नहीं देखे गए। फिलिस्तीनी लोगों पर इस तरह हमले को कोई भी आधार उचित नहीं ठहरा सकता।उन्होंने बेरूत पर हुए इजरायली हमलों के बारे में भी बात की। उन्होंने चेतावनी दी कि लेबनान में युद्ध बाहरी शक्तियों को शामिल करके और भी ज्यादा उग्र हो सकता है। उन्होंने दोनों पक्षों से इजरायल-लेबनान सीमा पर प्रस्तावित अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमें अब युद्ध विराम की जरूरत है। हम गाजा जैसी अंतहीन वार्ताओं का बोझ उठा नहीं सकते। महासचिव ने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर क्षेत्रीय युद्ध से बचना चाहिए। गाजा हिंसा का केंद्र बना हुआ है। गाजा ही इसे खत्म करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।मानवीय व्यवस्था संकट में है। हमारे 226 साथी मारे गए हैं, जिनमें से कई अपने परिवारों के साथ मारे गए हैं। मैं इन हत्याओं की जांच और जवाबदेही की मांग करता हूं। साथ ही, पूर्वी यरुशलम समेत कब्जे वाले पश्चिमी तट पर हिंसा जारी है। सात अक्टूबर से अब तक करीब 700 फिलिस्तीनी और 14 इजरायली मारे गए हैं। यह पिछले दो दशकों में दोनों पक्षों की सबसे बड़ी संख्या है। नई बस्तियों का निर्माण, भूमि अधिग्रहण, विध्वंस और बसने वालों के बीच हिंसा सब जारी है।उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कोर्ट के एडवाइजरी ओपिनियन में पता चला है कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायल की लगातार मौजूदगी गैरकानूनी है। इजरायल का दायित्व है कि वह यहां से जल्द अपना कब्जा खत्म करे। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, इजरायली अधिकारी अंतरराष्ट्रीय मीडिया को कब्जे वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्र से रिपोर्टिंग करने से रोकना और सीमित करना जारी रखे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट दुनिया की आंखें और कान हैं।

### इजरायल का दावाः एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और उनकी बेटी की मौत

इजरायल (ईएमएस)ः इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लगातार एयर स्ट्राइक कर उनके आतंकियों को निशाना बनाते हुए बड़ा दावा किया है कि हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया है। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अब हसन नसरल्लाह दुनिया में आतंक नहीं फैला सकेगा। हसन नसरल्लाह पिछले 32 साल से हिजबुल्लाह के चीफ थे।इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादाव शोशानी ने नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के प्रवक्ता डेविड अव्राहम ने बताया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर शुक्रवार (27 सितंबर 2024) को हुई एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह मारा गया। इस ऑपरेशन का नाम न्यू आर्डर रखा गया था। इजरायली सेना ने कहा, जो भी इजरायल को धमकाएगा, हमें पता है कि उसे कैसे खत्म करना है। यह हमारी क्षमताओं का अंत नहीं है।टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर एक दिन पहले हमला किया था, जहां हसन नसरल्लाह भी मौजूद था। इजरायली सेना लगातार बेरूत समेत कई इलाकों में हमले कर रही है। आईडीएफ ने बेरूत के दहियाह शहर में रहने वाले लोगों को तुरंत इलाका खाली करने के लिए कहा है, क्योंकि हिजबुल्लाह इन जगहों का इस्तेमाल इजरायल पर हमले के लिए कर रहा है।इजरायली न्यूज चैनल के अनुसार, इस एयर स्ट्राइक में हसन नसरल्लाह के साथ उनकी बेटी जैनब की भी मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस कमांडर सेंटर पर इजरायल ने हमला किया था, वहां नसरल्लाह की बेटी का शव बरामद हुआ। इससे पहले शुक्रवार रात को इजरायल ने हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर मिसाइल दागा था, जिसमें 6 लोगों की मौत और 90 लोग घायल हुए थे। इजरायली सेना के इस ऑपरेशन ने हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल के सख्त रुख को स्पष्ट कर दिया है। नसरल्लाह की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है।

### सूडान के एल फशर में आरएसएफ के हमले में आठ की मौत, 95 घायल



खार्तूम,(ईएमएस)। पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में करीब आठ लोगों की मौत हो गई और 95 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने बताया कि आरएसएफ की गोलाबारी का लक्ष्य सूक अल-मवाशी बाजार था, जहां लोगों की भीड़ रहती है। आरएसएफ ने अभी तक इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।बता दें 10 मई से एल फशर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच भीषण झड़पें हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक एल फशर में करीब 15 लाख लोग रहते हैं, जिनमें से आठ लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं। ज्ञात हो कि 22 सितंबर को एसएएफ और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष में तीन बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई थी और 17 घायल हो गए थे। यह झड़पें पश्चिमी उत्तर दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में हुई थी।रिपोर्ट के मुताबिक गैर-सरकारी सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में चेतावनी दी थी गई कि घनी आबादी वाले शहर में 10 मई से जारी संघर्षों से गंभीर मानवीय आपदा पैदा हो सकती हैं। उन्होंने गोलाबारी तत्काल बंद करने और शहर से नाकाबंदी हटाने की मांग की थी। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 15 अप्रैल 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच हिंसक संघर्ष में उलझा हुआ है। इस संघर्ष की वजह से करीब 20 हजार लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों घायल हुए हैं। इसके अलावा लाखों लोग विस्थापित हुए हैं।

## अश्विन एशिया के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बने


### अनिल कुंबले को छोड़ा पीछे, मुरलीधरन के रिकॉर्ड पर है नजर



नई दिल्ली,(ईएमएस)। रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में एक और कामयाबी हासिल कर ली है, जब उन्होंने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। यह विकेट अश्विन के लिए खास था क्योंकि यह एशिया में उनका 420वां विकेट था, जिससे उन्होंने अनिल कुंबले के 419 विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया और अब एशिया में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इस सूची में सबसे ऊपर श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं, जिन्होंने एशिया में सबसे ज्यादा 612 विकेट लिए हैं। अश्विन की नजर अब इस रिकॉर्ड की ओर हैं, लेकिन इसे तोड़ने के लिए अभी काफी लंबा रास्ता तय करना है।

इसके अलावा, टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अश्विन 523 विकेट लेकर आठवें स्थान पर हैं। उन्हें सातवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए आठ विकेट की जरुरत है, जो वर्तमान में 531 विकेटों के साथ उनसे आगे हैं। नवंबर में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में लियोन को अपनी विकेट संख्या बढ़ाने का मौका मिलेगा, जिससे यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों स्पिनर किस तरह से प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## चाइना ओपनः अल्काराज दूसरे दौर में मेदवेदेव ने गाएल मोंफिल्स को हराया



बीजिंग (ईएमएस)। चार बार के प्रमुख चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने 21 वर्षीय जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने चाइना ओपन के पुरुष वर्ग के पहले दौर में अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया। इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन विजेता अल्काराज के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मैच था, क्योंकि उन्हें एटीपी टूर पर सबसे बड़ी सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक पेरीकार्ड का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने नवीनतम अभियान से अभ्यस्त होने के लिए बहुत कम समय था।हालांकि, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पेरीकार्ड की मारक क्षमता के साथ जल्दी से तालमेल बिठाया और पहले दौर की जीत में शानदार प्रदर्शन किया। अल्काराज ने प्रत्येक सेट के शुरुआती खेल में फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को तोड़कर अपने 21 वर्षीय साथी खिलाड़ी को हराया।अल्काराज ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तब यह आसान नहीं था। वह वास्तव में एक शक्तिशाली खिलाड़ी है। बड़ी सर्विस, बेसलाइन से बड़े शॉट। इसकारण मुझे वास्तव में ध्यान केंद्रित करना था। यही योजना थी। बहुत अधिक गलतियाँ न करने और बेसलाइन से आक्रामक तरीके से खेलने की कोशिश करें।

अल्काराज ने ल्योन चैंपियन पेरीकार्ड के साथ अपने पहले लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबले में अर्जित दोनों ब्रेक पॉइंट को भुनाया। हालांकि, इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने अपनी पहली डिलीवरी के पीछे 83 प्रतिशत (20/24)अंक जीतकर मैच समाप्त किया, लेकिन प्रत्येक सेट की शुरुआत में चूक के कारण उनकी जीत की उम्मीद कमजारे पड़ गई।

सप्ताह की शुरुआत में निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले स्पेन के इस खिलाड़ी का दूसरे दौर में टैलोन ग्रीक्सपूर से मुकाबला होगा। पहले दौर के एक अन्य मैच में रूसी स्टार मेदवेदेव ने अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह पक्की की।

## सीबीएसई क्लस्टर 12 खो-खो बालिका वर्ग में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ने जीता कांस्य




भोपाल (ईएमएस)। एसएल मेमोरियल स्कूल गुना में 26 से 28 तक आयोजित हुए सीबीएसई क्लस्टर 12 खो-खो बालिका वर्ग के 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रतियोगिता में भोपाल के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ईदगाह हिल्स की टीम ने लीग मुकाबलों में कार्मल कन्वेंट उज्जैन को 10-6 व भारतीय विद्या मंदिर सीहोर को 15-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गुरुतेग बहादुर अकादमी रतलाम के विरुद्ध 1 अंक से पराजित हो कर कांस्य पदक से संतोष किया। उल्लेखनीय है की भोपाल में विगत दिनों आयोजित जिला स्तर अंतर शालेय स्पर्धा में भी उपविजेता रही थी, जिसमें क्वार्टर फ़ाइनल व सेमीफाइनल दोनों ही मुकाबले 9-0 से जीता था।

सेंट जोसेफ कन्वेंट भोपाल की ही सौम्य नाहर को स्पर्धा की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया। टीम के मुख्य प्रशिक्षक विष्णु कान्त सहाय हैं इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर लिली उप प्राचार्या सिस्टर स्टेनिया खेल विभाग के विभागाध्यक्ष रवदीप सिंह मल्हारी, खेल शिक्षक जितेंद्र शुक्ल, अमनदीप कौर, कीर्ति गोस्वामी सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



चीन की राजधानी बीजिंग में 2024 चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट में चीन की झांग शुआई के खिलाफ महिला एकल के दूसरे दौर के मैच के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका की एम्मा नवारो ने रिटर्न मारा ।

## कोहली को खेलते देखने की चाह......58 किलोमीटर साइकिल चला पहुंचा स्टेडिम

कानपुर (ईएमएस)। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली देश के सबसे लोकप्रिय खेल सितारे हैं। भारत के पूर्व कप्तान की दीवानगी के कारण एक 15 वर्षीय लड़का उन्हें देखने के लिए अपने घर से 58 किलोमीटर दूर साइकिल पर आ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, वीडियो में कार्तिकेय नाम के एक लड़के ने खुलासा किया कि शुक्रवार को सुबह 4 बजे उन्नाव से अपनी साइकिल यात्रा शुरू की। वह सुबह 11 बजे ग्रीन पार्क स्टेडियम पहुंचा। 10वीं के छात्र ने कोहली को खेलते देखने के लिए साइकिल से इतनी लंबी दूरी तय की।

कानपुर में मैच के दौरान दर्शकों में गजब उत्साह दिख रहा है। टॉस से पहले ग्राउंड स्टाफ के एक सदस्य ने कोहली के पैर भी छू लिए। कोहली चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में बल्ले से चमकने में नाकाम रहे थे। वह 6 और 17 ही बना पाए थे। कोहली के इस प्रदर्शन पर बाद में पूर्व विकेट कीपर पार्थिव पटेल ने भी बात की थी। पटेल ने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि वह (विराट कोहली) उस तरह का दबाव महसूस कर रहे हैं। और जैसा कि आपने सही कहा, मुझे नहीं लगता कि स्मिथ या जो रूट या विलियमसन सोच भी सकते हैं कि वह किस प्रकार का दबाव महसूस कर सकते है। दबाव उम्मीद की बात है, यह बहुत बड़ा है।

## चौथे वनडे में इंग्लैंड के लियाम ने की ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज की धुलाई

### छक्कों की बारिश ने मिचेल स्टार्क को बनाया टीम का सबसे महंगा गेंदबाज






नई दिल्ली,(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को आईसीसी टी20 विश्व कप में जिस तरह से टीम इंडिया के रोहित शर्मा ने धोया था उसी तरह अब उनकी पिटाई इंग्लैंड के बल्लेबाज ने कर दी। पांच मैचों की वनडे सीरीज में दो मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया को चौथे वनडे में बुरी हार झेलनी पड़ी है। चौथे मुकाबले में इंग्लैंड टीम ने बारिश के चलते 39 ओवर में पांच विकेट पर 312 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 126 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 186 रन के बड़े अंतर से मैच जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज 2-2 की बराबर कर ली। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के स्टार गेंदबाज मिचेल स्टार्क को लियाम लिविंगस्टन ने बुरी तरह धोया।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की वनडे सीरीज पहले दो मैच में एकतरफा नजर आ रही थी लेकिन अब हालात बदल गए। लगातार दो हार के बाद मेजबान टीम इंग्लैंड ने दो मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-2 से बराबर कर ली है। सीरीज के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों की जमकर धुलाई हुई। कप्तान हैरी ब्रुक ने 87 रन बनाए तो लियाम लिविंगस्टन ने 62 रन की तूफानी पारी खेली। बेन डकेट ने भी अर्धशतक लगाया।

पारी का आखिरी ओवर करने आए ऑस्ट्रेलिया के स्टार गेंदबाज मिचेल स्टार्क के ओवर में लियाम लिविंगस्टन ने चार छक्के और एक चौका लगाया। इंग्लिश बैटर ने कुल 28 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के वनडे इतिहास में यह अब तक का सबसे महंगा ओवर रहा। इससे पहले सिमोन डेविस, क्रेग मैकडॉरमोट, जावियर जोहार्टी और एडम जाम्पा ने एक ओवर में 26 रन दिए थे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे के एक ओवर में स्टार सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

## जब लॉर्ड्स में दर्शकों ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कहा धोखेबाज

लॉर्ड्स (ईएमएस)। लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान ऑस्ट्रेलियाई विकेट कीपर जोश इंग्लिस को निंदा का शिकार होना पड़ा। इंग्लैंड जब बल्लेबाजी कर रही थी, तब 17वें ओवर में मिचेल स्टार्क की एक गेंद पर इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर इंग्लिस की ओर चली गई। इंग्लिस ने अपने बाएं और छलांग लगाकर गेंद को पकड़ लिया। कैमरे में साफ दिख रहा था कि गेंद हाथ में आने से पहले जमीन पर लगी थी, लेकिन इंग्लिस ने फिर भी अपील की। जब यह लॉर्ड्स में बैठे दर्शकों ने देखा, तब उन्होंने इंग्लिस की जमकर हूटिंग की।

हालांकि अंपायर जोएल विल्सन ने इंग्लिस के कैच पकड़ने के बाद ब्रूक को आऊट करार दे दिया था। लेकिन बाद में मामला थर्ड अंपायर के पास चला गया। तीसरे अंपायर कुमार धर्मसेना ने निर्णय को पलट दिया क्योंकि रीप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद इंग्लिस के दस्तानों में उछल गई थी। जब स्क्रीन पर यह दिखाया गया, तब दर्शक बेकाबू हो गए। उन्होंने वहीं पुराने ऑस्ट्रेलियाई, हमेशा धोखा दे रहे हैं के नारे लगाए। यह घटना 14 महीने बाद हुई जब ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने उसी स्थान पर दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान जॉनी बेयरस्टो को विवादास्पद तरीके से स्टंप किया था, इस दौरान लॉर्ड्स पवेलियन के लॉन्ग रूम में गर्म प्रतिक्रियाएं और भद्दे दृश्य देखने को मिले थे। इसके पहले बारिश के कारण टॉस में 90 मिनट की देरी हुई। इसके चलते मुकाबले को प्रति पक्ष 39 ओवर का कर दिया गया।


## आर्चर ने फेंकी ऐसी गेंद मार्श को नहीं दी दिखाई और लौटे पवेलियन

### इंग्लैंड ने चौथे वनडे में आस्ट्रेलिया को 186 रन से हराया

लंदन,(ईएमएस)। जोफ्रा आर्चर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने से पहले ही तेज गेंदबाज बन गए हैं। कैरेबियन देश में जन्मे आर्चर ने 2019 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था। वर्ल्ड कप 2019 के फाइनल में सुपर ओवर डालकर अपनी टीम को जीत दिलाई। फिर उसी साल एशेज सीरीज अपनी पेस बॉलिंग कर हर बल्लेबाज में अपना डरा बैठा दिया, लेकिन फिर चोट के कारण आर्चर मैदान से दूर हो गए। बीच-बीच में वापस लौटे लेकिन फिटनेस ने उनका साथ नहीं दिया। अब आर्चर ने फिर वापसी की है और पूरी लय में नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड टीम अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। जोफ्रा आर्चर भी इस सीरीज में इंग्लैंड टीम में शामिल हैं। लॉर्ड्स पर खेले गए चौथे मुकाबले में जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को बोल्ड मार कर पवेलियन रवाना कर दिया। आर्चर की गेंद इतनी तेजी से अंदर आई कि मार्श को लाइन में जाने का भी मौका नहीं मिला। गेंद उन्हें छकाती हुई विकेट में जा लगी। मार्श अच्छी बैटिंग कर रहे थे और 34 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए।मार्श के आउट होने के बाद मार्नस लाबुशेन मैदान पर आए। आर्चर ने करीब 149 की स्पीड से गेंद फेंकी। यह गेंद लाबुशेन के हाथ पर लगी और वह दर्द से कराह उठे। डॉक्टर ने उन्हें चेक किया। उनके हाथ पर पट्टी लगाई गई। फिर कहीं जाकर वह खेलने के लिए तैयार हुए। वह ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाए और 10 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। आर्चर ने 7 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। 39-39 ओवर के इस मैच को इंग्लैंड ने 186 रन से जीत लिया।

बता दें लॉर्ड्स के ही मैदान पर 2019 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट हुआ था। उसमें आर्चर ने स्टीव स्मिथ के हेलमेट पर बाउंसर मारकर उन्हें घायल कर दिया था। फिर कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में मार्नस लाबुशेन प्लेइंग इलेवन में आए थे। दूसरी पारी में पहली ही गेंद पर आर्चर ने लाबुशेन के ग्रिल पर बाउंसर मार दी थी।

## फीफा ने अर्जेंटीना के मार्टिनेज को दो मैचों के लिए निलंबित किया




ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो डिबू मार्टिनेज को निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों का उल्लंघन करने पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैचों के लिए निलंबित किया है। मार्टिनेज अगले माह वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे। मार्टिनेज ने इस माह की शुरुआत में चिली और कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैचों के दौरान फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चिली के खिलाफ जीत के बाद, गोलकीपर को कोपा अमेरिका ट्रॉफी की प्रतिकृति को अपने ग्रोइन क्षेत्र में पकड़े हुए देखा गया, जो 2022 फीफा विश्व कप जीत के बाद उनके द्वारा किए गए जश्न की याद दिलाता है।

एस्टन विला स्टार को कोलंबिया से अर्जेंटीना की 2-1 की हार के बाद अपने कार्यों के लिए भी परिणाम भुगतने पड़े, जब उन्होंने अंतिम सीटी के बाद एक कैमरा ऑपरेटर के उपकरण को धक्का दिया था। अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ (एएफए) ने कहा कि फीफा द्वारा प्रतिबंधों की पुष्टि करने से पहले खिलाड़ी और संघ द्वारा बचाव प्रस्तुत किया गया था। एएफए ने कहा, मार्टिनेज को उनके आक्रामक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसमें कहा गया, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अर्जेंटीना फुटबॉल संघ फीफा अनुशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय से पूरी तरह असहमत है।

ला एल्बिसेलेस्टे वर्तमान में आठ मैचों में 18 अंकों के साथ कॉनमेबोल विश्व कप क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद कोलंबिया से दो अंकों की बढ़त बनाए हुए है। कॉनमेबोल की शीर्ष छह टीमें 2026 टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए अंतर-संघ प्लेऑफ में प्रवेश करेगी।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया में मचा रहा धूम, भारत में भी जमा चुका है धाक

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत-ऑस्ट्रेलिया में भिडंत, कंगारुओं को ख्वाजा से उम्मीद

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत और ऑस्ट्रेलिया टीमें दो महीने बाद पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी। इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम को पाकिस्तानी मूल के ओपनर बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा से काफी उम्मीदें हैं। ख्वाजा भारत के खिलाफ अच्छी बैटिंग के लिए जाने जाते हैं। पिछली बार भारत दौरे पर उन्होंने अहमदबाद टेस्ट मैच में धमाकेदार पारी खेली थी। ख्वाजा ने एक छोर से भारत के दिग्गज गेंदबाजों को काफी परेशान किया था। उन्होंने टीम इंडिया के स्पिनर्स का बखूबी सामना किया था। ख्वाजा वर्तमान में पाकिस्तान टेस्ट टीम के अहम सदस्य हैं।37 वर्षीय बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 2018 में अपनी गर्लफ्रेंड रचेल मेक्कलेनन से निकाह किया था। उस्मान ख्वाजा से शादी से पहले रचेल ने इस्लाम धर्म अपना लिया था। रचेल कैथोलिक क्रिस्चियन हैं। दोनों ने साल 2016 में सगाई की थी। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी आयशा और छोटी बेटी का नाम आइला है।उस्मान ख्वाजा जब चार साल के थे तब उनके माता-पिता पाकिस्तान से ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में बस गए थे। दोनों की पहली मुलाकात सिडनी में हुई थी। उस्मान और रचेल को पहली नजर में एक दूसरे से प्यार हो गया। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। ख्वाजा क्रिकेटर के साथ-साथ पायलट भी हैं और उनके पास कमर्शियल पायलट का लाइसेंस भी है।

उस्मान ख्वाजा 73 टेस्ट मैचों में 5451 रन बना चुके हैं जिसमें 15 शतक और 26 अर्धशतक है। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 195 रन रहा है। 40 वनडे में ख्वाजा के नाम 1554 रन है जिसमें दो शतक और 12 अर्धशतक है। 9 टी20 इंटरनेशनल मैचों में ख्वाजा 241 रन बना चुके हैं। 203 फर्स्ट क्लास मैचों में ख्वाजा के नाम 14145 रन दर्ज हैं।

## ऑस्ट्रेलिया टीम को सता रहा अश्विन और जडेजा का डर

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

### मैक्सवेल बोले- ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा




नई दिल्ली,(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उनके बल्लेबाज भारत की स्पिन जोड़ी, अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं। भारत ने पिछले दोनों दौरों में ऑस्ट्रेलिया को उनकी धरती पर हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और अब टीम इंडिया तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल करने की तैयारी में है।मैक्सवेल ने कहा कि अक्सर अश्विन और जडेजा की जोड़ी ही खेल का नतीजा तय करती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन दोनों गेंदबाजों का सामना करने के बाद ऐसा लगता है कि उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का परिणाम तय करता है। हालांकि मैक्सवेल खुद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने यह साफ कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को भारत के अनुभवी स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने मिलकर अब तक 330 पारियों में 821 विकेट लिए हैं और 50 बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया है। मैक्सवेल के मुताबिक यदि ऑस्ट्रेलिया इन दोनों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाती है, तो टीम जीत की अच्छी स्थिति में होगी। मैक्सवेल ने गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी तारीफ की, जिन्हें वह 2013 में आईपीएल के दौरान पहली बार नेट्स में गेंदबाजी करते हुए देख चुके हैं। मैक्सवेल ने कहा कि अब बुमराह को इस तरह शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए देखना अद्भुत है। वह तीनों प्रारूपों में शायद सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। अश्विन और जडेजा की कुशल स्पिन और बुमराह की तेज गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत की संभावनाओं को काफी हद तक प्रभावित करेगा।



सेलहर्स्ट पार्क, लंदन, ब्रिटेन में गुरुवार को सॉकर फुटबॉल में क्रिस्टल पैलेस बनाम चेल्सी महिला सुपर लीग में चेल्सी की एश्ले लॉरेंस क्रिस्टल पैलेस की इंडिया-पैगी रिले के साथ एक्शन में।

## रयान की आतिशी पारी से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को 8 विकेट से हराया

### 18वें ओवर में ही जीत की हासिल, 171 रन का मिला था लक्ष्य




अबुधाबी,(ईएमएस)। अबुधाबी के शेख जायद स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के बीच पहले टी20 मैच खेला गया जिसमें आयरलैंड को हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच आठ विकेट से जीत लिया। उनकी जीत में सबसे बड़ा योगदान रयान रिकेल्टन का था जिन्होंने 48 गेंदों पर आतिशी पारी खेल कर 76 रन बनाए। इससे पहले आयरलैंड टीम ने कर्टिस कैम्फर के 49 रनों की बदौलत 171 रन बनाए थे। इस लक्ष्य को पूरा करने उतरी अफ्रीकी टीम ने पहले विकेट के लिए रिकेल्टन और रीजा ने 13 ओवर में 136 रन बनाए। इसके बाद रीजा ने 51, ब्रीट्जके ने 19 तो मार्कराम ने 17 रन बनाए और 18वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी।आयरलैंड की शुरूआत खराब रही। कप्तान पॉल स्टर्लिंग 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। रोस एडेयर 18 और हैरी टेक्टर 16 रन बनाकर आऊट हुए। मध्यक्रम में कर्टिस कैम्फर और नील रॉक ने पारी को संभाला। कैम्फर ने 36 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए जबकि नील ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए। इसके अलावा डाकरेल ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए। आयरलैंड के आखिरी के बल्लेबाज स्कोर नहीं कर पाए जिससे टीम 8 विकेट पर 171 रन ही बना पाई। अफ्रीका के पैट्रिक ने 27 रन देकर चार विकेट लिए।अफ्रीका की शुरूआत शानदार रही। रयान ने शुरूआत से ही आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर धुलाई की। उनका रीजा ने साथ दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन जोड़े। रीजा के रूप में अफ्रीका ने पहला विकेट गंवाया। उन्होंने 33 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। वहीं, रयान ने 48 गेंदों पर 3 चौके और 6 छक्कों की मदद से 76 रन बनाए। मैथ्यूज ने 19 तो कप्तान ऐडन मार्कराम ने 17 रन बनाकर अपनी टीम को 18वें ओवर में जिता दिया।

# वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में की गई क्राइम मीटिंग आयोजित

धनबाद : धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय के सभागार में शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सिटी एसपी, अजीत कुमार व ग्रामीण एसपी, कपील चौधरी समेत डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व जिले के सभी थाना व ओपी प्रभारी उपस्थित रहे। एसएसपी द्वारा बैठक में लंबित कांडों के अनुसंधान तेज करने का निर्देश दिया गया। वहीं अपराधिक गतिविधि, अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समीक्षा की गई। बैठक के दौरान आगामी दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर थाना प्रभारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। वहीं थाना क्षेत्र के पूजा पंडालों में विधि व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं के आवागमन में सुरक्षा सुनिश्चित करने, असमाजिक व शरारती तत्वों पर निगरानी रखने, छेड़खानी व छीनतई की घटना ना हो इस पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया गया।

एसएसपी ने सभी पूजा पंडाल का भौतिक निरीक्षण कर समिति से समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया। उन्होंने सभी पूजा पंडाल व मेले में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, वॉलिंटियर का पहचान पत्र सुनिश्चित करने को कहा। दुर्गा पूजा के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। लिहाजा अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

इसके साथ ही उन्होने कहा कि धनबाद पुलिस सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है। किसी तरह की अफवाह एवं भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान एसएसपी ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और लंबित कांडों के निष्पादन करने संबंधित निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियो व अनुसन्धानकर्ताओं को लंबित मामलों को जल्द निष्पादित करने को कहा। उन्होने अपराध नियंत्रण के लिए सभी थाना क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने, खासकर बैंक, रेलवे स्टेशन के अलावा बाजार, मॉल व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नियमित गश्ती सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ वाहन जांच के अभियान में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। एसएसपी ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। साथ ही अवैध शराब व मादक पदार्थ के खरीद-बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### लातेहार में लिखित आश्वासन के बाद शराब दुकानदारो का हड़ताल खत्म

लातेहार(ईएमएस)।तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में जिले के सरकारी शराब दुकानों के कर्मचारियों ने शनिवार को समाहरणालय के समक्ष धरना दिया।बाद में मानव प्रदाता कंपनी के द्वारा दस दिनों के अंदर मानदेय का भुगतान कर देने के लिखित आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना हड़ताल वापस ले लिया। बता दें कि जिले के 23 सरकारी शराब दुकानों में कार्यरत इंचार्ज और सहायक कर्मियों को तीन माह से मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा है।उनके समक्ष जीवनयापन की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है।लंबित मानदेय की भुगतान की माग को ले कर पिछले 11 सितंबर को उत्पाद मंत्री, डीसी व उत्पाद अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कर्मचारी मानदेय भुगतान की गुहार लगा चुके थे।इसके बाद पिछले 18 सितंबर को कंपनी एवं श्रम अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कर्मचारियों कहा था कि अगर 27 सितंबर तक जिले में संचालित सरकारी शराब दुकानों के इंजार्च व सहायक कर्मियों को पिछले तीन माह के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो वे 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन के लिए शराब दुकान बंद कर हड़ताल में चले जायेगें। 27 सितंबर तक कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया।इसके बाद 28 सितंबर को सरकारी शराब दुकान के कर्मचारी समाहरणालय के समक्ष धरना पर बैठ गए।इसकी जानकारी मिलने पर मानव प्रदाता कंपनी केएस मल्टीफैसलीटी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड के जिला को आर्डिनेटर नरेंद्र कुमार ने श्रम अधीक्षक, लातेहार को आगामी सात अक्टूबर तक लंबित मानदेय का भुगतान कर देने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने अपना हड़ताल वापस ले लिया।

### 6.73 करोड़ से होगा रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर का कायाकल्प

रांची(ईएमएस)।प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर की तस्वीर बहुत जल्द बदलने वाली है।मंदिर की मरम्मत एवं पुनर्विकास के लिए कुल छह करोड़ तिहत्तर लाख छह हजार सात सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है।रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विभागीय सचिव के पत्र के आलोक में पहाड़ी मंदिर की मरम्मत्त एवं पुनर्विकास के लिए चार करोड़ चौबीस लाख चौवन हजार तीन सौ रुपए एवं गार्ड वॉल और बॉउंड्री वॉल निर्माण के लिए दो करोड़ अड़तालीस लाख बावन हजार चार सौ रुपए यानी कुल 673.067 लाख की स्वीकृति दी है।योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी-1 रांची को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो मुख्य अभियंता, रांची झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (रांची) द्वारा तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार ही योजना का क्रियान्वयन कराएंगे। रांची के उपायुक्त द्वारा इस योजना के लिए अनुमोदित प्राक्कलन के अनुरूप निविदा आमंत्रित कर 31 मार्च 2026 तक योजना को पूरा कराने को कहा गया है। कार्यकारी एजेंसी द्वारा योजना स्वीकृति के बाद सात दिनों के अंदर निविदा प्रकाशन एवं निविदा प्राप्ति की तिथि के अगले पांच दिनों के अंदर निविदा का निष्पादन करने का आदेश दिया गया है।निविदा निष्पादन में किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति उत्पन्न होने पर कार्यकारी एजेंसी को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग, हजारीबाग से रांची तक पदयात्रा करेंगे अभ्यर्थी, जेएसएससी का करेंगे घेराव

रांची(ईएमएस)।झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में कथित तौर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत अभ्यर्थियों और दो कोचिंग संस्थानों ने की है। हजारीबाग में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने हजारीबाग से रांची तक पदयात्रा करने और रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है।जेएसएससी सीजीएल-2023 की परीक्षा 21 और 22 सितंबर को पूरे झारखंड में हुई थी।अब इस परीक्षा को रद्द करने की मांग छात्रों ने कर दी है। हजारीबाग जिले के गांधी मैदान में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने एक बैठक की।इसमें तय हुआ कि हजारीबाग से रांची तक पदयात्रा करेंगे और नामकुम में जेएसएससी कार्यालय का घेराव करेंगे।ये सभी अभ्यर्थी 29 सितंबर को सुबह 7 बजे हजारीबाग से रांची के लिए रवाना होंगे। इनका कहना है कि एजेंसी के जरिए इस बार पेपर लीक करवाया गया है।अभ्यर्थियों ने कहा कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक हुआ है। उन्होंने बताया कि जेएसएससी की ओर से गठित जांच दल ने 30 सितंबर को जांच में शामिल होने के लिए ऑफिस बुलाया है।

### गुमला में रोजगार मेला का हुआ आयोजन 83 अभ्यर्थियों का फाइनल सिलेक्शन

गुमला (ईएमएस)।गुमला के नगर भवन में शनिवार को जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर के द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और जिला नियोजन पदाधिकारी राम बारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस रोजगार मेले में गुमला और आस पास के क्षेत्रों से 14 प्रतिष्ठित कंपनियों और 07 सरकारी विभागों ने भाग लिया। मेले में कुल 1253 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रारंभिक चरण में 587 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनमें से 83 युवक-युवतियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र (ऑफर लेटर) का वितरण किया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री सत्यार्थी ने कहा कि वर्तमान समय में निजी क्षेत्र में असीमित संभावनाएँ हैं। जिन लोगों ने निजी क्षेत्र में अपना कदम रखा है,उनकी कार्यशैली के अनुसार वेतन का निर्धारण होता है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक और अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### परिवर्तन यात्रा के समापन में रामगढ़ पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, वर्तमान सरकार पर वादा खिलाफी सहित कई गंभीर आरोप लगाए

रामगढ़(ईएमएस)।बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का समापन समारोह रामगढ़ के छावनी परिषद मैदान में आयोजित की गई।मौके पर पार्टी की ओर से जनसभा का आयोजन किया गया।इस जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिरकत किया। इस क्रम में उनके साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे के अलावा भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर उनका स्वागत झारखंड के पारंपरिक तरीके से महिलाओं ने किया।लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है, राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और विधि व्यवस्था चौपट हो गई है, उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ संथाल में अपने वोट बैंक के लिए वहां के डेमोग्राफी को बदला जा रहा है तो दूसरी तरफ राज्य के मंत्री खनिज संपदा की घोटाला कर जेल में है।बाद में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा इसलिए कि झारखंड में आम लोगों के साथ वर्तमान सरकार ने वादा खिलाफी किया है।

### न्याय सब के लिए, 155 लीगल वालंटियर का प्रशिक्षण शुरू

हजारीबाग(ईएमएस)।समाज के अंतिम पायदान तक निःशुल्क और सुलभ न्यायिक सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ने पारा लीगल वॉलेंटियर का चयन किया है। इनका चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद पूरा किया गया।चयनित 155 पारा लीगल वॉलेंटियर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया।दीप प्रज्वलन में उनके साथ कुटुंब न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा और अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ओंकार नाथ चौधरी भी मौजूद रहे।

उपस्थित पारा लीगल वॉलेंटियरों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधान जिला जज ने कहा कि अब वे भी सिविल कोर्ट के एक अंग हो गए हैं।उन सभी के उम्मीदों और विश्वास पर खरा उतरना है।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि उनके चयन का मुख्य उद्देश्य कमजोर वह असहाय लोगों तक सुविधाजनक और निशुल्क न्याय पहुंचना है।उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर पैरा लीगल वॉलिंटियरों को कानूनी जानकारी रखते हुए एक मध्यस्थ के तरीके से काम करना है।

## सीएम को दुर्गा पूजा का आमंत्रण, मां की प्रतिमा और चुनरी भेंट कर किया सम्मानित

रांची(ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विभिन्न पूजा पंडालों में सपरिवार पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने के लिए सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मां दुर्गा की प्रतिमा और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया और दुर्गा पूजा की तैयारियों से संबंधित बिंदुवार जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि हर वर्ष की तहर इस वर्ष भी राज्य सरकार की ओर से रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति सहयोग की अपेक्षा रखती है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि आपके नेतृत्व में दुर्गा पूजा समितियों को प्रशासन की ओर से हरसंभव पूरा सहयोग मिलता रहा है।आशा है इस बार भी प्रशासनिक सहयोग मिलेगा।मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद भी दिया।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति सहित विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के साथ हमेशा खड़ी है।हर वर्ष की तहर इस वर्ष भी जिला प्रशासन का पूरा सहयोग पूजा समितियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के संयोजक अजीत सहाय, उप संयोजक (अध्यक्ष, झारखंड गौ सेवा आयोग) राजीव रंजन प्रसाद, सहसंयोजक जयसिंह यादव, अध्यक्ष चंचल चटर्जी, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू समेत अशोक यादव, नितिन जय यादव, अमरनाथ साहू, संजय सिन्हा गोपू, रमेश सिंह, संजय मिनोचा, सागर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



## गढ़वा में डीएसओ ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद

गढ़वा (ईएमएस)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) राम गोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।उन्होंने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई।साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस दौरान छाया कुमारी पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी प्रखंड मेराल ने आवेदन पत्र समर्पित कर बताया कि मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पूर्वी पंचायत में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास देने एवं ग्रामीण जनता से आर्थिक दोहन करने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के योग्य लाभुकों को लाभ न देकर अयोग्य लाभुकों को लाभ दिया गया है।उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत मेराल प्रखंड के मेराल पूर्वी पंचायत में गड़बड़ी होने का मामला बताया है और उन्होंने इस मामले की जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया।भंडरिया प्रखंड की प्रेमदानी कुजूर ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया।उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2020 में ही नया राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया कराई गई है, जो कि अभी तक नहीं बन पाया है।

सदर प्रखंड के ग्राम जाटा कल्याणपुर निवासी सीता देवी, चिंता देवी, अनीता देवी एवं उषा कुमारी आदि ने रोजगार के लिए आवेदन देकर समाहरणालय परिसर गढ़वा में माली के रूप में काम करने का आग्रह किया।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा

## मौजूदा सरकार आदिवासियों को ठगने का कर रही है काम

देवघर (ईएमएस)। देवघर में परिवर्तन यात्रा का आखिरी पड़ाव शनिवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल हुए। उनके साथ मंच पर गोड्डा के विधायक अमित मंडल,देवघर के विधायक नारायण दास और कई गणमान्य नेता मौजूद रहे। मंच से जनता को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि झारखंड का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। उसमें भी देवघर जो की देवों का घर है और यहां की पवित्र भूमि विश्व विख्यात है।इन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा इसलिए झारखंड में की गई ताकि महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाए, युवाओं को रोजगार दिया जाए और झारखंड को विकास के पथ पर ले जाना है लेकिन मौजूदा हेमंत सोरेन की सरकार ने आदिवासी और झारखंड की जनता को ठगने का काम किया है। जब झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तो कई योजनाएं चलाई गई और 5 सालों तक चली लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मैया योजना चल रही है जो की सिर्फ एक से दो महीने तक चलेगी।एक तरफ आदिवासियों का पलायन हो रहा है बांग्लादेशी घुसपैठी अपना झारखंड में गढ़ बना रहे हैं और वही हेमंत सोरेन आदिवासियों के साथ वोट बैंक की राजनीति खेल रही है। झारखंड सरकार में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा आरजेडी और कांग्रेस परिवार की राजनीति खेल रही है और सत्ता के लोग में चोर है और यह सिर्फ अपने परिवार का विकास कर रही है झारखंड का नहीं। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि जब चुनाव नजदीक आता है तो झारखंड की सरकार नई नई स्कीम लाती है और जनता को बरगलाने का काम करती है और आज भी कुछ ऐसा ही हो रहा है इस परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य जनता को जगाना है उन्हें यह बताना है कि झारखंड का विकास अगर कोई कर सकता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है जहां योजनाएं बनती है और पांच सालों तक चलती है।

## जिला परिषद अध्यक्ष, शारदा सिंह ने किया डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन

धनबाद : शुक्रवार को जिला परिषद मैदान स्थित डिजनीलैंड मेला का उद्धघाटन जिला परिषद की अध्यक्षा शारदा सिंह ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया। जिप अध्यक्षा, शारदा सिंह ने कहा कि पूजा में उद्योग और मनोरंजन को बढ़ावा देने के लिए हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपो सह डिजनीलैंड मेले का आयोजन किया गया है। इस प्रकार के आयोजन से स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलता है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष, श्रवण राय मौजूद थे। मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी एवं बिपलव चक्रवर्ती, पगड़ी बाबा ने मुख्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। मेले में मनोरंजन के लिए रोमांचक झूला, मशहूर वाटर वोटिंग लगाया गया है। इसके अलावा ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चान्द्तारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर, और हॉर्स राइड, किड्स राइड जैसे मनोरंजन के समान मौजूद रहेंगे। हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपो में ज्वेलरी, खिलौने, राजस्थानी कंगन, सहारनपुर फर्नीचर, बनारसी सिल्क साड़ी, सहित 50 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिसमे फर्नीचर उडेन हेंडीक्राफ्ट, फैंसी लेडिस सैंडिल और बैग, कारपेट, किचेन वेयर, वास्तु के सामान, कोलकाता ज्वेलरी, कंगन चुड़ी और खादी वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, कांच के आइटम, मुंबई के फैन्सी चप्पल, बैग एवं अन्य घरेलू समान उपलब्ध है।



### आइएएस छवि रंजन की पत्नी ने बयान जारी कर कहा

## मेरे पति निर्दोष हैं, आरोपों का किया खंडन

रांची : झारखंड कैडर के आइएएस अधिकारी छवि रंजन की पत्नी शीतल झा ने अपना पक्ष रखा है. उन्होंने प्रेस रिलीज जारी कर छवि रंजन पर लगाये जा रहे आरोपों का खंडन किया है. कहा है कि सुप्रीम कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने का यह मतलब नहीं है कि वे अपराधी हैं. मेरे पति निर्दोष हैं. उन पर लगे सारी आरोप बेबुनियाद हैं. इस समय मेरा परिवार कठिन समय का सामना कर रहा है. हमने हमेशा कानून का सम्मान किया है. हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका जल्द ही इस मामले में उचित समाधान निकालेगी.

#### अब तक मेरे पति के खिलाफ नहीं मिले हैं सबूत

शीतल झा ने कहा कि मेरे पति 15 महीनों से जेल में बंद हैं. ईडी को किसी भी पैसे के लेन-देन या भ्रष्टाचार के सबूत नहीं मिले हैं. न ही ईडी की ओर से इस तरह के आरोपों की पुष्टि मीडिया में की गयी है. जब किसी का कोई अपना मुश्किल में होता है और उसके साथ नहीं होता, तो केवल वही व्यक्ति समझ सकता है कि उस पर और उसके परिवार पर क्या बीत रही है.





#### बिना प्रमाण के अफवाहें फैलाना अनैतिक है

ऐसे में परिवार को टार्गेट करना गलत है. यदि किसी के पास कोई ठोस सबूत है, तो उसे खुलकर सामने आना चाहिए, लेकिन बिना प्रमाण के इस तरह की अफवाहें फैलाना न केवल अनैतिक है बल्कि न्याय व्यवस्था का अपमान भी है. मुझे पूरी उम्मीद है कि ईश्वर और न्यायालय के न्यायाधीश मेरे पति के साथ न्याय करेंगे, और जल्द ही उन्हें जेल से रिहा किया जाएगा. न्यायालय में हमारा विश्वास अडिग है, और हम पूरी तरह से आशान्वित हैं कि सच्चाई की जीत होगी. हमारी लड़ाई न्याय के लिए है, और हम पूरी तरह से विश्वास रखते हैं कि सच्चाई जल्द ही सामने आएगी.

## झारखंड की माताओं और बहनों को 2100 रुपए प्रतिमाह देंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

रांची(ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की माताओं और बहनों को 2100 रुपए प्रति माह देने का वादा किया है। झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी चौहान ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो 2100 रुपये महीना माताओं-बहनों को दिए जाएंगे। भाजपा की ओर से किया गया यह वादा मध्य प्रदेश में लागू 'लाडली बहना' से भी बड़ा है, जहां महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जाते हैं। इस स्कीम ने मध्य प्रदेश में भाजपा को बंपर जीत दिलाई थी।



शिवराज ने कहा कि मंईयां योजना भाजपा की प्रोडक्ट है। लाडली बहना योजना के तर्ज पर चुनाव के ठीक पहले नकल की गई। जबकि हेमंत सोरेन ने अपने घोषणा पत्र में 2000 प्रतिमाह चूल्हा खर्च होने का वादा किया था। अब जब चुनाव आया तो 1000 रुपये खाते में डाले जा रहे हैं। वादों के मुताबिक, महिलाओं के खाते में अबतक 1.20 लाख रुपये आने चाहिए थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में 2.87 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। भाजपा की सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में खाली पदों को भरने का फैसला कर दिया जाएगा। हम कैलेंडर बनाकर तय करेंगे कि किस महीने में कौन सी परीक्षा होगी और रिजल्ट और ज्वाइनिंग की तारीख क्या होगी। शिवराज ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है। जब चुनाव होते हैं तो एक राज्य के कार्यकर्ता दूसरे राज्यों में भी प्रचार के लिए जाते हैं। झारखंड में भाजपा ने विकास के काम किए हैं। रघुवर सरकार के विकास को जनता आज भी याद करती है। यहां की माटी, बेटी और रोटी की रक्षा का सवाल है। जेएमएम सरकार घुसपैठियों को वोट बैंक समझती है। वह बहुत खतरनाक खेल खेल रही है।

# लेखिका अल्का सिन्हा को मिला "बीसीसीएल कोयला भारती राजभाषा सम्मान 2024"

## बीसीसीएल द्वारा सामुदायिक भवन कोयला नगर में 500 दर्शकों एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह के साथ राजभाषा पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न





धनबाद । भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 28 सितंबर 2024 को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर विख्यात साहित्यकार श्रीमती अल्का सिन्हा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और वर्ष 2024 के लिए उन्हें कोयला भारती राजभाषा सम्मान से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) श्री मुरली कृष्ण रमैया ने की। इस अवसर पर श्री राकेश कुमार सहाय , निदेशक (वित्त), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) तथा महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री विद्युत साहा भी मौजूद रहे। समारोह में बीसीसीएल की गृह पत्रिका कोयला भारती के नवीन 41वें अंक का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्रगान और कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत के साथ हुआ। आमंत्रित मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती अल्का सिन्हा को प्रतिष्ठित पुरस्कार "बीसीसीएल कोयला भारती राजभाषा सम्मान 2024" से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत उन्हें एक स्मृति चिन्ह और 21000 चेक के माध्यम से पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया तथा शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती अल्का सिन्हा ने हिन्दी को जन-जन की भाषा बताया तथा बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) को बीसीसीएल में हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग के लिए बधाइयॉ दी। बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि, हिन्दी में कार्य करने में हम बीसीसीएल को और आगे ले जाएंगे । हिंदी सभी की प्रिय भाषा है, केवल हमें हिंदी के कार्यालयीय उपयोग को और बढ़ाना होगा। उन्होनें राजभाषा पखवाड़ा को हिंदी का उत्सव बताया जिसमें हम हिंदी में कार्य करने वालों के योगदान को महत्व देते हैं । श्री राकेश कुमार सहाय , निदेशक (वित्त) ने कहा कि, विद्यालयों में हिन्दी में शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) बीसीसीएल ने कहा है कि, हम हिंदी को उस स्तर तक ले जाएंगे जहॉ हमें हिंदी के लिए पखवाड़ा न मनाना पढ़े। हमारे देश में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन करने पड़ रहे हैं। ऐसा किसी अन्य देश में नहीं होता है। हिंदी में काम करना गौरव का प्रतीक है। हमें गर्व के साथ इस भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

राजभाषा पखवाड़ा-2024 के अन्तर्गत् विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभागों, क्षेत्रों एवं कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। (पुरस्कार प्राप्त कर्ताओं की विस्तृत सूची संलग्न है) राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रगति के लिए स्व. शंकर दयाल सिंह स्मृति राजभाषा सम्मान- 2024 (शील्ड) से क्रमशः बस्ताकोला क्षेत्र, भू-संपदा विभाग, कर्मचारी स्थापना विभाग, जनसंपर्क विभाग के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे-बरोरा क्षेत्र, कुसुंडा और पश्चिमी झरिया क्षेत्र एवं विभिन्न विभागों जैसे- सामग्री प्रबंधन विभाग, औद्योगिक अभियंत्रण विभाग, प्रशासन विभाग आदि को सम्मानित किया गया। राजभाषा संवर्ग के कर्मियों और नोडल हिंदी अधिकारियों के लिए आयोजित हिन्दी पत्रलेखन एवं हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार से प्रणव कुमार ओझा,उप प्रबंधक (का.) तथा आस्था राहा, उप प्रबंधक को सम्मानित किया गया तथा द्वितीय पुरस्कार से मनीष चंद्र साहू, प्रबंधक (का.) एवं रंजीत कुमार, व. डाटा इंट्री ऑपरेटर के अलावा विभिन्न कार्मिकों को तृतीय एवं सान्त्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिंदीत्तर भाषियों के लिए आयोजित हिन्दी पत्रलेखन एवं हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में सुप्रिय कुमार मजुमदार विजेता रहे। केवल गृहिणियों के लिए आयोजित हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्रीमती मोनी माला एवं श्रीमती रश्मि सिंह विजेता रहीं।

हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी, प्रबंधन प्रशिक्षु, आरती, सहायक प्रबंधक (का.), आदि ने पुरस्कार जीते। हिंदीत्तर भाषियों के लिए आयोजित हिंदी अनुवाद एवं शब्दावली प्रतियोगिता में मोहनीत कुमार घोष, उप प्रबंधक (खनन) एवं जयप्रकाश साहू, प्रबंधन प्रशिक्षु प्रथम रहे। हिंदी-भाषियों के लिए आयोजित हिंदी अनुवाद एवं शब्दावली प्रतियोगिता में प्रिया वर्मा, लिपिक तथा महेश कुमार ऐचरा, उप प्रबंधक ने बाजी मारी। बनिोद बहिारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय परीक्षा-2024 में स्नातकोत्तर हिंदी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी विश्वनाथ किस्कु को पुरस्कृत किया गया। 12 वीं बोर्ड परीक्षा-2024 में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं कुमारी आरजू , खुशी राय , कुमार अमृत, प्राची प्रिया एवं इशान राना को पुरस्कृत किया गया। हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता-2024 में भाग लेने के लिए अभिनव झा एवं अलंकृता समेत 121 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (राजभाषा), श्री विद्युत साहा, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक समेत मुख्यालय स्थित सभी विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और सभी कार्मिक अधिकारी, सीसीसी सदस्य, कल्याण समिति, सिस्टा और इंमोसा, सीएमओएआई के सदस्य, हिंदी कैडर कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री उदयवीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक, राजभाषा ने किया ।

## नौवीं एवं दसवीं के 212 छात्रों ने सरलीकृत प्रयोगों के माध्यम से रोजमर्रा के विज्ञान के रहस्यों की खोज की



झरिया, (धनबाद ), अपग्रेडेड हाई स्कूल बरारी कोलियरी के नौवीं और दसवीं कक्षा के 212 छात्रों ने शनिवार को आईआईटी,आईएसएम धनबाद के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किए गए सरलीकृत प्रयोगों के माध्यम से रोजमर्रा के विज्ञान के रहस्यों की खोज की। यह अवसर प्रोफेसर रश्मि सिंह के नेतृत्व वाली आईआईटी (आईएसएम) टीम द्वारा बीसीसीएल के प्रोजेक्ट इफेक्टेड पर्सन्स (पीएपी) के बच्चों के बीच एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय प्रेरणा सत्र था। जिसके दौरान उन्होंने लक्षित छात्रों के बीच दृश्य दृष्टिकोण, तार्किक दृष्टिकोण और प्रयोगात्मक दृष्टिकोण सहित तीन अलग-अलग शिक्षण मीडिया दृष्टिकोणों का उपयोग कर एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा दिया। आईआईटी,आईएसएम टीम का दौरा, जिसके दौरान स्कूल के प्रिंसिपल केशव रवि दास और छात्रों के अलावा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।पीएपी के बच्चों के बीच स्टेम शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी,आईएसएम और बीसीसीएल के सहयोगात्मक प्रयास का हिस्सा था।विद्यालय में अपने टैनिंग के दौरान लावा लैंप डील घुलनशीलता और घनत्व की अवधारणा से संबंधित फ्लोटेशन और घनत्व की अवधारणा को समझाते हुए पानी का अंडा परीक्षण और दहन अवधारणा से संबंधित बर्निंग कैंडल ऑक्सीजन टेस्ट प्रयोग करके छात्रों के बीच रुचि पैदा करने का प्रयास किया गया प्रोफेसर रश्मि सिंह ने कहा।प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रोफेसर नीलाद्रि दास, जो परियोजना के सह प्रधान अन्वेषक के रूप में यात्रा के दौरान भी उपस्थित थे । उन्होंने कहा विज्ञान, प्रौद्योगिकी के प्रति छात्रों की रुचि जगाने के लिए व्यापक दृष्टिकोण, इंजीनियरिंग और गणित सीखने का उद्देश्य छात्रों को इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आगे की शिक्षा और करियर बनाने के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ सशक्त बनाना भी है।प्रयोगों में से एक को समझाते हुए, अंडा जल परीक्षण प्रयोग, घनत्व और प्लवनशीलता की अवधारणाओं के आधार पर दास ने कहा, नमक के पानी में नमक के घुलने के कारण ताजे पानी की तुलना में अधिक घनत्व होता है, जबकि अंडे का घनत्व खारे पानी और ताजे पानी के बीच होता है, इसलिए ताजे पानी में अंडा सघन होने के कारण डूब जाता है, जबकि खारे पानी में यह तैरता है।बीसीसीएल के पीएपी के बच्चों में एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत आईआईटी,आईएसएम की टीम ने 26 सितंबर को धनबाद के दो स्कूलों का दौरा किया, जिनमें झरिया अकादमी स्कूल, झरिया और केसी गर्ल्स स्कूल शामिल हैं।

# नेशनल लोक अदालत में 9 अरब 60 करोड़ रूपए की हुई रिकार्ड





धनबाद। नालसा के निर्देश पर वर्ष 24 के तीसरे नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया । इस मौके पर उन्होंने कहा की नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजिक ,आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है।साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम,शांति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है।

शुरूआती चार घंटे में एक लाख सात हजार विवादों का निपटारा मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया था । जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया ।

इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन एवं मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में शुरूआत के केवल चार घंटे मे ही 17 हजार सिविल कोर्ट मे लंबित विवादों का रेकॉर्ड निपटारा कर दिया गया । वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित 90 हजार प्रिलेटिगेसन मामलों का निपटारा किया गया ।

मौके पर न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, डालसा सहायक,लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के टीम विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# पहला कदम में पेरेंट्स अवेयरनेस कैंप का सफल आयोजन




धनबाद। नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को पैरेंट्स अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगो को सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। पहला कदम स्कूल जो की लोकल लेवल कमिटी का मेम्बर भी है, किसी भी कारणों से किसी भी दिव्यांग के कोई भी सर्टिफिकेट जैसे आधार कार्ड, रेलवे कनशेशन, विवेकानंद पेंशन,यू डी आई डी कार्ड,लीगल गार्जियनशिप,निरामया हेल्थ इंश्योरेंस इत्यादि न बन पाए या किन्ही कारणवश या जानकारी के अभाव में लाभ नही उठा पा रहे है तो वे पहला कदम स्कूल में संपर्क कर मदद ले सकते है। कैंप में अभिभावकों को सही जानकारी के साथ उन प्रक्रियाओं को भी समझाया जिससे वे सरकारी सहायता प्राप्त कर सके। आज के आयोजन में करीबन 80 से 100 की संख्या में अभिभावकों ने हिस्सा लिया । उन्होंने सराहना करते हुए कहा की इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से उन्हें अपने बच्चो के विकास में मदद मिलेगी और वे सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का बेहतर उपयोग कर पाएंगे। आज के ही दिन दिव्यांग बच्चो के हाफ ईयरली एग्जाम के प्रोग्रेस रिपोर्ट भी पैरेंट्स के समक्ष बताया गया । जिसे देख अभिभावकों ने अपने बच्चो की मेहनत के रिजल्ट को देख खुशी जाहिर की। प्रोग्रेस रिपोर्ट और जागरूकता कैंप दोनो ही बच्चो के समग्र विकास में मुख्य भूमिका निभाते है। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया की बच्चो की प्रोग्रेस रिपोर्ट इनके शैक्षणिक स्तर को नापने का प्रभावी तरीका है। जिससे इनकी प्रगति का सही मूल्यांकन किया जा सकता है। सामाजिक तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम है जिससे दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते है । जिसके लिए अभिभावक का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है । जिसके लिए पहला कदम स्कूल में समय समय पर जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते है।

# हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर अपर समाहर्ता ने की रैयतों के साथ बैठक



धनबाद। नई दिल्ली से हावड़ा तक प्रस्तावित हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर शनिवार को अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार की अध्यक्षता में द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, एन.एच. एस.आर.सी.एल., ओवरसीज मिंट कंसलटेंट, टीला कंसल्टेंट्स तथा धनबाद जिले के 69 गांव के रैयतों के साथ समाहरणालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भारत सरकार और रेलवे द्वारा तैयार एलाइनमेंट पर चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट बनाते समय घनी आबादी, स्कूल, हॉस्पिटल, धार्मिक स्थल प्रभावित नहीं हो, इसे ध्यान में रखकर डीपीआर तैयार किया गया है।


साथ ही कहा कि प्रत्येक गांव में भूमि अधिग्रहण करने से पहले अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। निर्धारित दर के अनुसार सरकार द्वारा प्रभावितों को मुआवजा दिया जाएगा।


हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद झारखंड में कोडरमा और धनबाद में ट्रेन का ठहराव होगा।

बैठक में 69 गांव के रैयतों ने अपने-अपने सुझाव भी रखें।

बैठक में अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीनियर मैनेजर श्रीमती निकिता धवन, ओवरसीज मिंट कंसलटेंट के फील्ड एग्जीक्यूटिव आरिफ अजीज, फील्ड सुपरवाइजर प्रमोद शर्मा, टिला कंसल्टेंट्स के प्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे।

# मानव संसाधन- कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेल द्वारा संविदा कर्मियों के लिए "निधि आपके निकट" कार्यक्रम का आयोजन





बोकारो । मानव संसाधन -कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेल द्वारा बोकारो स्टील प्लांट में विभिन्न ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले संविदा कर्मियों के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का कार्यक्रम "निधि आपके निकट" आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में, विभिन्न प्रावधानों के बारे में ठेका कर्मियों की जागरूकता के लिए, ई.पी.एफ.ओ., रांची से श्री अविनाश कुमार, प्रवर्तन अधिकारी और श्री पी.के. सिन्हा, सीनियर एस.एस.ए. उपस्थित थे. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई.पी.एफ.ओ.) द्वारा शुरू किया गया "निधि आपके निकट" कार्यक्रम एक मासिक आउटरीच पहल है, जिसका उद्देश्य नियोक्ताओं, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों सहित इसके हितधारकों के बीच पारदर्शिता बढ़ाना, शिकायतों को संबोधित करना, जागरूकता और सूचना साझा करना और ई.पी.एफ.ओ. सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाना है. उक्त कार्यक्रम में लगभग 120 ठेका कर्मियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का समन्वय श्रीमती प्रांजलि, महाप्रबंधक(एच.आर.-सी.एल.सी.) ने किया और एच.आर.-सी.एल.सी. के वरीय प्रबंधक श्री प्रियव्रत, श्री पंकज कुमार, उप प्रबंधक सुश्री प्रिया पी टोप्पो, तथा श्री गौरी शंकर ओहदार एवं मो शादाब अख्तर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभायी.

# भाजपा ने अमर शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई



धनबाद, माँ भारती के लिए मात्र 23 वर्ष की उम्र में फाँसी के फंदे को चूम कर अपने प्राण न्योछावर करने वाले क्रांतिवीर अमर शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती पर विधायक राज सिन्हा नें दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जगजीवन नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर बबलू फरीदी, संतोष सिंह, सतीश रजक, विकास सिन्हा, पप्पू गुप्ता, सूरज पासवान, उमेश सिंह कामदेव कुमार, रिंकू सिन्हा, टिंकू साव, प्रमोद अग्रवाल,सुबीर साव, भगीरथ दास, मिथुन कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

# आंखों में पट्टी बांधकर परीक्षा विभाग को वास्तविकता दिखाने का काम किया गया : एनएसयूआई



धनबाद। शनिवार को जिला इकाई ने आंख में पट्टी बांधकर परीक्षा विभाग को वास्तविकता दिखाने का काम किया । ज्ञात हो की लगातार परीक्षा विभाग द्वारा बच्चों को परेशान किया जा रहा है । कभी एडमिट कार्ड में ऐश्वर्या राय का फोटो डालकर तो कभी संबंधित विषय को छोड़कर किसी और विषय का प्रश्न पत्र देकर, इससे साफ जाहिर होता है कि परीक्षा विभाग के कर्मचारी आंख में पट्टी बांधकर कम कर रहे हैं । जिससे इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्रों का रे ऑफ होप मारते जा रहा है। मौके पर रोहित पाठक, नितेश शर्मा, उत्तम कुमार, नवाजिश अफजल राज सिंह, मोहित मेहताब,सौरभ , सरफराज ,रोहित आदि शामिल थे।

# विश्व हृदय दिवस पर इमेजिका करेगा मोबाइल वैन की लॉचिंग

### मुफ्त में होगी हृदय रोग से जुड़ी जांच, लोगों को किया जाएगा जागरूक




धनबाद। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में रविवार, 29 सितंबर, 2024 को इमेजिका हेल्थ स्कैन एवं सहयोग ट्रस्ट के तत्वावधान में हृदय रोग से संबंधित जाँच के लिए समर्पित एक हार्ट केयर मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखायी जाएगी। इस वैन के जरिए लोगों के कोलेस्ट्रॉल, शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी आदि की निःशुल्क जाँच की जाएगी। पहले फेज में धैया स्थित इमेजिका में धनबाद प्रेस क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों की जांच सुबह 11:00 बजे से की जाएगी।उक्त बातें इमेजिका हेल्थ स्कैन के संचालक एवं निदेशक डॉ, मिहिर कुमार झा ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि रविवार यानी 29 सितंबर, 2024 को विश्व हृदय दिवस है। विश्व हृदय दिवस पर इमेजिका ने पिछले वर्ष भी आयोजन किया था। चूंकि, धनबाद कोयलांचल में हृदयरोरियों की संख्या ज्यादा है। इसी दृष्टिकोण से विश्व हृदय दिवस पर एक मोबाइल वैन को लोगों के बीच लांच किया जा रहा है । जिसका उद्देश्य हृदय रोग संबंधी जाँच, हृदय रोग संबंधी जागरूकता फैलाना एवं हृदय रोग से पीड़ितों का डाटा बेस तैयार करना है।डॉ एम के झा ने बताया कि रविवार को प्रातः 9:00 बजे हार्ट केयर मोबाइल वैन का फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इस मोबाइल वैन में हृदय रोग से संबंधित जांच की सुविधा होगी,जैसे कॉलेस्ट्रॉल,रक्तचाप,मधुमेह,ईसीजी आदि। ये जांच मुफ्त होगी ।

जिसका वित्तीय भार सहयोग ट्रस्ट वहन करेगा। डॉ एम के झा ने बताया कि पहले दिन धनबाद प्रेस क्लब के सदस्यों की जांच मुफ्त होगी। उसके बाद शहर के अन्य संगठनों मसलन धनबाद बार एसोसियेशन, पुलिस संगठन, शिक्षक प्रोफेसर बैंक कर्मी कोयला कर्मी व अन्य सदस्यों की जांच होगी। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि जाँच रिपोर्ट संबंधित व्यक्ति के व्हाट्सअप के जरिए भेज दी जाएगी। जिनकी रिपोर्ट में हृदय रोग संबंधी समस्या का पता चलेगा, उनकी सीटी एंजियोग्राफी इमेजिका हेल्थ स्कैन में सस्ती दर पर करायी जाएगी। उसके बाद हृदय रोग विशेषज्ञ से कंसल्टेशन भी करवाया जाएगा।

प्रेस वार्ता में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सूरज च्यवन, आई एम ए स्टेट प्रेसिडेंट डॉ ए के सिंह, मनोवैज्ञानिक डॉ मनमोहन पाठक,डॉ के एम के सिंह, आयुष पाण्डेय एवं अन्य मौजूद थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ◗ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।